नई दिल्ली

शुक्रवार 20 मार्च 2026

चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 335
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 32
न्यून. 21

## कोयला मंत्रालय ने कोल इंडिया को दिया राज्यों को अधिक मात्रा में कोयला सप्लाई करने का आदेश

# खाड़ी में युद्ध से प्रभावित भारत, वैकल्पिक ईंधन इस्तेमाल के साथ ही करें एलपीजी संरक्षणः सुजाता शर्मा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में दिनों दिन बढ़ती जंग से भारत भी अछूता नहीं है। खासकर एलपीजी सिलेंडरों की खरीद को लेकर देश के कोने-कोने में लग रही लोगों की लंबी लाइन सरकार के लिए चिंता का बड़ा कारण बनी हुई है। लेकिन इन सबके बीच गुरुवार को मामले पर राजधानी में हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मार्केटिंग-तेल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने एक बार फिर से दोहराते हुए कहा देश में फिलहाल पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनी हुई है। तेल रिफाइनरियों अपनी उच्चतम क्षमता के साथ ▸▸ शेष पेज 7 पर

- *सरकार का आश्वासन, देश में पर्याप्त मात्रा में मौजूद है पेट्रोल-डीजल, अफवाहों से बचें लोग।*
- *एलपीजी के लिए 56 लाख की बुकिंग में से 55 लाख सिलेंडरों की डिलीवरी की गई।*
- *केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्रालय ने निर्यातकों के लिए की 497 करोड़ रुपए के विशेष राहत पैकेज की घोषणा।*

**होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व में हैं भारत के दो जहाज, जिनमें सवार हैं 47 नाविक, जल्द भारत पहुंचेंगे**



### होर्मुज के बाहर से आ रहा 70% तेल

उन्होंने बताया कि भारत का 90 फीसदी एलपीजी आयात मध्य-पूर्व से होता है। एलएनजी का करीब 47 फीसदी आयात हम कतर से करते हैं। इलाके में युद्ध से सप्लाई प्रभावित होने पर उसका सीधा प्रभाव हम पर भी पड़ रहा है। इस समस्या का समाधान के लिए हम आयात में विविधता ला रहे हैं। जिसके तहत अभी हमारा 70 फीसदी कच्चा तेल होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर से आ रहा है। इसी तरह से एलपीजी में भी विविधता लाने का प्रयास किया गया है। फिलहाल हमारी कुछ एलपीजी अमेरिका से भी आ रही है। एलएनजी के मामले में कतर के अलावा भी दुनिया में कई बड़े सप्लायर देशों जैसे अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया पर भी हमारी नजर है।

### पहली प्राथमिकता घरेलू उपभोक्ता

सुजाता शर्मा ने कहा, निर्यात से पहले हमारी प्राथमिकता घरेलू मांग की पूर्ति करना ही बना हुआ है। सरकार स्थिति की लगातार समीक्षा कर रही है। एलएनजी कंट्रोल आदेश में संशोधन के जरिए केंद्र ने घरेलू एलपीजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को गैस सप्लाई में प्राथमिकता ▸▸ शेष पेज 7 पर

## कालाबाजारी रोकने को मारे 6 हजार छापे

उन्होंने बताया कि सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए देश में 6 हजार जगहों पर छापे मारे गए हैं। जिसमें मध्य-प्रदेश में 1632 छापे मारे गए और करीब 2 हजार 500 सिलेंडर जब्त किए हैं। उत्तर-प्रदेश में 1100 छापे मारे और 1 हजार सिलेंडर जब्त किए, 17 एफआईआर हुईं और एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है। तेलंगाना में लगभग 1 हजार छापे मारे और 2 हजार 300 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। तेल मार्केटिंग कंपनियों की निगरानी टीमें भी सतर्क हैं और 18 मार्च को उन्होंने 2 हजार रिटेल आउटलेट और एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरों के यहां औचक निरीक्षण किया है। कोयला मंत्रालय ने कोल इंडिया को राज्यों को अधिक मात्रा में कोयले की सप्लाई करने के लिए कहा है। जिससे छोटे और मध्यम उपभोक्ताओं को इसकी सप्लाई की जा सकेगी। कमर्शियल एलपीजी के संबंध में करीब 17 राज्य सरकारों ने आवंटन आदेश जारी किए हैं। कमर्शियल एलपीजी सप्लाई सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को दे दी गई है। इसी तरह अतिरिक्त केरोसीन आवंटन के संबंध में भी लगभग 15 राज्यों- केंद्रशासित प्रदेशों को आदेश दे दिए गए हैं। राज्यों से मिली जानकारी के मुताबिक, लगभग 31 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों (यूटी) में कंट्रोल रूम बना लिए हैं, लगभग 25 राज्यों-यूटी में में जिला स्तरीय समितियां गठित हो गई हैं। जिलाधीशों और फूड एंड सिविल सप्लाई अधिकारी कालाबाजारी रोकने में अहम भूमिका निभाएं। नियमित प्रेस वार्ताओं के माध्यम से सही जानकारी वितरित करें। साथ ही हेल्पलाइन नंबर स्थापित करें। जिससे पैनिक और ▸▸ शेष पेज 7 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**द्वितीय : मां ब्रह्मचारिणी**



या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

### रेलवे स्टाफ को अब 25% अलाउंस बढ़ोतरी को मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के लाखों रनिंग स्टाफ (लोको पायलट और गार्ड) के लिए नवरात्रि एक बड़ी खुशखबरी लेकर आई है। महंगाई भत्ते (डीए) में 50% की बढ़ोतरी लागू होने के बाद, अब रेल मंत्रालय ने न्यूनतम गारंटीकृत किलोमीटर भत्ते (केएमए) में भी 25% की बढ़ोतरी को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।



ये दावा ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने किया है। उन्होंने रेलवे मंत्रालय से मिली इस मंजूरी की पुष्टि करते हुए इसे रेल कर्मचारियों के लंबे संघर्ष और एकजुटता का परिणाम बताया है। इस फैसले से रनिंग स्टाफ की मासिक आय में उल्लेखनीय इजाफा होगा।

### जुबिन मामला : फास्ट-ट्रैक सत्र अदालत की नियुक्ति

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में रोजाना सुनवाई करने के लिए एक विशेष 'फ़ास्ट-ट्रैक' (त्वरित) सत्र अदालत की नियुक्ति की है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।



**बोले जायसवाल, ऐसे हमलों से केवल पहले से अस्थिर बने हुए वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में और अधिक बढ़ोतरी ही देखने को मिलेगी**

# दुनिया के सबसे बड़े गैस केंद्र 'रास लफान' पर हमले को भारत ने बताया अस्वीकार्य

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे बड़े गैस केंद्र के रूप जाने जाने वाले कतर के 'रास लफान औद्योगिक केंद्र' पर ईरान के हालिया हवाई हमले से भारत के माथे पर भी चिंता की लकीरें हैं। क्योंकि देश की लगभग 47 फीसदी एलएनजी की सप्लाई खाड़ी के इसी देश के द्वारा की जाती है। मामला बेहद गंभीर बना हुआ है, इसलिए गुरुवार को इस विषय पर विदेश मंत्रालय की नियमित मीडिया ब्रीफिंग में भी पत्रकारों द्वारा कई प्रश्न पूछे गए। जिनके जवाब में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक अंदाज में कहा कि 'रास लफान' पर हुआ हमला भारत के लिए अस्वीकार्य है और ऐसे हमलों को तुरंत रोके जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली इस तरह के किसी भी कदम को बेहद परेशान करने वाला मानती है। जिससे और कुछ नहीं होगा। बल्कि पहले से ही वैश्विक स्तर पर अस्थिर बने हुए ऊर्जा परिदृश्य में भविष्य में और अधिक बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। उन्होंने ये भी कहा कि एलपीजी के मामले में देश में चिंता बनी हुई है। लेकिन अगर इस संबंध में जरूरी हुआ तो हम रूस से भी इसकी खरीद करेंगे। यहां बता दें कि ईरान का 'रास लफान' पर किया गया ये भीषण हमला इजरायल द्वारा ▸▸ शेष पेज 7 पर

- *एलपीजी की आपूर्ति चिंता का विषय, अगर जरूरी हुआ तो रूस से भी की जाएगी खरीद*
- *भारत युद्ध की शुरुआत में ही कर चुका है संवाद-कूटनीति से शांति स्थापना की अपील*
- *प्रधानमंत्री मोदी की ओमान के सुल्तान, फ्रांस के राष्ट्रपति, जॉर्डन के किंग और मलेशिया के प्रधानमंत्री के साथ हुई बातचीत*



### उर्वरकों की कोई कमी नहीं

रणधीर ने बताया कि खरीफ-2026 के लिए देश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। उर्वरक विभाग ने पहले ही टेंडर जारी कर दिए हैं, जिन्हें लेकर अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। मार्च के अंत तक हमें अलग-अलग तरह के उर्वरक मिलेंगे। लेकिन हमने खरीद को लेकर विविधतापूर्ण सोच ▸▸ शेष पेज 7 पर

### जारी है पीएम की वैश्विक वार्ता कवायद

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 19 मार्च को भी दुनिया भर के देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ पश्चिम-एशिया संकट पर बातचीत का सिलसिला जारी है। जिसके तहत उन्होंने ओमान के सुल्तान, फ्रांस के राष्ट्रपति, जॉर्डन के राजा, मलेशिया के प्रधानमंत्री के साथ टेलीफोन पर संवाद किया है। सुल्तान हैथम बिन तारिक के साथ बातचीत को पीएम ने सार्थक बताते हुए कहा कि मैंने उन्हें ईद की शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही हमने इसे लेकर सहमति ▸▸ शेष पेज 7 पर

### सेफसी विष्णु जहाज के 15 नाविक भारत पहुंचेंगे

मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम.आर.महाजन ने कहा, सेफसी विष्णु जहाज में सवार सभी 15 भारतीय नाविकों ने इराक छोड़ दिया है और वे जल्द भारत पहुंचेंगे। हमारा मिशन उनके संपर्क में बना हुआ है। इस घटना में मारे गए भारतीय के शव को जल्द सौंपे जाने को लेकर हम इराक के संबंधित अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं। खाड़ी के कुछ देशों में हवाई सीमाएं फिलहाल बंद हैं। लेकिन अतिरिक्त उड़ानों की मदद से स्थिति में सुधार का प्रयास जारी है। फरवरी 28 से लेकर अब तक 2 लाख 80000 भारतीय स्वदेश लौटे हैं। गैर-पंजीकृत उड़ानों के जरिए इलाके में विमानन कंपनियां संचालन में लगी हैं। 18 मार्च तक 75 उड़ानें संचालित हुईं और आज 94 यूएई के विभिन्न हवाईअड्डों से भारत के लिए संचालित हो रही हैं। ओमान, सऊदी अरब से भी लगातार उड़ान संचालन जारी है। कतर एयरवेज आंशिक रूप से संचालन में है, गैर-पंजीकृत कमर्शियल फ्लाइट ▸▸ शेष पेज 7 पर

**गैस आपूर्ति बढ़ने से यूरिया उत्पादन में 23 फीसद का बड़ा उछाल**

## निर्भरता कम करने के लिए उर्वरक आयात में विविधता, किसानों को मिलेगी सुरक्षाः रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

- *वैश्विक टेंडर के जरिए पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की तैयारी*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने कहा है कि आगामी खरीफ सीजन 2026 के लिए सरकार के पास उर्वरक के पर्याप्त भण्डार उपलब्ध हैं। सरकार ने विभिन्न रणनीतियों पर काम करना शुरू कर दिया है। घरेलू उत्पादन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी के साथ ही ग्लोबल टेंडर के जरिए उर्वरक की खरीद सुनिश्चित की जा रही है। ताकि वैश्विक राजनीतिक घटनाक्रम से भारतीय किसानों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े।

**वैश्विक टेंडर के जरिए गैस की खरीदः** रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि भारत सरकार ने ईपीएमसी के माध्यम से उर्वरक उत्पादन के लिए प्राकृतिक गैस की खरीद की है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार से स्पॉट खरीद के माध्यम से भारत को 7.31 मिलियन मैट्रिक स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्रति दिन अतिरिक्त गैस मिलने लगी है। इस आपूर्ति से भारत में उर्वरक उत्पादन में 23 फीसद तक की बढ़ोतरी का अनुमान है। अभी तक भारत के यूरिया प्लांट्स ▸▸ शेष पेज 7 पर

### कूटनीतिक प्रयासों का असर

अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बीच सरकार आगे बढ़कर कई प्रभावी फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि "हमारे पास, विशेष रूप से खरीफ 2026 के लिए उर्वरक के पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं। हम पूरी तरह से आश्वस्त हैं। उर्वरक विभाग ने भी समय रहते ग्लोबल टेंडर्स जारी किए, जिस पर अच्छी प्रतिक्रिया आई है। हम उम्मीद करते हैं कि विभिन्न स्रोतों से ज्यादातर ऑर्डर मार्च के अंत तक भारत पहुंच जाएंगे। उर्वरकों के आयात के लिए हम अलग-अलग देशों से लगातार संपर्क में हैं।" सरकार द्वारा लगातार कूटनीतिक बातचीत के माध्यम से उर्वरक की सप्लाई करने वाले देशों के साथ समय पर खरीद और ग्लोबल टेंडर जारी ▸▸ शेष पेज 7 पर

## भारत ने चीन में की विक्रम दोराईस्वामी की राजदूत के रूप में नियुक्ति

*एलएसी विवाद के पूरी तरह से खत्म होने के बाद की गई है यह नियुक्ति*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत ने गुरुवार को वरिष्ठ राजनयिक विक्रम.के.दोराईस्वामी की चीन के राजदूत के रूप में नियुक्ति की है। वह वर्ष 1992 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के एक वरिष्ठ अनुभवी अधिकारी हैं। चीन से पहले विक्रम ब्रिटेन में भारत के राजदूत के रूप में तैनात थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान के माध्यम से बताया कि दोराईस्वामी जल्द ही अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। गौरतलब है कि भारत और चीन के बीच बीते करीब चार वर्ष से अधिक समय तक पूर्वी लद्दाख में वास्तविक ▸▸ शेष पेज 7 पर



### मंत्रालय में निभाई अहम जिम्मेदारियां

उन्होंने 2012 से लेकर 2014 तक विदेश मंत्रालय में भी कई अहम जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। इस अवधि में वह मंत्रालय के अमेरिका प्रभाग में संयुक्त सचिव रहे। अक्टूबर 2014 में उन्हें उज्बेकिस्तान में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया। इसके अगले साल 2015 में उनकी तैनाती कोरिया गणराज्य के राजदूत में की गई। 2018 में दोराईस्वामी वापस विदेश मंत्रालय ▸▸ शेष पेज 7 पर

## सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगाई जा रही पाबंदियों पर बोली कांग्रेस- असहमति को दबा रही है मोदी सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

**फॉलोअप**

कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर जनता के मुद्दे उठाने वाले विभिन्न अकाउंट्स को ब्लॉक करने, उनका कंटेंट हटाने और क्रिएटर्स पर कार्रवाई को अभिव्यक्ति की आजादी पर गंभीर हमला बताया है। उल्लेखनीय है अब विभिन्न मंत्रालयों को सोशल मंडिया कंटेंट की जिम्मेदारी देने की तैयारी है। जिसके तहत अन-सोशल, झूठे, अफवाह फैलाने वाले कंटेंट को ब्लॉक करने को शक्ति विभिन्न मंत्रालयों को दी जाएगी। ये खबर बुधवार को हरिभूमि ने अपने सुधि पाठकों तक पहुंचाई थी।



- *सुप्रिया श्रीनेत ने अकाउंट्स ब्लॉक करने और कंटेंट हटाने को अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बताया*

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि सोशल ▸▸ शेष पेज 7 पर




**सदन में भाजपा विधायकों ने लगाए जय श्री राम के नारे**

## विधेयक पेश होते ही विपक्ष ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई

# धर्म स्वातंत्र्य विधेयक पास, धर्मांतरण पर 25 लाख तक जुर्माना और उम्रकैद भी

**विपक्ष ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास खबर**

विधेयक सदन में पेश करने पर विपक्ष ने इसकी प्रक्रिया और प्रावधानों पर सवाल उठाते हुए विरोध दर्ज कराया और सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। विपक्ष की अनुपस्थिति में ही सदन में विधेयक पर चर्चा कर पारित कर दिया गया।

विधेयक के सदन में पेश होते ही विपक्ष ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। विपक्षी दलों का तर्क था कि इस विधेयक की बारीकियों और इसके संभावित प्रभावों की ▸▸ शेष पेज 7 पर



### साय बोले- कानून बनने से प्रलोभन, दबाव और छल से धर्मांतरण पर अब पूरी तरह रोक



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 के पारित होने को प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि यह कानून आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए एक निर्णायक कदम है। श्री साय ने कहा कि लंबे समय से अशिक्षा, गरीबी और ▸▸ शेष पेज 7 पर

**गृहमंत्री बोले**

### विधेयक कानूनी प्रक्रिया के तहत लाया गया

विपक्ष के आरोपों पर जवाब देते हुए डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने स्पष्ट कहा, सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय पर कोई स्टे नहीं दिया है।



नए कानून बनाने पर भी कोई रोक नहीं है। उन्होंने कहा, सदन में चर्चा के दौरान सभी पक्षों को अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। विधेयक पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया के तहत लाया गया है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, 1968 में ▸▸ शेष पेज 7 पर

# पालम अग्निकांड : शांति सभा में आप-भाजपा नेताओं में तीखी नोंकझोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पालम इलाके में बुधवार को हुए भीषण अग्निकांड में नौ लोगों की मौत के बाद रामचौक मार्केट इलाके के स्थानीय निवासियों ने गुरुवार को शोक संवेदना और शांति सभा का आयोजन किया। यह सभा पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जाहिर करने ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। लेकिन सभा जल्द ही राजनीतिक विवाद में बदल गई। आप के पूर्व विधायक सौरभ भारद्वाज और भाजपा विधायक कुलदीप सोलंकी के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई।

आखिर में पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा। मामला बढ़ने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे।

शोक सभा में रामचौक बाजार के आसपास रहने वाले लोगों ने इमारतों में सुरक्षा मानकों की सख्ती बरते जाने का मुद्दा भी उठाया। मांग की गई कि फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच हो और अग्निशमन विभाग की इलाके में पहुंच आसान बनाई जाए। हालांकि, जैसे ही आप नेता सौरभ भारद्वाज ने सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया जवाब में कुलदीप सोलंकी ने इसे राजनीतिकरण करार देते हुये कहा कि दुख की घड़ी में राजनीतिक बयानबाजी उचित नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि आप नेता हादसे को राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि राहत कार्यों में सहयोग की जरूरत है। दोनों नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। स्थानीय लोगों ने दोनों नेताओं से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन नोकझोंक इतनी बढ़ गई कि स्थिति संभालने के लिए मौके पर पुलिस को बुलाना पड़ा।

## पूरी दिल्ली का किया जाए फायर सेफ्टी ऑडिट : सूद

नई दिल्ली। पालम आग हादसे को देखते हुए दिल्ली के लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार को पूरी दिल्ली में फायर सेफ्टी ऑडिट कराने का निर्देश दिया है। इस पहल के तहत अब केवल कार्मशियल एरिया ही नहीं बल्कि बल्कि रिहायशी एरिया में चल रहे सभी प्रतिष्ठान भी सख्त फायर सेफ्टी नियमों के दायरे में आएंगे। मंत्री ने स्पष्ट कहा है कि अब दिल्ली में सुरक्षा से जुड़ा कोई भी ब्लाइंड स्पॉट नहीं रहेगा। इस काम को तेजी और पारदर्शिता के साथ पूरा करने के लिए थर्ड पार्टी एक्सपर्ट को लगाया जाएगा, जो पूरे शहर में प्रतिष्ठानों की जांच और सुरक्षा ऑडिट करेंगे। अशीष सूद ने कहा कि हर वर्कर और हर परिवार को यह भरोसा होना चाहिए कि वे जहां भी हों, वहां उनकी सुरक्षा सुनिश्चित है। दिल्ली में अब ब्लाइंड स्पॉट का दौर खत्म हो रहा है। रिहायशी एरिया तक सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाकर और स्वतंत्र विशेषज्ञ को शामिल करके हम एक सुरक्षित और मजबूत दिल्ली बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। हम दुर्घटनाओं के होने का इंतजार नहीं कर रहे, हम उन्हें पहले ही रोकने के लिए कदम उठा रहे हैं।

### एक दूसरे को बचाने की कोशिश में गई कई जानें

पालम की बहुमंजिला इमारत में बुधवार को लगी भीषण आग में एक ही परिवार के नौ लोगों की जान एक दूसरे को बचाने की कोशिश में गई। इमारत में एक दुकान की कर्मचारी महिला ने कहा कि आग लगने के दौरान घर के पुरुष बच्चों और परिवार की महिलाओं को बचाने की कोशिश में जुटे थे। लेकिन घर में धुआं इतना भर गया था कि निकलने का रास्ता हीं नहीं मिल रहा था। महिला के एक अन्य सहकर्मी ने कहा कि परिवार एक इकाई की तरह चलता था और आग तथा धुएं के बीच वे एक-दूसरे की मदद करने में जुटे रहे। घटना के समय राजेंद्र के बेटे अनिल (32) ने अपनी डेढ़ साल की बेटी को तीसरी मंजिल से दूसरी मंजिल पर उतारने की कोशिश की, जहां सीढ़ी रखी गई थी। बच्ची गिर गई और उसे बचाने के लिए अनिल भी कूद गए। दोनों घायल हैं और उपचाराधीन हैं। सचिन (29) परिवार का एक अन्य सदस्य है। वह पास की इमारत पर कूदकर जान बचाने की कोशिश में 25 प्रतिशत जल गया। वह अब अस्पताल में हैं।

### घर के मुखिया ने व्यवस्था को ठहराया नौ मौतों का जिम्मेदार

परिवार के नौ लोगों की जान जाने के एक दिन बाद गुरुवार को घर के मुखिया राजेंद्र कश्यप गुरुवार को अपने जले हुए घर में वापस लौटे और आरोप लगाया कि व्यवस्था की लापरवाही ने उससे वह सब कुछ छीन लिया जो उसे प्रिय था। वह मौजूदा जांच के हिस्से के तहत पुलिस और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम के साथ राम चौक बाजार के पास स्थित बुरी तरह क्षतिग्रस्त इमारत में दाखिल हुए। घर से बाहर निकलते ही वह गहरे दुख से भाव-विह्वल हो गए और फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने अधिकारियों को दोषी ठहराते हुए कहा कि यह व्यवस्था की विफलता है। अगर समय पर कार्रवाई हुई होती तो मेरा परिवार आज जीवित होता।

### हाईड्रोलिक क्रेन खराब ना होती तो बच जाती कई जानें

आग की इस भीषण घटना के चश्मदीदों ने पहले बचाव कार्यों में देरी का आरोप लगाया और दावा किया था कि घटनास्थल पर पहुंची पहली हाइड्रोलिक क्रेन खराब हो गई थी और दूसरी क्रेन को पहुंचने में लगभग एक घंटा लग गया, जिससे महत्वपूर्ण समय बर्बाद हो गया। लोग आपातकालीन सेवाओं की प्रभावशीलता को लेकर सवाल उठा रहे हैं। कुछ लोगों ने शॉर्ट सर्किट का संदेह व्यक्त किया और भूतल पर सीढ़ियों के पास स्थित एक विद्युत बोर्ड को आग लगने का संभावित कारण मान रहे हैं। हालांकि आग लगने का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

एक पड़ोसी का कहना था कि अगर मदद समय पर पहुंच जाती, तो हालात अलग हो सकते थे। एक अन्य स्थानीय निवासी ने आरोप लगाया कि त्वरित कार्रवाई से कम से कम चार से पांच जानें बचाई जा सकती थी।

इमारत अब काली पड़ चुकी है और अंदर से खोखली हो चुकी है, उसका आंतरिक भाग पूरी तरह से नष्ट हो चुका है।

### यादव ने एलजी को लिखा पत्र, जांच के लिए कमेटी की मांग

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने उपराज्यपाल तरनजीत सिंह सिंधू को पत्र लिखकर पालम अग्निकांड में 9 लोगों की दर्दनाक मौत की जांच के लिए कमेटी गाठित करन की मांग रखी है। यह कमेटी पालम अग्निकांड की जांच के अलावा दिल्ली में झुग्गी झोपड़यिों व अन्य स्थानों पर आग से बचाव के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय होने चाहिए इस पर भी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करे। जिससे की दिल्ली में आग की घटनाओं को रोका जा सके और कमेटी के सुझाव और उपायों को राजधानी में लागू किया जा सके। यादव ने लिखा कि 18 मार्च को पालम की 5 मंजिला इमारत में भीषण आग में 9 लोगों की दिल दहला देने वाली घटना से दिल्ली स्तब्ध है

## होली पर रंग गिरने के विवाद में हुई थी युवक की हत्या

# उत्तम नगर तनाव के बीच ईद से पहले छावनी में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



द्वारका जिले में उत्तम नगर समेत कई इलाकों में ईद उल फितर से पहले सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। खासतौर पर उत्तम नगर का वह एरिया जहां होली के दिन रंग गिरने के विवाद में तरुण नामक युवक की हत्या के बाद तनाव पैदा हो गया था को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पूरे जिले में 100 से अधिक जगहों पर जांच चौकी बनाई है, जबकि सुरक्षाकर्मी छतों से भी निगरानी कर रहे हैं।

उत्तम नगर में चार मार्च को तरुण नामक युवक की हत्या के बाद से सांप्रदायिक तनाव व्याप्त है। मामले में कोर्ट ने भी पुलिस व प्रशासन को ईद के दौरान शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए व्यापक योजना तैयार करने का आदेश दिया है। इसके चलते अधिकारी पर्याप्त सुरक्षा बंदोबस्त में जुटे हुये हैं और कानून-व्यवस्था कायम रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पुलिस ने कहा कि संवेदनशील इलाकों, विशेषकर हस्तसाल गांव और उसके आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जहां हत्या हुई थी। पूरे त्योहार के दौरान यह सुरक्षा व्यवस्था जारी रहेगी। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों के जवानों को किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रमुख स्थानों पर तैनात किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार मस्जिदों, ईदगाहों और अन्य धार्मिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने की उम्मीद है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित तौर पर पैदल और वाहनों से गश्त की जा रही है। जमीनी और डिजिटल दोनों तरीकों से निगरानी बढ़ा दी गई है। भड़काऊ या उकसाने वाली पोस्ट पर कार्रवाई के लिए सोशल मीडिया मंचों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और ऐसी कई पोस्ट की पहचान करके उन्हें हटाया जा चुका है। मिश्रित आबादी वाले इलाकों को संवेदनशील क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है और उन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जांच चौकियां लगाने के अलावा कुछ इलाकों में छतों पर भी जवान तैनात किए गए हैं ताकि कड़ी निगरानी रखी जा सके और किसी भी स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। विश्वास बहाली के उपायों के तहत संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किए गए हैं और निवासियों को आश्वस्त करने के लिए ईद के दौरान कई बार फ्लैग मार्च किया जाएगा। तरुण हत्याकांड में पुलिस अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि दो नाबालिग भी पकड़े गये हैं।

■ प्रशासन ने आरोपियों के घर पर चलाया था हथौड़ा

# सीढ़ियों पर कूड़ा फेंकने के विवाद में दो को चाकू मारे, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नॉर्थ वेस्ट जिले के मॉडल टाउन थाना इलाके में सीढ़यिों पर कूड़ा फेंकने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने अपने पड़ोसी दो भाईयों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में घायल भाईयों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने सुमित को मृत घोषित कर दिया। घायल अमित का इलाज चल रहा है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर सूरज (18) नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार बुधवार रात करीब 11:08 बजे मॉडल टाउन पुलिस को ए-365, राजपुरा, गुड़मंडी में झगड़े के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस को सुमित और उसका भाई अमित के घायल होने के बारे में पता चला। सुमित के शरीर पर चाकू के कई निशान थे। उसे हिंदू राव अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बाद में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या व हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में पता चला कि सुमित और उसके पड़ोसी सूरज के बीच इमारत की सीढ़ियों पर कूड़ा फेंकने को लेकर झगड़ा हुआ था। कहासुनी के दौरान आरोपी सूरज अपने कमरे से एक चाकू लेकर आया और सुमित की पीठ पर कई बार वार किए। हमले के दौरान अमित अपने भाई को बचाने आया तो आरोपी ने उस पर भी हमला किया गया। सुमित, ए-365 राजपुरा, गुड़मंडी में परिवार के साथ रहता था। परिवार में मां, पिता, भाई, बहन और अन्य सदस्य हैं। युवक मार्केटिंग का काम करता था और अमित पेशे से ड्राइवर है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यॉत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:– **निविदा सं. एवं कार्य का विवरण:**– EL-MWS-GKP-2025-26-28 मेंटेनेन्स, स्ट्रीपिंग एण्ड रि–फीटिंग आफ इलेक्ट्रिकल आईटम्स आफ नान–ए०सी० एल०एच०बी० कोचेज ऐट को०वा० शाप फार 02 इयर्स इन मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर, **अनुमानित लागत:**– Rs. 4,36,46,372.64/–, **बयाने की राशि:**– Rs. 3,68,200/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:**– शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से–24 महीना।, • आनलाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 10.04.2026 समय 11:00 बजे तक, • पूर्ण विवरण एवँ निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार.),
मुजाधि/विद्युत–309 गोरखपुर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr. P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **गुड्डु**, पुत्रः श्री फकरू, पताः मकान न. बी–741, मंगोलपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 718/2019, U/s: 33 Excise Act, 12/9/55 Gambling Act,** थानाः राज पार्क, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **गुड्डु**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **गुड्डु**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 718/2019, U/s: 33 Excise Act, 12/9/55 Gambling Act,** थानाः राज पार्क, **दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त, **गुड्डु**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री ईब्बनी अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
जिला उत्तर पश्चिम, कमरा न. 107, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/3534/OD/2026
(Court Matter)

# फुड स्टॉल में तोड़फोड़ के बाद हवा में चलाई गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुल्तानपुरी इलाके में बुधवार देर रात एक मोमोज के स्टॉल में तोड़फोड़ करने के बाद लोगों के एक समूह ने हवा में गोलियां चलाई। गोलीबारी का कारण दो समूहों के बीच जारी पुरानी रंजिश बताई गई हैं। पुलिस ने मामले को लेकर एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुनिस के अनुसार बुधवार रात करीब 10.44 बजे सुल्तानपुरी पुलिस थाने को गोलीबारी के संबंध में पीसीआर कॉल मिली। पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां मोमोज का स्टॉल चलाने वाला व्यक्ति मिला। सुल्तानपुरी निवासी इरफान (29) ने पुलिस को बताया कि वह अपने स्टॉल पर था कि अचानक कुछ लोग आए और खाने-पीने की चीजें तथा मोमोज फेंकने लगे और हंगामा करने लगे। उनमें से एक ने हवा में गोली चलाई और फिर सभी मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस को एक खाली कारतूस भी घटनास्थल पर मिला। इससे घटना में हथियार के इस्तेमाल की पुष्टि हुई। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गोलीबारी दो समूहों के बीच लंबे समय से चली आ रही व्यक्तिगत दुश्मनी की वजह से हुई हो सकती है, जो हाल ही में सोशल मीडिया पर हुई झड़पों के माध्यम से और बढ़ गई थी। शिकायतकर्ता और आरोपी एक दूसरे को जानते हैं तथा उनके बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। आरोपियों की पहचान स्थापित हो चुकी है। सुल्तानपुरी पुलिस थाने में गुरुवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं।



■ सुल्तानपुरी थाने में वारदात को लेकर एफआईआर दर्ज

### गुरुद्वारा कमेटी अपने पब्लिक स्कूलों के स्टाफ को दिलाएगा उनका हक का पैसा: कालका

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा है कि गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूलों के स्टाफ का एक-एक रुपया दिया जाएगा। इसके लिए हमने जो एमओयू साइन किया है, उसके अनुसार सभी स्टाफ को उनके हक का एक एक पैसा दिया जाएगा। गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि हमने गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूलों के पूरे स्टाफ को भरोसा दिलाया कि इस पूरे मामले को हल करने के लिए गंभीरता से प्रयासरत हैं। इस मामले से जुड़े 962 में से 919 स्टाफ सदस्यों ने हस्ताक्षर करके साबित कर दिया है कि वह हर हाल में हमारे साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली कमेटी द्वारा किए गए प्रयासों के चलते 7 वें वेतन आयोग के अनुसार 38 प्रतिशत वेतन स्टाफ के खातों में पहुंच भी चुका है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने की जिम्मेदारी कमेटी की है, जिसके लिए हम पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं। कमेटी हर हाल में संगत के सहयोग से न केवल गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूलों को सफल बनाएंगे बल्कि गुरुद्वारा प्रबंधन तथा स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्रों में भी सफलता के साथ काम करेंगे। चाहे विरोधी कितना भी दुष्प्रचार करें, हमारा काम केवल अच्छा प्रबंधन देना है और हम उसी दिशा में काम कर रहे हैं।

### फ्लेक्स/विनाइल/पीवीसी पर डिजिटल प्रिंटिंग अब ग्रीन कैटेगरी में : सिरसा

**नई दिल्ली।** ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार ने फ्लेक्स/विनाइल/पीवीसी पर डिजिटल प्रिंटिंग अब ग्रीन कैटेगरी में शामिल किया है। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार फ्लेक्स/विनाइल/पीवीसी पर डिजिटल प्रिंटिंग को ग्रीन कैटेगरी में शामिल किया। इस फैसले से लघु उद्योगों की प्रगति को एक नई रफ्तार मिलेगी। सिरसा ने कहा कि पिछले साल हमने ग्रीन कैटेगरी इंडस्ट्री के लिए सीटीओ टाइमलाइन कम की थी। अब यह नया कदम ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस को और मजबूत करेगा। दिल्ली के प्रिंटिंग सेक्टर के जुड़े लाखों उद्यमियों के लिए यह बहुत फायदेमंद है। सीपीसीबी के दिशा निर्देशों के अनुसार दिल्ली सरकार उद्योगों को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दे रही है, साथ ही प्रदूषण के खिलाफ अपनी लड़ाई को मजबूत कर रही है। मैं इस सुधार के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का धन्यवाद करता हूं। मंत्री सिरसा ने कहा कि इसके साथ 125 से ज्यादा सेक्टर जैसे अपैरल, एल्यूमीनियम प्रोडक्ट्स, आयुर्वेदिक यूनिट्स, फर्नीचर, पैकेजिंग, ऑप्टिकल गुड्स, टॉयज और कोल्ड स्टोरेज पहले से ही इसमें शामिल हैं। इन सेक्टरों में ज्यादातर एमएसएमई हैं, जिन्हें इन सुधारों से सीधा फायदा मिलेगा। मंत्री सिरसा ने कहा कि ग्रीन कैटेगरी इंडस्ट्री को अब सीटीओ की मंजूरी तेजी से मिलेगी। पिछले साल 120 दिन की समय सीमा को घटाकर 20 दिन किया गया था। अब अगर तय समय में फैसला नहीं आता, तो मंजूरी अपने आप मिल जाएगी, जिससे अतिरिक्त कागजी प्रक्रिया खत्म होगी। मंत्री सिरसा ने कहा कि हमारा लक्ष्य पुराने लाइसेंस राज की देरी को खत्म करना और छोटे बिजनेस के लिए भरोसे पर आधारित सिस्टम बनाना है।

### व्यापार एवं कर भवन में आग लगी

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के आईटीओ स्थित व्यापार एवं कर भवन में बृहस्पतिवार सुबह आग लग गई, जिसके बाद छह दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने जानकारी दी और बताया कि आग में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है।

पुलिस ने बताया कि आग लगने की सूचना सुबह 8:36 बजे मिली, जिसके बाद छह दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग पर सुबह नौ बजकर 10 मिनट तक काबू पा लिया गया। शुरुआती जांच से पता चलता है कि आग इमारत की 12वीं मंजिल पर लगी, जहां 'सेल्स टैक्स' कार्यालय स्थित है।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कृष्णा उर्फ अजय, पुत्रः** तेजपाल, **निवासीः** खानाबदोश, हनुमान मंदिर की पटरी पर, यमुना बाजार, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 289/2020 U/s 392/411/34 IPC, थानाः कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कृष्णा उर्फ अजय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कृष्णा उर्फ अजय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 289/2020 U/s 392/411/34 IPC, थानाः कोतवाली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कृष्णा उर्फ अजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री सायशा चड्ढा
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–08 (केंद्रीय)
कमरा नं. 272, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/3429/N/2026
(Court Matter)

# टाटा पावर ने सहयोगियों के साथ मिल की गर्मियों की तैयारियों की समीक्षा, निर्बाध आपूर्ति पर जोर

**नई दिल्ली।** टाटा पावर डीडीएल ने आने वाली गर्मियों के दौरान बिजली की निर्बाध आपूर्ति के मद्देनजर विद्युत उत्पादकों एवं व्यावसायिक सहयोगियों के साथ मिलकर अपनी तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में टाटा पावर-डीडीएल के सीईओ द्विजदास बसाक, यूटिलिटी के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न उत्पादक कंपनियों के प्रतिनिधि, मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) तथा सहयोगी संगठन ने हिस्सा लिया। प्रवक्ता के अनुसार टाटा पावर ने बताया कि 2026 में इस गर्मी के मौसम में पीक लोड लगभग 2622 मेगावाट पहुंचने का अनुमान लगाया है। जबकि 2025 में यह आंकड़ा 2410 मैगावाट दर्ज किया गया था। ऐसे में कंपनी ने अनुमानित पावर डिमांड को पूरा करने के लिए, यूटिलिटी ने 2900 मैगावाट तक पर्याप्त बिजली उपलब्धता का इंतजाम किया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए, टाटा पावर-डीडील ने बिजली सप्लाई करने वाले बिजली उत्पादकों के अलावा प्रमुख सामग्री सप्लायर्स तथा सेवा प्रदाताओं समेत प्रमुख हितधारकों के साथ बातचीत शुरू कर दी है। प्रवक्ता ने कहा कि अपने जेनरेशन एवं बिजनेस पार्टनर्स के साथ नजदीकी तालमेल के जरिए, हम अपनी तैयारियों को मजबूत बना रहे हैं ताकि आगामी गर्मियों के महीनों में उपभोक्ताओं के लिए भरोसेमंद एवं बेरोकटोक पावर सप्लाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक के दौरान कंपनी ने आगामी समर सीज़न में अपने वितरण क्षेत्र में अबाधित बिजली सप्लाई बरकरार रखने के लिए डिमांड मैनेजमेंट रणनीतियों के अलावा प्लानिंग और अन्य तैयारियों पर खासतौर से चर्चा की। इसमें प्लानिंग, रियल-टाइम समन्वय के उपायों, और हाइ डिमांड की अवधि के दौरान सिस्टम की मजबूती जैसे पहलुओं पर बातचीत की गई।

हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हांसी | 3 अदद रोड की विशेष मरम्मत (I) कि.मी. 2.40 से 2.49 में आईपीबी और कि.मी. 0.00 से 2.40 में मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा देपाल भंडेरी रोड से मामनपुरा रोड तक (रोड आईडी 5296) (II) कि.मी. 0.284 से 1.15 में सीसीबी पुनः बिछाना और कि.मी. 0.00 से 0.284 में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक के प्रावधान द्वारा गांव उमरा में देवी मंदिर से रातेरा रोड तक (रोड आईडी 5295) (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) (III) हांसी जिले में कि.मी. 0.00 से 0.45 में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक के प्रावधान द्वारा डीएचएस (एनएच-10) रोड से ढाणी पीरवाली तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 5269) (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) (जीएसटी के बिना)। | 18.03.2026 27.03.2026 | 186.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8053857200 udayvir.jhajhria@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज करनाल | भादसों – गांव भादसों ब्लॉक इन्द्री जिला करनाल में सामुदायिक हॉल का निर्माण, स्कीम जीपी फंड + 1 कार्य। | 18.03.2026 27.03.2026 | 138.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 3 | सिविल सर्जन सिरसा | औषधि, कंज्यूमेबल, लैब मदें, डेंटल मदें और उपकरणों की ई-निविदा 20260-27. जिला सिरसा। | 25.03.2026 15.04.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9992129681 cposirsa@gmail.com |
| 4 | जिला परिषद फतेहाबाद | जैडपी जिला परिषद फतेहाबाद के अधिसूचित क्षेत्रों में पड़ने वाले विभिन्न रोड की वार्षिक मरम्मत (वर्ष 2026-2027) (ग्रुप-के) + 18 कार्य। | 18.03.2026 24.03.2026 | 279.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416071464 zpftb@hry.nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | सेवाओं की अधिप्राप्ति हेतु नये दर अनुबंध की व्यवस्था (अवधि 02 वर्ष) :- राज्य के उत्तरी जोन के लिए एडवांस लाइफ सपोर्ट - एम्बुलैंसों को किराये पर लेना। | 20.03.2026 20.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | सेवाओं की अधिप्राप्ति हेतु नये दर अनुबंध की व्यवस्था (अवधि 02 वर्ष) :- राज्य के दक्षिणी जोन के लिए एडवांस लाइफ सपोर्ट - एम्बुलैंसों को किराये पर लेना। | 20.03.2026 20.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/140/44019/I/88/7 दि. 19.03.26

वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE
सत्यमेव जयते
INCOME TAX DEPARTMENT

# सरल कर व्यवस्था
के माध्यम से
# विकसित भारत
की ओर

## आयकर अधिनियम, 2025
01 अप्रैल, 2026 से लागू



"इस समय देश का लक्ष्य है-
विकसित भारत, सशक्त भारत!
हमें तब तक नहीं रुकना है, जब तक
विकसित भारत का यह सपना पूरा न हो जाए।"

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

# प्रारंभ 2026

आयकर अधिनियम 2025 पर
राष्ट्रस्तरीय जागरूकता अभियान का शुभारंभ

## उद्घाटन

## श्रीमती निर्मला सीतारामन
माननीया केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री

**20 मार्च 2026 | विज्ञान भवन, नई दिल्ली**

### हितधारक

| आयकर विभाग | औद्योगिक संस्थान /व्यापार संघ/ICAI/ICMAI/ तकनीकी विशेषज्ञ | करदाता |
|---|---|---|

### अभियान के मुख्य बिंदु

**जन-संपर्क**
अप्रैल–जून, 2026 के मध्य देश भर में 320 से अधिक जन-संपर्क सत्र।

**शैक्षणिक सामग्री**
नए अधिनियम, नियम और फॉर्मों पर शैक्षणिक सामग्री। इसमें मार्गदर्शन के लिए समावेशी प्रकृति के notes, Brochures और tutorials शामिल हैं।

**विषय आधारित सत्र**
जन-संपर्क के सत्रों और सोशल मीडिया हैंडल्स पर विशेषज्ञों के नेतृत्व में नियमित चर्चा।

**जन-सहभागिता**
My Gov पोर्टल पर आयकर अधिनियम 2025 पर आधारित देशव्यापी प्रश्नोत्तरी (Quiz) प्रतियोगिता और विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार।

CBC 15401/13/0016/2526

'Income Tax Website, 2.0' का विशेष लॉन्च

LIVE
YouTube चैनल पर प्रसारण

INCOME TAX DEPARTMENT
**आयकर विभाग**
**केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड**

अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.incometaxindia.gov.in पर जाएं

@IncomeTaxIndia @IncomeTaxIndia.Official @IncomeTaxIndiaOfficial @Income Tax India @Income Tax India Official

## खबर संक्षेप

### झपटमारी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने झपटमारी के एक मामले में आरोपी जय कुमार निवासी गांव मादलपुर फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-23 वासी एक महिला ने पुलिस चौकी टाउन नंबर-2 में दी अपनी शिकायत में बताया कि 19 फरवरी को वह अपनी बेटी के साथ एनआईटी-1 के मार्केट में गई थी जहां एक बाईक सवार उसका पर्स छीनकर फरार हो गया।

### निवेश के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** 18 मार्च को साइबर थाना एनआईटी की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि कुमार निवासी गांव किराए रामपुर उत्तर प्रदेश हाल साई विहार रामपुर उत्तर प्रदेशद्ध के रूप में हुई है। ग्रीन फील्ड कॉलोनी, फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर शिकायत में बताया कि 17 अगस्त 2025 को फेसबुक चलाते समय उसे स्टॉक मार्केट से संबंधित एक मास्टर क्लास का विज्ञापन दिखाई दिया।

### अपराध शाखा की टीम ने वाहन चोर को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा वाहन चोरी करने वाले मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाना छांयसा दर्ज एक वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने सन्नी व अभिषेक निवासी गांव सोतई फरीदाबाद को सेक्टर.87 एरिया से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार देवेन्द्र निवासी गांव मौजपुर ने थाना छांयसा में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसने अपनी मोटरसाइकिल 28 जुलाई 2025 को गांव अटाली में मैकेनिक के पास खडी की थी।

## सर्वश्रेष्ठ परामर्श की श्रेणियों में नामांकित किया गया, पैनल पर भी हुई चर्चा

# शासन की परामर्शी संस्कृति को आगे बढ़ाने वाले संस्थानों पर प्रकाश डालता है सीआईपीसीए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

नीति निर्धारण में सार्वजनिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए काम करने वाली सिविक-टेक गैर-लाभकारी संस्था सिविस ने नई दिल्ली में सिविस पब्लिक कंसल्टेशन अवाड्र्स (सीआईपीसीए) 2026 के तीसरे संस्करण की मेजबानी की।

इस वर्ष, पुरस्कारों में वित्त वर्ष 2024-25 में आयोजित 390 सार्वजनिक परामर्शों का मूल्यांकन किया गया। इनमें से 45 परामर्शों का चुनाव किया गया और 18 परामर्शों को मंत्रालय, राज्य सरकार और वैधानिक निकाय के लिए सर्वश्रेष्ठ परामर्श की श्रेणियों में नामांकित किया गया। एआई




गवर्नेंस दिशानिर्देश विकास पर रिपोर्ट के परामर्श के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) को सर्वश्रेष्ठ परामर्श - मंत्रालय का पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ परामर्श - वैधानिक निकाय का पुरस्कार ग्राउंड-आधारित प्रसारण के लिए नियामक ढांचे पर परामर्श के लिए भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) को दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) को उसकी 66 प्रतिशत नियामक गतिविधि में परामर्श को एकीकृत करने के लिए विशेष उल्लेख -परामर्श की मात्रा प्रदान की गई। इस अवसर पर सिविस के संस्थापक और सीईओ अंतरा वासुदेव ने कहा कि सीआईपीसीए न केवल अच्छे अभ्यास का जश्न मनाने के बारे में है, बल्कि संस्कृति, क्षमता और मानदंडों के निर्माण में मदद करने के बारे में है जो सार्वजनिक परामर्श को अधिक समावेशी, सुलभ और विश्वसनीय बनाते हैं। समय के साथ, यही परामर्श को नीति निर्माण का अधिक अंतर्निहित और अपेक्षित हिस्सा बनने में मदद करेगा। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन ने एक विशेष वीडियो संबोधन में कहा कि सार्वजनिक परामर्श सिर्फ एक लोकतांत्रिक आदर्श नहीं है, यह दक्षता में एक निवेश भी है। जबकि कार्यक्रम में प्रमुख, पीएफआरडीए के अध्यक्ष, शिवसुब्रमण्यम रमन ने कहा कि परामर्श को समझा जाना चाहिए। आज की दुनिया में, सुशासन को न केवल इस बात से परिभाषित किया जाता है कि नीतियां कितनी अच्छी तरह तैयार की जाती हैं, बल्कि सार्वजनिक भागीदारी के माध्यम से उन्हें कितने सार्थक रूप से आकार दिया जाता है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन और 2025 से सीआईपीसीए जूरी के सदस्य अर्थशास्त्री डॉ. अजय शाह के बीच पैनल चर्चा भी हुई।

बाद में पैनल चर्चा में वंदना गुरनानी, सचिव, श्रम और रोजगार मंत्रालय, डॉ. के.पी. कृष्णन, पूर्व सचिव, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, डॉ. एम.एस साहू, पूर्व अध्यक्ष, भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड, और 2026 पुरस्कारों के लिए ट्रस्टब्रिज रूल ऑफ लॉ फाउंडेशन और एमिकस की प्रबंध निदेशक डॉ. रेणुका साने द्वारा संचालित किया गया।

## मंत्री गोयल ने नपा के सभी आयुक्तों को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए

# अवैध मांस दुकानों पर सख्ती, बिना लाइसेंस संचालन बिल्कुल बर्दाश्त नहीं: कैबिनेट मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



हरियाणा सरकार में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मंत्री विपुल गोयल ने राज्य भर में बिना लाइसेंस संचालित हो रही मांस की दुकानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। विशेष रूप से सभी नगर निगमों और नगर पालिकाओं के आयुक्तों को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि नियमों के विरुद्ध चल रही दुकानों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि सरकार के संज्ञान में यह बात आई है कि कई स्थानों पर मांस की दुकानें बिना आवश्यक लाइसेंस के संचालित हो रही हैं। इसके अतिरिक्त कुछ दुकानों का संचालन धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों के आसपास भी किया जा रहा है, जिससे स्वच्छता संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं और आम जनता को असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे अवसरों पर ऐसी गतिविधियों को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा नगर पालिका (मांस विक्रय का विनियमन) उपनियम, 1976 के अनुसार नगरपालिका क्षेत्र में मांस का विक्रय करने के लिए संबंधित प्राधिकरण से विधिवत लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। साथ ही मांस की बिक्री केवल उन्हीं परिसरों में किया जा सकता है जिन्हें नगर निकाय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप लाइसेंस प्रदान किया गया हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में अवैध एवं बिना लाइसेंस संचालित दुकानों की पहचान कर उन्हें तुरंत बंद कराया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य संवेदनशील सार्वजनिक स्थानों के निकट किसी भी प्रकार की मांस बिक्री की अनुमति न दी जाए। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों की धार्मिक भावनाओं, स्वास्थ्य और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इसलिए सभी नगर निकाय यह सुनिश्चित करें कि मांस विक्रय से संबंधित सभी गतिविधियां निर्धारित नियमों और स्वच्छता मानकों के अनुरूप ही संचालित हों। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि इन निर्देशों के पालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी। मंत्री श्री गोयल ने सभी नगर निगमों और नगर पालिकाओं को निर्देश दिया है कि इस संबंध में की गई कार्रवाई की विस्तृत एक्शन टेकन रिपोर्ट 7 दिनों के भीतर विभाग को भेजी जाए, ताकि राज्य स्तर पर इसकी समीक्षा कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## ननि फरीदाबाद की प्री बजट की पहली बैठक संपन्न

# पार्षदों ने दिए सुझाव, जल्द बुलाई जाएगी दूसरी बैठकः प्रवीण बत्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद के आगामी बजट 2026-27 को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महापौर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री धीरेंद्र खड़गटा सहित पार्षदगण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी बजट की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं और विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। सुझावों में मुख्य रूप से सडक़, सफाई व्यवस्था, जल निकासी, पेयजल आपूर्ति एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। महापौर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने सभी पार्षदों के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट तैयार करते समय जनहित को सर्वोपरि रखा जाए तथा शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जाएं। इस बार का बजट लगभग 2250 करोड़ का रहने वाला है और यदि जरूरत पड़ेगी तो इसे और भी बढ़ाया जा सकता है। ननि आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने भी आश्वासन दिया कि प्राप्त सुझावों का उचित परीक्षण कर उन्हें बजट में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा, फरीदाबाद शहर का संतुलित और समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि जल्द ही दूसरी बैठक बुलाई जाएगी निगम सदन से ऐसे प्रस्ताव को पारित करवाने के बाद उसे मंजूरी के लिए हरियाणा सरकार को भेजा जाएगा।

## चाय बनाने से मना करने पर किया था मर्डर

# पत्नी की हत्या करने वाले पति को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

चाय न बनाने की बात पर गुस्सा होकर पानी गर्म करने वाली रॉड की तार से गला कसकर पत्नी की हत्या के दोषी पति को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार की अदालत ने उम्रकैद और 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। उप जिला न्यायवादी महेश छाबड़ी ने बताया कि यह मुकदमा भारत कॉलोनी के रहने वाले इंद्रपाल सिंह की शिकायत पर तीन अप्रैल 2022 को खेड़ी पुल थाने में दर्ज हुआ था। इंद्रपाल ने बेटी सुनीता की शादी 17 साल पहले श्रीराम रेजीडेंसी सेक्टर-86 के रहने वाले सुरेंद्र के साथ की थी। शादी के बाद कुछ दिन तक ठीक चलता रहा लेकिन इसके बाद सुरेन्द्र ने पत्नी सुनीता को शराब के नशे में पीटना व तंग करना शुरू कर दिया। इंद्रपाल व उसके परिवार वालों ने सुरेंद्र को समझाने की काफी कोशिश की, पर स्थिति में बदलाव नहीं आया। वारदात से एक महीने पहले सुनीता तंग होकर मायके आ गई। एक अप्रैल 2022 को सुरेंद्र माफी मांगकर सुनीता को अपने साथ ले गया। दो अप्रैल को परिवार वालों का दिनभर सुनीता से फोन पर संपर्क नहीं हुआ। पिता इंद्रपाल श्रीराम रेजीडेंसी में उसके घर पहुंचे। वहां देखा तो सुनीता छत पर बने बाथरूम में मृत पड़ी थी। उसके गले पर निशान थे। सुरेंद्र मौके पर मौजूद नहीं था। इंद्रपाल की शिकायत पर पुलिस ने सुरेंद्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। चार अप्रैल 2022 को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि उस दिन चाय बनाने को लेकर उसकी सुनीता के साथ कहासुनी हुई थी। उसने पत्नी सुनीता को चाय बनाने के लिए कहा था, मगर वह उसे खुद बनाने की कहकर बाथरूम में नहाने चली गई।

> पानी गर्म करने वाली रॉड की तार से गला घोंटा गया

इस पर आरोपी का गुस्सा हो गया। वह पीछे-पीछे बाथरूम में पहुंच गया। वहां पहले सुनीता को थप्पड़ों से पीटा। इसके बाद पानी गर्म करने की रॉड की तार से गला कसकर हत्या कर दी और फरार हो गया। सीनियर लीगल एड काउंसिल रविंदर गुप्ता के अनुसार यह मुकदमा अदालत में विचाराधीन था। मुकदमे में 25 गवाह पेश हुए और 15 दस्तावेजी सबूत अदालत के समक्ष रखे गए।

## पत्रकार प्रवेश चौहान को पितृ शोक

**गुरुग्राम।** दैनिक समाचार पत्र में संवाददाता प्रवेश चौहान के पिता जगत सिंह चौहान (उम्र 90 वर्ष) का वीरवार शाम को निधन हो गया। उन्हें घर पर ही हार्ट अटैक आया था। उनके निधन से गांव व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जगत सिंह चौहान अपने घर पर ही थे। इसी दौरान उन्हें हार्ट अटैक आया। इससे पहले कि उन्हें चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाती, उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार वीरवार को पैतृक गांव सुल्तानपुर, जिला गुरुग्राम में किया गया।


## शराब ठेका व भाजपा कार्यालय पर गोली चलाकर रंगदारी

# क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने आईएमटी में मुठभेड़ के बाद 2 बदमाशों को दबोचा, एक आरोपी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बीते 14 मार्च को थाना सदर बल्लभगढ़ क्षेत्र में दो जगह पर फायरिंग कर हिस्सेदारी/रंगदारी मांगने के मामले में अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने 18 मार्च की रात्रि को आईएमटी क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद 2 आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। जिनकी पहचान अनिल उर्फ खान निवासी गांव मच्छगर व मनीष निवासी गांव चंदावली के रूप में हुई है।

एसीपी क्राईम-2 वरुण कुमार दहिया ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 14 मार्च की रात्रि को आरोपियों ने सेक्टर-68 चंदावली आईएमटी रेड लाइट पर स्थित ठेका पर फायरिंग कर 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी मांगी थी, उसके कुछ देर



उपरांत इन्होंने गांव मच्छगर स्थित एक कार्यालय पर फायरिंग कर 50 लाख की रंगदारी मांगी थी। घटनाक्रम के संबंध में ठेका संचालक व कार्यालय के ओनर की शिकायत पर थाना सदर बल्लभगढ़ में अलग-अलग मामले दर्ज किये गये थे। उन्होंने आगे बताया कि घटनाक्रम की गंभीरता के मद्देनजर अपराध शाखा ऊंचा गांव, सेक्टर-65 व सेक्टर 85 की तीन टीम में गठित की गई। 18 मार्च को रात्रि के समय अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम को गुप्त सूत्रों से आरोपियों बारे सोतई नहर पुल रोड से आईएमटी होते हुए गांव मच्छगर की तरफ आने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर अपराध शाखा ऊंचा की टीम ने आईएमटी क्षेत्र में निर्माणाधीन इंडियन ऑयल भवन के पास नाकाबंदी की।

नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल पर आ रहे आरोपियों को रोकने का प्रयास किया तो भागने लगे। आरोपी मनीष को काबू कर लिया गया, दूसरे आरोपी अनिल ने भागने की कोशिश करते हुए पुलिस टीम पर 3 राउंड फायर किये, जवाबी कार्रवाई में अनिल के दाहिने पैर में गोली लगी। जिसको इलाज के लिए सिविल अस्पताल फरीदाबाद में दाखिल कराया गया है जिनकी स्थिति सामान्य है।

## मामले में मजिस्ट्रेट जांच शुरू

# किशोरी से रेप के केस में सजा काट रहे कैदी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गुरुग्राम की भोंडसी जेल में एक किशोरी से रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 35 वर्षीय कैदी की बुधवार रात मौत हो गई। दवा लेने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें गुरुग्राम के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही भोंडसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव का मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वहीं,मामले में मजिस्ट्रेट जांच शुरू कर दी गई है। जेल अधिकारियों के अनुसार, मृतक कैदी की पहचान मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के निवासी भरत पटेल के रूप में हुई है। वह गुरुग्राम में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करता था और 2013 में उसका विवाह हुआ था। उसका एक 11 वर्षीय बेटा है। भरत पटेल के खिलाफ 10 अगस्त 2022 को भोंडसी पुलिस स्टेशन में पीओसीएसओ अधिनियम की धारा 6 के तहत एक किशोरी के साथ बलात्कार के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। सुनवाई के दौरान स्थानीय अदालत ने लगभग 6 महीने पहले उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और वह भोंडसी जेल में आजीवन कारावास काट रहा था। पुलिस के अनुसार, बुधवार देर शाम दवा लेने के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई।

## जिला अध्यक्ष ने कहा यही सोच राहुल गांधी की है

# कांग्रेस पार्टी साधारण से कार्यकर्ता को कहां से कहा तक पहुंचाने का काम करती है : बलजीत कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

राज्यसभा में पार्टी के उम्मीदवार कर्मवीर बौद्ध के निर्वाचित होने पर आज जिला कांग्रेस कार्यालय सेक्टर-9 पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने की।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने मिठाई खिलाकर कर्मवीर बौद्ध को बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी वर्गों का ध्यान रखती है।

कांग्रेस पार्टी ने एक साधारण दलित परिवार में जन्मे कर्मवीर बौद्ध को राज्यसभा में भेज कर दलितों का ही नहीं एक सामान्य कार्यकर्ता का सम्मान किया है। बलजीत कौशिक ने कहा कि पार्टी की शुरू से ही सोच




रही है कि जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान दिया जाए और यही सोच हमारे जननायक लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सोच है, उन्होंने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से आवाहन करते हुए कहा कि जमीन स्तर पर कम करें। बलजीत कौशिक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रत्येक कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान देती है उन्होंने कहा कि राज्यसभा में कर्मवीर बौद्ध के जाने से कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी और कर्मवीर बौद्ध प्रदेश की जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर राज्यसभा में उठाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है कि आज हर वर्ग दुखी हैं।

## रैली की तैयारियों को लेकर चल रहा जत्था पहुंचा फरीदाबाद, सभाएं कर रैली का दिया निमंत्रण

### जन आक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा

# जनता के मुद्दों को लेकर सीपीआईएम की 24 मार्च को रामलीला मैदान दिल्ली में होगी जन आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जनता के मुद्दों को लेकर सीपीआईएम की 24 मार्च को रामलीला मैदान दिल्ली में जन आक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली की तैयारियों को लेकर राज्य भर में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के नेतृत्व में जत्थे चल रहे हैं।

पार्टी राज्य नेताओं सुरेंद्र मलिक, जय भगवान व ऊषा सरोहा के नेतृत्व में चल रहा एक जत्था बृहस्पतिवार को फरीदाबाद पहुंचा और बदरपुर बॉर्डर राजीव नगर व बल्लभगढ़ में सभाएं की। कर्मचारियों ने इस अवसर पर पुरानी पेंशन बहाली,



ठेका कर्मियों और स्कीम वर्कर्स को रेगुलर करने, निजीकरण पर रोक लगाने आदि मांगों को लेकर अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया और रैली में उनकी उक्त मांगों को प्रमुखता से उठाने की मांग की। सीपीआईएम के राज्य सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड सुरेन्द्र मलिक व जय भगवान ने सभाओं को संबोधित करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि सरकार किसान-मजदूर की रोजी-रोटी पर हमला कर रही है। भारत सरकार ने यूरोपियन यूनियन और अमेरिका के साथ किए मुक्त व्यापार समझौता किया है। इससे देश के कृषि और डेयरी उत्पाद पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे, इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी।

## साइबर थाना सैंट्रल की बड़ी कार्रवाई

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 17.42 लाख रुपए की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

साइबर थाना सैंट्रल में दर्ज एक शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 17.42 लाख रुपए की ठगी के मामले में थाना की टीम ने कार्रवाई करते हुए 18 मार्च को खाता उपलब्ध करवाने वाले अब्दुल मनान वासी जम्मू हाल गुरुग्राम को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार सेक्टर-19 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना सैंट्रल में दी शिकायत में बताया कि वह गूगल पर शेयर मार्केट में निवेश से संबंधित जानकारी सर्च कर रही थी। इसी दौरान एक लिंक पर क्लिक करने के बाद उसके व्हाट्सएप पर एक संदेश आया, जिसमें उसे ग्रुप जॉइन करने के लिए कहा गया। ग्रुप से जुडऩे के बाद उसको शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। ठगों के कहने पर उसने अलग.अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 17,42,000 रुपए निवेश कर दिए। न तो उसे कोई लाभ मिला और न ही निवेश की गई राशि वापस मिली। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी अब्दुल मनान, वर्तमान में गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में कार्यरत था।

## पानी और सीवर से जुड़ी समस्याओं को लेकर कई परियोजनाओं को दी मंजूरी

# 'दिल्ली जल बोर्ड हर उपभोक्ता का डिजिटल रिकॉर्ड करेगा सत्यापित'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के नागरिकों को वर्षों से परेशान कर रही पानी और सीवर से जुड़ी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाते हुए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण जमीनी परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

पानी के बिलों को लेकर बढ़ती शिकायतों को ध्यान में रखते हुए, दिल्ली जल बोर्ड ने करीब 35 लाख उपभोक्ताओं के लिए घर-घर जाकर ई-केवाईसी और डिजिटल डेटा अपडेट का बड़ा अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। करीब 60 करोड़ रुपए की लागत से शुरू हो रहे इस अभियान के तहत फोटो के साथ तकनीक आधारित मीटर रीडिंग, सटीकता सुनिश्चित करने के लिए जीपीएस टैगिंग और प्रूफ ऑफ डिलीवरी (पीओडी) के साथ समय पर बिल वितरण जैसी व्यवस्थाएं लागू की जाएंगी। जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा दिल्ली के लोग अपने पानी के बिल भरना चाहते हैं और अपनी जिम्मेदारी निभाना चाहते हैं। समस्या तब होती है जब अचानक अत्यधिक बिल आ जाता है, मीटर काम नहीं करता या बिल समय पर घर तक नहीं पहुंचता। ये केवल तकनीकी खामियां नहीं हैं, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करने वाली गंभीर समस्याएं हैं।

हमारा प्रयास इन सभी कमियों को जमीनी स्तर पर दूर कर एक पारदर्शी और भरोसेमंद व्यवस्था स्थापित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि अगले 6 महीनों में हर उपभोक्ता का डिजिटल रिकॉर्ड सत्यापित किया जाएगा, जिससे विवादों में कमी आएगी और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। किराड़ी और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को राहत देते हुए, दिल्ली जल बोर्ड ने बड़े पैमाने पर हाउस सर्विस सीवर कनेक्शन (एचएसएससी) को मंजूरी दी है। इस परियोजना के तहत प्रताप विहार कैचमेंटः 4.30 लाख लोग (72 कॉलोनियां), प्रेम नगर कैचमेंटः 1.45 लाख लोग (30 कॉलोनियां) और भाग्य विहार कैचमेंटः 1.5 लाख लोग (11 कॉलोनियां और 3 गांव) को सीधा लाभ मिलेगा। यह परियोजना उन परिवारों के लिए एक बड़ा बदलाव साबित होगी, जो अब तक असुरक्षित और अस्वच्छ व्यवस्थाओं पर निर्भर थे। इससे न केवल स्वच्छता में सुधार होगा, बल्कि लोगों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

### यमुना सफाई : प्रदूषण रोकने की पहल

यमुना नदी को साफ करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने प्रदूषण को उसके स्रोत पर ही रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। इसके तहत 71 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से दिल्ली गेट नाले में इन-सीटू वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट परियोजना और वजीराबाद बैराज के ऊपर स्थित पोंडेज एरिया का पुनर्जीवन को मंजूरी दी गई है। इन पहलों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बिना ट्रीट किया गया सीवेज यमुना में जाने से पहले ही रोका जाए, जिससे नदी की सफाई को स्थायी और प्रभावी बनाया जा सके।

# एलजी ने किया कालिंदी कुंज यमुना घाट का दौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने गुरुवार को विभिन्न वर्ग के विशेषज्ञों व विभिन्न विभागों के आला कमानों के साथ कालिंदी कुंज स्थित यमुना घाट का दौरा किया। बताया जा रहा है कि एलजी का यह दौरा यमुना नदी में उत्पन्न पिंक झाग व बढ़ती गंदगी से निपटने के लिए उठाया गया सक्रिय कदम है। एलजी ने इस दौरे के समय मौजूद विशेषज्ञों व आला अधिकारियों से चर्चा की और उन्हें ठोस व निर्णायक कदम उठाते हुए इससे निपटने के लिए रणनीति तैयार करने पर जोर दिया।

सूत्रों के अनुसार एलजी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि हर हाल में यमुना से पिंक झाग हटना चाहिए और यमुना सफाई की योजना को जोर शोर से आगे बढ़ाया जाए। एलजी ने रिपोर्ट मांगी है जिसके बाद अगला कदम उठाया जाएगा। बता दें कि गत कई दिनों से यमुना नदी में उठ रहे पिंक झाग व गंदगी को लेकर कांग्रेस व विपक्ष सत्तापक्ष पर हमलावर हो रहा है। ऐसे में नवनियुक्त एलजी संधू से भी सवाल पूछे जा रहे थे। इसी बीच संधू ने गुरूवार को यमुना नदी स्थित कालिंदी कुंज घाट का दौरा किया। इसकी जानकारी एलजी के सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट द्वारा दी गई। पोस्ट में एलजी ने लिखा कि संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ यमुना नदी के किनारे स्थित कालिंदी कुंज घाट का दौरा किया और वर्तमान स्थिति का प्रत्यक्ष आकलन किया।

संधू ने कहा कि इस दौरे में अग्रणी वैज्ञानिक संस्थानों और संगठनों के स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ चर्चा की गई ताकि आगे के लिए व्यावहारिक और स्थायी उपायों की पहचान की जा सके। सनद रहे कि रेखा सरकार यमुना में क्रूज चलाने की योजना पर पहले से ही कार्य कर रही है। वहीं हाल ही में सीएम रेखा गुप्ता ने बयान दिया कि करोड़ों रुपए से दो आधुनिक बोट भी खरीदी जाएगी जो यमुना की निगरानी करेगी। इस बयान के बाद पूरा विपक्ष रेखा सरकार पर हमलावर हो गया है। जिसके चलते एलजी संधू ने कालिंदी कुंज का दौरा कर एक तरह से हमलावर विपक्ष को जवाब देने की कोशिश की है।



### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने झंडेवाला मंदिर में किए दर्शन

*नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को चैत्र नवरात्रि के पहले दिन झंडेवाला मंदिर पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए। उन्होंने माता से दिल्लीवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना की और देवी शक्ति के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति, श्रद्धा और शक्ति का प्रतीक है, जो हमें सकारात्मक ऊर्जा, आत्मबल और समाज की सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कामना की कि मां दुर्गा का आशीर्वाद दिल्ली के हर परिवार पर बना रहे और सभी के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आए। दर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने झंडेवाला मंदिर के निकट आयोजित भक्ति संगीत कार्यक्रम भजन क्लबिंग में भी भाग लिया।*

# आगामी बजट में किसानों, ग्रामीणों, श्रमिकों और गिग वर्कर्स के सुझावों को दी जाएगी प्राथमिकता : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



वर्ष 2026 के बजट को हर वर्ग की जरूरतों और अपेक्षाओं के अनुसार तैयार करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में गिग वर्कर्स, किसानों, ग्रामीणों व अन्य साथ अलग-अलग बैठकें कर व्यापक संवाद किया। इन बैठकों में सभी वर्गों के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किए और अपनी समस्याएं, सुझाव व अपेक्षाएं मुख्यमंत्री के सामने रखीं। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों से सीधे बातचीत कर उनकी बातों को ध्यान से सुना और भरोसा दिलाया कि उनके सुझावों को आगामी बजट में प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य ऐसा बजट बनाना है, जो हर वर्ग की जरूरतों और उम्मीदों को पूरा करे। जनभागीदारी ही विकसित दिल्ली की सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा व दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के चेयरमैन राजकुमार चौहान उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि किसानों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से लेकर समाधान के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। बजट 2026 में किसानों व ग्रामीण विकास को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों की समृद्धि के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सर्किल रेट पर पिछले छह महीनों से अध्ययन चल रहा है और जल्द निर्णय लिया जाएगा, जबकि मास्टर प्लान पर भी काम जारी है। उन्होंने बताया कि करीब एक साल में सरकार ने समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं सुधारने के लिए बड़े स्तर पर काम शुरू किया गया है, जिसके लिए बजट भी बढ़ाया गया है। ट्रैक्टर लोन, किसान क्रेडिट कार्ड और चकबंदी जैसे मुद्दों पर काम जारी है, साथ ही केंद्र की योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा है। गांवों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़कर शहरी-ग्रामीण अंतर कम करने, हर नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाने और लंबित परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने पर जोर है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार सभी वर्गों से संवाद कर रही है और उनके सुझावों के आधार पर संतुलित, समावेशी और विकासोन्मुख बजट तैयार किया जाएगा, जिसकी झलक बजट 2026 में साफ दिखाई देगी।

### कृषि सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास पर बल

किसानों और ग्रामीण प्रतिनिधियों ने सरकार के सामने कई अहम सुझाव और मांगें रखीं। उन्होंने कृषि ढांचे को मजबूत करने, सिंचाई सुविधाएं बढ़ाने, ग्रामीण सड़कों का विकास करने और मंडी व्यवस्था को बेहतर बनाने की बात कही। साथ ही गांवों में जल निकासी, सफाई, पीने का पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर जोर दिया। किसानों ने मांग की कि दिल्ली में उन्हें औपचारिक रूप से किसान का दर्जा दिया जाए और कृषि से जुड़े कामों के लिए सब्सिडी व प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की जाएं। उन्होंने लैंड पूलिंग पॉलिसी और चकबंदी से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए इन नीतियों को किसान हित में और प्रभावी बनाने की बात कही। किसानों ने कृषि भूमि के सर्किल रेट को संशोधित करने के लिए सर्वे कराने, उचित मुआवजा सुनिश्चित करने और जमीन के बेहतर विकास की मांग रखी।

# भजन क्लबिंग से बढ़ रही सांस्कृतिक चेतनाः इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भजन क्लबिंग से बढ़ रही सांस्कृतिक चेतना, युवाओं की बढ़ती भागीदारी प्रेरणादायक है। यह बात गुरुवार को दिल्ली के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह नेराजीव गांधी स्टेडियम, बवाना में हिंदू नव वर्ष (संवत 2083) के उपलक्ष्य में आयोजित भक्ति संगीत कार्यक्रम भजन क्लबिंग में आए भक्तों को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में भक्ति गीतों और भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों, युवाओं एवं कला प्रेमियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। मंत्री इंद्राज ने कहा कि भजन क्लबिंग जैसे सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा के संचार का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि भक्ति संगीत हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का अभिन्न हिस्सा है, जो समाज में एकता, शांति और सद्भाव को सुदृढ़ करता है।

उन्होंने विशेष रूप से इस प्रकार के आयोजनों में युवाओं की बढ़ती भागीदारी को अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि यह पहल नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### बजट सत्र से लागू होगा 'विधान साथी' एआई चैटबॉट : विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा ने गुरुवार को अपने कार्य संचालन को अधिक प्रभावी, सटीक और आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'विधान साथी' नामक एआई-सक्षम चैटबॉट को लॉन्च किया है। प्रैसवार्ता में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह प्रणाली आगामी बजट सत्र से लागू की जाएगी। गुप्ता ने कहा कि विधायकों को सीमित समय में जटिल विधायी और नीतिगत विषयों पर विचार करना होता है। ऐसे में 'विधान साथी' एक समर्पित विधायी अनुसंधान एवं सहायक उपकरण के रूप में कार्य करेगा, जो उन्हें स्पष्ट, संदर्भित और विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराकर सदन में होने वाली चर्चाओं को अधिक तथ्यात्मक, सारगर्भित और प्रभावशाली बनाएगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि दिल्ली विधानसभा देश की पहली विधायिका है, जिसने अपने सदस्यों के लिए इस प्रकार का एआई-सक्षम चैटबॉट विकसित किया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनोज कुमार, निवासी 10/162, खिचड़ीपुर, दिल्ली और 10/131-132, प्रथम तल, खिचड़ीपुर, दिल्ली (एमटीएस), ई. कोड संख्या बी-17177000050, भारतीय मामलों का मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, केंद्रीय सचिवालय, नई दिल्ली 110001 ने सीटी केस संख्या 4066/2019 धारा 12 डी.वी एक्ट, थाना मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मनोज कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मनोज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीटी केस संख्या 4066/2019 धारा 12 डी.वी एक्ट, थाना मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनोज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.05.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रितिका कंसल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (महिला कोर्ट)-02
DP/1524/ED/2026 पूर्व, कोर्ट नं. 24 कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इन्दरजीत सिंह मेसर्स जीत इलेक्ट्रीकल्स के एकमात्र प्रोप्राइटर कार्यालय पताः एनई-119ए, गली नं. 4, विष्णु गार्डन, नई दिल्ली** ने **CC No. 3902/2022 U/s 138 NI Act, थानाः राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इन्दरजीत सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इन्दरजीत सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 3902/2022 U/s 138 NI Act, थानाः राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **इन्दरजीत सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 05.06.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अंशुल सिंघल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-04
रूम नं. 268
DP/3526/WD/2026 (Court Matter) तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

### डीटीएल ने दिव्यांगों के लिए 2.99 करोड़ रुपये का दिया योगदान

नई दिल्ली। दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल) दिल्ली ट्रांसको ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत दिव्यांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण वितरित करने के लिए 2.99 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। इस बारे में प्रवक्ता डॉ. ऋषि राज ने बताया कि डीटीएल दिल्ली सरकार का ही एक उपक्रम है। डीटीएल ने पिछले कुछ वर्षों में जहां अपने कार्यों में उत्कृष्टता हासिल करते हुए प्रदर्शन मानकों पर देश की कुछ बेहतरीन कंपनियों में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वहीं अपनी स्थापना के समय से ही सामाजिक कार्यों में भी सबसे आगे रहते हुए अपने सीएसआर दायित्वों के तहत केंद्र व दिल्ली सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर योगदान देता रहा है। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन भारत सरकार को उसकी पहल प्रधानमंत्री दिव्यांशा व वयोश्री केंद्र के डीटीएल ने 2.99 करोड़ रुपये की राशि का योगदान दिया है। यह केंद्र पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय दिव्यांगजन संस्थान में स्थापित किया गया है। इस राशि का उपयोग शारीरिक चुनौतियों का सामना कर रहे व्यक्तियों के दैनिक जीवन को आसान बनाने के लिए सहायक उपकरण जैसे कि मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, फोल्डिंग व्हीलचेयर, बैसाखी, छड़ी, सुनने की मशीन (हियरिंग एड) और अन्य उपकरण उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय दिव्यांगजन संस्थान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 304 दिव्यांग व्यक्तियों को विभिन्न उपकरण और सहायक सामग्री प्रदान की गईं। वितरित किए गए इन उपकरणों की कुल लागत 51.30 लाख रुपये है। शेष राशि का उपयोग भी प्रधानमंत्री दिव्यांशा , वयोश्री केंद्र द्वारा जरूरतमंद दिव्यांग व्यक्तियों को उपकरण उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा।

## अधिकतम पारा 26.8 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

# लगातार दूसरे दिन दिल्ली में कई जगह हुई बारिश, तापमान गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में लगातार दूसरे दिन गुरुवार को भी मौसम का मिजाज बारिश वाला बना रहा। कई जगह बारिश दर्ज हुई, जबकि आसमान पर बादलों की आवाजाही व तेज हवाओं से मौसम खुशगवार बना रहा। दूसरे दिन बारिश के चलते राजधानी में अधिकतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज हुई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे तक राजधानी में 8 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं सफदरजंग में 8.2 मिमी, पालम 6.2 मिमी, लोधी रोड 8.2 मिमी, रिज एरिया 8.2 मिमी, आया नगर में 7.2 मिमी, राजघाट में 8.1 मिमी और मयूर विहार में 3.0 मिमी बारिश दर्ज की गई। जबकि पूसा वेधशाला सबसे आगे रही, जहां 11 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच राजधानी में हलकी बारिश देखने को मिली। आईएमडी के आंकड़े बताते है कि इस दौरान सफदरजंग में 0.5 मिमी, पालम 0.2 मिमी, लोधी रोड .05 मिमी, आया नगर में 1.2 मिमी, राजघाट में 0.6 मिमी और मयूर विहार में सबसे ज्यादा 3.0 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी के अनुसार बारिश के बाद सफदरजंग ने दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस कम है। जबकि न्यूनतम तापमान सफदरजंग में 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस कम है। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि शुक्रवार को भी ऐसे ही बारिश देखने को मिल सकती है जिसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि शनिवार व रविवार को मौसम चाला रह सकता है। वहीं सोमवार को एक बार फिर दिल्ली में हल्की बूंदाबांदी की संभावना बन सकती है। लगातार बारिश व मौसम का बदले मिजाज से दिल्ली वाले इस समय खुशनुमा मौसम का आनंद ले रहे है।

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby notified to the public that **Sweta Estates Private Limited and Apoorva Promoters Pvt. Ltd.,** having their corporate office at The Median, Central Park Resorts, Sector-48, Sohna Road, Gurugram – 122018, have **lost the following original land documents: -**

| S. No. | Name / Nature of Land Document |
|---|---|
| 1 | WILL of Sh. Dalel Singh in favour of Sh. Sanjay Kumar, Sh. Anil Kumar (2/3 Share), Sh. Rohit, Sh. Jatin, Smt. Kavita Devi (1/3 Share) duly executed on 13.09.1996 and stamped and registered in the office of sub-registrar, Gurgaon as Vasika No. 257 on dated 13.09.1996. |
| 2 | Sale Deed duly executed on 09.08.2004 and registered in the office of sub-registrar, Gurgaon as Vasika No. 10157 on dated 09.08.2004 (Mutation No. 1586) executed by Smt. Bharto Devi in favour of M/s Apoorva Promoters Pvt. Ltd. |
| 3 | Sale Deed duly executed on 09.08.2004 and registered in the office of sub-registrar, Gurgaon as Vasika No. 10158 on dated 09.08.2004 (Mutation No. 1587) executed by Sh. Dharambir in favour of M/s Apoorva Promoters Pvt. Ltd. |
| 4 | Sale Deed duly executed on 09.08.2004 and registered in the office of sub-registrar, Gurgaon as Vasika No. 10159 on dated 09.08.2004 (Mutation No. 1588) executed by Sh. Mahender, Sh. Romotar, Sh. Radhey Shyam, Sh. Krishan Lal in favour of M/s Apoorva Promoters Pvt. Ltd. |
| 5 | Sale deed duly registered in the office of sub-registrar, Gurgaon as Vasika No. 9041 dated 26.08.2009 executed by Sh. Dharamender Yadav in favour of Smt. Pushpa. |
| 6 | WILL duly registered in the office of sub-registrar, Badshahpur as Vasika No. 151 on dated 01.02.2018 executed by Sh. Sardar Singh in favour of Sh. Rajesh Kumar, Sh. Sunil, Sh. Krishan. |
| 7 | Sale Deed duly executed on 23.05.2018 and registered in the office of sub-registrar, Gurgaon as Vasika No. 1922 dated 23.05.2018 executed by Sh. Gulab Singh in favour of M/s Sweta Estates Pvt. Ltd. |
| 8 | Sale deed duly executed on 05.07.2018 and registered in the office of sub-registrar, Badshahpur as Vasika No. 3698 on dated 05.07.2018 executed by Smt. Bhagwani Devi in favour of M/s Sweta Estates Pvt. Ltd. |
| 9 | Sale Deed duly executed on 01.08.2018 and registered in the office of sub-registrar, Badshahpur as Vasika No. 4814 on dated 01.08.2018 executed by Smt. Pushpa Devi in favour of M/s Sweta Estates Pvt. Ltd. |
| 10 | Sale Deed duly executed on 01.08.2018 registered in the office of sub-registrar, Badshahpur as Vasika No. 4821 on dated 01.08.2018 executed by Smt. Jagmurti in favour of M/s Sweta Estate Pvt. Ltd. |
| 11 | WILL duly registered in the office of sub-registrar, Badshahpur as Vasika No. 4 dated 05.04.2019 executed by Sh. Amit Yadav in favour of Smt. Bimla wife of Sh. Hari Kishan. |
| 12 | Sale Deed duly executed on 12.07.2018 and registered in the office of sub-registrar, Badshahpur as Vasika No. 4881 on dated 16.07.2019 executed by Smt. Bimla wife of Sh. Hari Kishan in favour of M/s Sweta Estates Pvt. Ltd. |
| 13 | Collaboration Agreement which duly registered in the office of sub-registrar, Badshahpur as Vasika No. 6507 on dated 29.01.2018 executed between Sh. Sardar Singh, Sh. Ram Niwas, Sh. Ramesh, Sh. Sanjay Kumar, Sh. Anil Kumar and Smt. Kavita Devi and M/s Sweta Estates Pvt. Ltd. |

Further, the above-mentioned companies intend to **create an equitable mortgage by deposit of title deeds** in favour of **Lender,** for securing credit facilities sanctioned/to be sanctioned by the said bank.

Any person(s), company, authority, or institution having **any claim, right, title, interest, or objection** with respect to the aforesaid property or any part thereof is hereby requested to submit their objections, if any, **in writing along with supporting documentary evidence** to the undersigned **within 7 (seven) days** from the date of publication of this notice.

Failing which, it shall be presumed that **no objections exist,** and the proposed mortgage shall be completed accordingly.

**For and on behalf of
Sweta Estates Pvt. Ltd. and
Apoorva Promoters Pvt. Ltd.**

**Authorized Signatory
Address: The Median, Central Park Resorts, Sector-48, Sohna Road, Gurugram-122018
Email ID: Rajeshwar.khurana@centralpark,in
Mobile No: +91 9911292938**

## शक्ति की उपासना का पावन पर्व चैत्र नवरात्रि हर्षोल्लास के साथ आरंभ

# विख्यात शक्तिपीठ मां गंगा मैया मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शक्ति की उपासना का पावन पर्व चैत्र नवरात्रि हर्षोल्लास के साथ शुरू हो गया है। बालोद जिले के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ मां गंगा मैया मंदिर (झलमला) में पहले दिन सुबह से ही भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

मंदिर परिसर माता के जयकारों और मंत्रोच्चार से गुंजायमान रहा। नवरात्रि के प्रथम दिन शुभ मुहूर्त में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए, जिसमें दूर-दराज के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था झलक रही है। घी और तेल की ज्योत से जगमगाया गर्भगृह इस वर्ष मां गंगा मैया मंदिर में कुल 130 घी ज्योति कलश और 1171 तेल ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। वहीं, परिसर स्थित शीतला माता मंदिर में भी 91 तेल ज्योति कलश और 9 विशेष ज्योत जलाई गई हैं। मंदिर समिति के अनुसार, भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है।





### सवा सौ साल पुराना चमत्कारिक मंदिर

मां गंगा मैया मंदिर का इतिहास लगभग सवा सौ साल पुराना और चमत्कारिक माना जाता है। जनश्रुतियों के अनुसार, ब्रिटिश काल के दौरान झलमला के एक मछुआरे सोमा निषाद के जाल में जलाशय से यह मूर्ति बार-बार निकल रही थी। माता द्वारा स्वप्न में दर्शन देने के बाद ग्रामीणों ने ससम्मान मूर्ति को बाहर निकाला। चूंकि माता जल (तालाब) से प्रकट हुईं, इसलिए इन्हें 'गंगा मैया' के नाम से पुकारा जाने लगा। तांदुला बांध के निर्माण के समय से ही इस मंदिर की ख्याति और वैभव में निरंतर वृद्धि हुई है।

### मन को मिलती है शांति

नवरात्रि के पहले दिन दर्शन करने पहुंचीं भिलाई की आशा जंघेल (जामुल नगर पंचायत कर्मी) ने बताया कि उन्होंने मंदिर की महिमा के बारे में काफी सुना था और यहां आकर वे खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रही हैं। वहीं, अपनी बेटी के जन्मदिन पर दर्शन करने पहुंचीं दीपमाला गेडाम ने कहा कि मंदिर का वातावरण और माता के प्राकट्य की कहानी भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती है, यहां आने से मन को असीम सुकून मिलता है।

### अलग से बनाया गया मेनू चार्ट, दूध, फल आलू टिकिया, साबूदाना की स्पेशल व्यवस्था

# कोरबा जिला जेल में नवरात्रि की धूम महिला और कैदी रख रहे उपवास

**कोरबा।** जिला जेल में नवरात्रि की धूम है। जहां नवरात्रि के पहले दिन से नौ दिनों तक आदिशक्ति मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना हो रही है। पहले दिन से ही रोज मां आदिशक्ति पूजा अर्चना की जाएगी। वहीं जेल में महिला और पुरुष कैदी नवरात्रि उपवास रख रहे हैं। जिनके लिए विशेष फलाहार की व्यवस्था की गई है। इसके लिए अलग से मेनू चार्ट बनाया गया है। दूध,फल आलू टिकिया, साबूदाना इन सब की व्यवस्था की गई है। जिसे समय अनुसार दिया जाएगा। वहीं उनकी पूजा अर्चना के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। पूरे नौ दिनों तक भक्ति के माहौल में जिला जेल कोरबा रहेगा। जिला जेल में लगभग 200 महिला और पुरुष कैदी हैं। जिनकी जिला जेल में देखने की जाती है।



### दो महिलाएं और चार पुरुषों को उपवास की अनुमति

*दो महिला और चार पुरुष नवरात्र उपवास के लिए जिला जेल में प्रस्ताव रखा है। जहां जिला जेल प्रबंधन में उनके प्रस्ताव के बाद निर्माता मेडिकल जांच कराया गया है। उपवास रहने की स्थिति में है या नहीं। जिन्हें दो महिला और चार पुरुष को उपवास रहने की अनुमति दी गई है। जिला जेल प्रभारी अमितेश साहू ने बताया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार नवरात्र को लेकर यहां जो कैदी उपवास में हैं, उनके लिए अलग से व्यवस्था की गई है। वहीं उनकी पूजा पाठ की सारी तैयारियां की गई है। इसी तरह कोरबा कटघोरा जिला जेल में भी नवरात्रि को लेकर पूरी व्यवस्थाएं की गई है। उपवास रहने वाले कैदियों के लिए विशेष फलाहार और पूजा अर्चना की भी व्यवस्था की गई है। बताया जा रहा है कि जेल में कई ऐसी महिला और पुरुष बंदी रहते हैं, जहां नवरात्र को लेकर काफी देखा जाता है। उनकी भक्ति को देखते हुए एक अलग वातावरण जेल में बनता है।*

---

### सड़क हादसे के घायलों की जान बचाने के लिए थाना स्टाफ को दिया जाए विशेष प्रशिक्षण

# होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवक आपदा में सुरक्षा कवच का करते हैं कार्य : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा या मानव निर्मित दुर्घटना के समय नुकसान को कम से कम करना और जनजीवन को पुनः पटरी पर लाना महत्वपूर्ण होता है। संकट के समय में धैर्य और साहस बनाए रखना जरूरी होता है। ऐसी घड़ी में होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवकों की तत्परता और सेवा भावना समाज के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करती है। हमारे लिए गर्व का विषय है कि मध्यप्रदेश में 82 हजार से अधिक स्वयंसेवकों की एक विशाल और अनुशासित शक्ति विद्यमान है। बदलते वैश्विक परिदृश्य में सिविल डिफेंस की महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश में कोविड जैसे कठिन काल और आतंकी हमलों के विरूद्ध हुई ठोस कार्रवाइयों से सिविल डिफेंस सिस्टम अधिक समर्थ बना है। हमारे सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूस्खलन, अग्निकांड और राहत-बचाव के कार्यों में निरंतर प्रशिक्षित हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में नागरिक सुरक्षा का इतिहास लंबा है। वर्ष 1968 में भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर से आरंभ हुई यह यात्रा आज वट वृक्ष बन चुकी है। आज प्रदेश में मध्यप्रदेश नागरिक सुरक्षा के 82 हजार से अधिक वॉलेंटियर्स हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी समागम- 2026 को होमगार्ड परेड ग्राउंड पर संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें**

- बदलती तकनीक के साथ आ रही चुनौतियों का सामना करने के लिए भी होमगार्ड्स सक्षम बनें
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष हुआ आपदा में बचाव का डेमास्ट्रेशन



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्समंत्री डॉ. मोहन यादव।

### बचाव के तरीकों का मुख्यमंत्री ने डेमोंसट्रेशन देखा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत आपदा में बचाव के तरीकों के डेमोंसट्रेशन का अवलोकन किया। मध्यप्रदेश सिविल डिफेंस के वॉलेंटियर्स ने बाढ़ के दौरान रबर बोट तैयार करने, रोप ब्रिज निर्माण, मुश्किल वक्त में सीपीआर देने की प्रक्रिया और हवाई हमलों के दौरान बचाव के तरीकों और रोप रेस्क्यू का प्रदर्शन किया। इंदौर सिविल डिफेंस की बेटियों ने सेल्फ डिफेंस का प्रस्तुतिकरण दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा वॉलेंटियर्स को नागरिक सुरक्षा जैकिट वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को डीजी होमगार्ड श्रीवास्तव ने इस अवसर पर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### बेटियों को सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण देना आवश्यकः सीएम



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बेटियों को सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण देना आवश्यक है। इस दिशा में की जा रही पहल की उन्होंने सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के प्रमुख मार्गों के आसपास के थाना स्टाफ को सड़क हादसे के घायलों की जान बचाने के लिए भी विशेष प्रशिक्षण देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नागरिकों का जीवन सुरक्षित करने के लिए 'राहवीर योजना' और 'पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा' जैसी सुविधाओं की शुरुआत की है। मध्यप्रदेश यह पहल करने वाला देश का प्रथम राज्य है। वन्य जीव प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा के लिए भी प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है।

# कांग्रेस नेतृत्व को अपने नेताओं पर विश्वास नहीं : मुख्यमंत्री

**नवरात्र पर माता मनसा देवी मंदिर पर की पूजा-अर्चना**



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को अपने नेताओं और विधायकों पर विश्वास नहीं है। मुख्यमंत्री माता मनसा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पार्टी बिखराव की और है। विधानसभा के बजट सत्र में भी कांग्रेस नेता प्रश्न लगाने के बाद सदन से वॉकआउट कर गए। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पत्नी सुमन सैनी के साथ चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन पंचकूला पहुंचकर माता मनसा देवी मंदिर में माथा टेककर पूजा-अर्चना की और महामाई का आशीर्वाद लिया। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में पहुंचकर मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ में भाग लिया और आहुति डाली।

### बजट सत्र में 55 घंटे सकारात्मक चर्चा हुई

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बजट सत्र 2026-27 की समाप्ति के उपरांत पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सत्र 20 फरवरी को माननीय राज्यपाल के अभिभाषण से प्रारंभ होकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि कुल 13 दिनों तक चले इस सत्र में 13 बैठकें आयोजित हुईं, जिनमें लगभग 55 घंटे सकारात्मक और सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने 2 मार्च को वित्त मंत्री के रूप में अपना दूसरा बजट प्रस्तुत किया, जिस पर सदन में 10 घंटे 3 मिनट तक विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

---

## पेज एक का शेष

### 'खाड़ी में युद्ध से प्रभावित ...

उत्पादन कर रही हैं। इसलिए आम-जनता से ये अपील है कि वो अफवाहों पर कतई ध्यान न दें, गैस की बुकिंग ऑनलाइन ही करें, सिलेंडर की डिलीवरी उपभोक्ताओं के घर पर ही की जाएगी। उन्होंने हालांकि ये माना कि ब्रेंट-क्रूड तेल के मामले में दबाव है, लेकिन साथ ही ये भी स्पष्ट किया कि अभी तक कीमतें बढ़ाई नहीं गई हैं। हालात से निपटने के लिए सरकार ने अपनी ऊर्जा सप्लाई में विविधता लाने की महत्वपूर्ण कवायद शुरू कर दी है। जिसमें अब भारत मध्य-पूर्व के अलावा दुनिया के बाकी देशों से भी तेल और गैस की आपूर्ति कर रहा है। वर्तमान में भारत की कुछ एलपीजी अमेरिका से भी आ रही है। सुजाता के मुताबिक, वैकल्पिक ईंधन (केरोसिन, कोयला शामिल) इस्तेमाल के लिए कोयला मंत्रालय ने कोल इंडिया को आदेश दे दिया गया है। जिसके जरिए अब राज्यों को अधिक मात्रा में कोयले की सप्लाई की जा सकेगी। जहां तक संभव हो सके वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के उपयोग से ऊर्जा और एलपीजी के संरक्षण का प्रयास करें। उधर, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने निर्यातकों के लिए 497 करोड़ रुपए के विशेष राहत पैकेज की भी घोषणा की है। केंद्र ने मोबाइल पर होने वाली डिजिटल धोखाधड़ी से बचने की सलाह दी है।

### पहली प्राथमिकता ..

दी है। साथ ही वैकल्पिक ऊर्जा विकल्पों जैसे केरोसिन और कोयला इस्तेमाल की इजाजत दी गई है। बाकी लोग एलएनजी का इस्तेमाल कर सकते हैं। देश में एलपीजी के 33 करोड़ से अधिक घरेलू उपभोक्ता हैं। बीते बुधवार को गैस को लेकर 56 लाख ऑनलाइन बुकिंग मिली हैं, जिनमें हमने करीब 55 लाख सिलेंडरों की डिलीवरी की है। 83 फीसदी डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के माध्यम से हो रही हैं। ऑनलाइन बुकिंग में 94 फीसदी का इजाफा हुआ है। पैनिक बुकिंग के आंकड़ों में भी गिरावट आई है। कुछ मामलों के सामने आते ही नाम खराब होता है, जिसे लेकर राज्य सतर्कता बढ़ाएं और जो दोषी हैं, उन्हें सजा दी जाए।

### कालाबाजारी रोकने ...

अफवाहों पर रोक लगाई जा सके।

**2 हफ्ते में दिए 1.25 लाख नए पीएनजी कनेक्शन** : राज्यों को ये सलाह दी गई है कि वो पीएनजी के नए घरेलू और कमर्शियल कनेक्शन प्रदान करें। बुधवार को एस्मा कानून की धारा-3 के तहत सरकार ने एक गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। जिसमें पीपीएसी को नोडल एजेंसी बनाया है। जो सूचना एकत्रित कर उसका विश्लेषण करेगी। शर्मा ने कहा, मैं दोबारा कहना चाहूंगी कि सरकार हर स्तर पर घरेलू उपभोक्ताओं तक एलपीजी पहुंचाने के लिए सभी जरूरी प्रयत्न कर रही है। इसलिए अफवाहों पर ध्यान न दें, आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें, जहां-जहां पर वैकल्पिक ईंधन की सुविधा है, उस ओर जाएं। एनर्जी और एलपीजी संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करें। बीते कुछ दिनों से हम कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं से अपील कर रहे हैं कि जहां पर भी संभव हो, वो एलपीजी से पीएनजी की दिशा में अग्रसर हों। इसी संबंध में बहुत सारी तेल कंपनियों ने इंसेंटिव घोषित किए हैं। केंद्र ने भी राज्य सरकारों को अनुरोध किया है कि जहां-जहां पर कनेक्शन को लेकर जो अनुरोध लंबित हैं। उसे डीम्ड मंजूरी दी जाए। नए आवेदन आ रही हैं, उनका 24 घंटे में निपटारा करें। पीएनजी के विस्तार में सहयोग देने वाली राज्य सरकारों को केंद्र 10 फीसदी अतिरिक्त कमर्शियल एलपीजी का आवंटन करेगा। इन तमाम कोशिशों की वजह से पिछले 2 हफ्ते में सवा लाख के आसपास नए और घरेलू, कमर्शियल और इंडस्ट्रियल कनेक्शन दिए गए हैं। बीते 3 दिनों में 5 हजार 600 से ज्यादा उपभोक्ताओं ने पीएनजी की ओर रुख किया है।

**परखी बंदरगाहों की तैयारी** : केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा, खरीफ सीजन के लिए देश में यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बंदरगाहों की तैयारी की समीक्षा के साथ उर्वरकों की मूवमेंट के लिए जांच की गई है। इस संबंध में सीजनल ऑक्शन हर साल होता है। जिसमें कोई शिकायत नहीं मिली है। जहां तक इंश्योरेंस का मुद्दा है, किसी और देश के मॉडल से हमारा कोई लेना देना नहीं है। ये हमारा अपना कदम है। इंश्योरेंस क्लब बनाने को लेकर बातचीत चल रही है। वहीं, होर्मुज की खाड़ी के पूर्व में वर्तमान में भारत के 2 जहाज हैं, जो कंटेनर हैं। इनमें से एक सीएमसीजी विटोप्रिया है जो ओमान के सोहर पोर्ट पर है और उसमें 24 भारतीय नाविक सवार हैं। ये जवाहरलाल बंदरगाह पहुंचेगा। दूसरा जहाज एसएसएल गोदावरी है, जो यूएई में एक बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है और उसमें 23 नाविक हैं। इसके अलावा एक्वा टाइटन टैंकर है, जिसकी चार्जिंज मंगलौर रिफाइनरी ने की है। ये न्यू मेंगलोर बंदरगाह पर 21 मार्च को पहुंचेगा और इसमें यूराल क्रूड है।

**खाड़ी से देश लौटे 16 नाविक** : देश में जितने भी बंदरगाह हैं, उनमें किसी तरह की कोई भीड़ भाड़ की कोई सूचना नहीं है। खाड़ी क्षेत्र में फंसे हुए 22 जहाजों में सवार 611 नाविक सुरक्षित हैं। बीते 24 घंटे में इनसे जुड़ी किसी दुर्घटना की खबर नहीं है। जहाजरानी मंत्रालय में महानिदेशक के नियंत्रण कक्ष में 150 फोन काल और करीब सवा दो सौ ईमेल प्राप्त हुए। जिनका जवाब दिया गया है। पिछले एक दिन में 16 नाविकों की भारत वापसी हुई है। दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी, कांडला में अतिरिक्त स्टोरेज की व्यवस्था की गई है। जिसके लिए करीब 54 एकड़ जमीन मुहैया कराई गई है। कुछ चार्जेज में भी छूट दी गई है और आपरेशनल सहयोग के लिए कदम उठाए हैं। 17 मार्च के सर्कुलर का प्रयोग करने पर बंदरगाह के क्रेन इस्तेमाल पर 50 फीसदी की छूट दी गई है। मंत्रालय लगातार बारीकी से बंदरगाहों के अभियान और जहाजों की गतिविधि पर राज्य समुद्री बोर्ड के साथ नजर बनाए हुए है। जिसमें भारतीय नाविकों के कल्याण, समुद्री व्यापार में नियमितता बनाए रखना ही हमारा लक्ष्य है।

### दुनिया के सबसे बड़े...

उसके दक्षिणी पार्स गैस फील्ड पर किए गए हमले के जवाब में किया गया है।

**दुनिया के लिए परीक्षा की घड़ीः** उन्होंने कहा कि पश्चिम-एशिया का युद्ध भारत के लिए ही नहीं, समूची दुनिया के लिए परीक्षा की एक घड़ी के समान है। भारत ने पिछले महीने 28 फरवरी को इस युद्ध के आगाज के साथ सभी पक्षों से बातचीत और कूटनीति के जरिए समस्या का समाधान निकालने पर जोर दिया था। साथ ही हमने लगातार पूरे खाड़ी क्षेत्र व अन्य जगहों पर मौजूद नागरिक और ऊर्जा ढांचों, जरूरी सेवाओं को निशाना बनाने की कड़ी आलोचना की है। साथ ही ऐसे हमलों पर तत्काल रोक लगाने की मांग भी की है। देश के इस पक्ष से वैश्विक समुदाय भी सहमत है।

### जारी है पीएम की वैश्विक...

जताई कि तनाव घटाने और उसके बाद शांति-स्थिरता बहाली के लिए संवाद-कूटनीति को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। दोनों देश होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत ने ओमान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की कड़ी निंदा की है। साथ ही भारतीय नागरिकों के साथ ही हजारों लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए ओमान के प्रयासों को सराहा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ हुई चर्चा में भी प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में तनाव को कम करने और बातचीत-कूटनीति की ओर लौटने पर जोर दिया। दोनों देश क्षेत्र और उससे परे शांति-स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए अपने घनिष्ठ समन्वय को जारी रखेंगे। बीते बुधवार को प्रधानमंत्री ने कुवैत के युवराज के साथ टेलीफोन पर बातचीत की थी।

### सेफसी विष्णु जहाज के 15 ...

ऑपरेट कर रही हैं। ये 19 मार्च को भारत की 9 जगहों के लिए फ्लाइट ऑपरेट कर रही हैं। कुवैत का एयरस्पेस 20 फरवरी से बंद है। जजीरा एयरवेज ने घोषणा की है कि विशेष गैर-पंजीकृत कमर्शियल फ्लाइट की भारत के विभिन्न जगहों के लिए संचालन किया जाएगा। इसी के तहत सऊदी अरब से 20 मार्च को एक उड़ान कोच्चि पहुंचेगी। बहरीन एयरस्पेस बंद है। सऊदी अरब से भारत के लिए उड़ान जारी हैं। कुवैत, बहरीन, इराक में जारी फ्लाइट प्रतिबंध के मद्देनजर हम लगातार खाड़ी में फंसे हुए भारतीयों को सऊदी अरब के मार्फत मदद कर रहे हैं।

### निर्भरता कम करने ..

को 32 एमएमएससीएमडी के करीब प्राकृतिक गैस मिल रही थी, इसके बाद यह मात्रा बढ़कर 39.31 एमएमएससीएमडी हो गई है। 23 फीसद अतिरिक्त प्राकृतिक गैस मिलने से भारत में यूरिया उत्पादन में लगभग 23 फीसद तक की वृद्धि हो जाएगी। घरेलू यूरिया उत्पादन 54,500 से बढ़कर 67,000 मीट्रिक टन प्रतिदिन हो गया है। वैश्विक टेंडर में स्पॉट ट्रेडिंग के जरिए खरीदी गई गैस की सप्लाई से भारत के यूरिया प्लांट्स को अब तक हो रही 62 फीसद की आपूर्ति बढ़कर 76 फीसद से ज्यादा हो जाएगी।

**उर्वरक के पर्याप्त भंडार उपलब्धः** भारत के पास पिछले साल के मुकाबले इस साल पर्याप्त उर्वरक भंडार उपलब्ध हैं। यूरिया, डीएपी सहित सभी उर्वरकों का स्टॉक पिछले साल मार्च में 138.79 एलएमटी था जो इस साल बढ़कर 180.04 एलएमटी हो गया है। यह स्टॉक 19 मार्च 2025 की तुलना में 29.72 फीसद अधिक है। डीएपी के स्टॉक में तो दोगुनी वृद्धि दर्ज हुई है।

### कूटनीतिक प्रयासों ...

कर देश की उर्वरक जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में मार्च महीने के आखिर तक देश में और अधिक उर्वरक सप्लाई की संभावना बनी हुई है।

### भारत ने चीन में की विक्रम ...

नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुए विवाद की पूर्ण समाप्ति के बाद दोराईस्वामी की बतौर राजनयिक के रूप में नियुक्ति की गई है। जो कि एक प्रकार से दोनों देशों के संबंधों को पनुः पटरी पर लाने की कवायद का ही हिस्सा है। विक्रम दोराईस्वामी को चीन की मेंडरिन भाषा का ज्ञान है। वर्ष 1996 में चार साल के कार्यकाल के दौरान वह बीजिंग प्रवास भी कर चुके हैं।

### मंत्रालय में निभाई ...

लौटे। जहां उन्होंने बांग्लादेश, म्यांमार प्रभाग में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। जिसके बाद उन्हें वैश्विक संगठनों, शिखर सम्मेलनों के लिए अतिरिक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया। यूएन और जोहान्सबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूतावास में भी उन्होंने अपनी सेवाएं दी हैं।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ...

मीडिया पर मोदी सरकार की आलोचना और जन मुद्दों को उठाने वाली आवाजों को व्यवस्थित तरीके से दबाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज सुबह एक्स (ट्विटर) पर कई ऐसे अकाउंट्स को भारत में ब्लॉक कर दिया गया, जो सरकार की विफलताओं को उजागर करते थे और आम लोगों के मुद्दे उठाते थे। '4 पीएम चैनल' के दोबारा सस्पेंड होने का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इसी तरह कई यूट्यूब चैनल्स सस्पेंड किए गए हैं। इंस्टाग्राम अकाउंट्स और रील्स भी निशाने पर लिए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि कारवां मैगजीन को मोदी की तस्वीर के साथ 'हीरो ऑफ हेटरेड' के कैप्शन वाली कवर फ्रोटो पोस्ट करने पर उसे डिलीट करने का आदेश आया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के आईटी और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के जरिए यह कार्रवाई की जा रही है। सरकारी अधिकारी तय कर रहे हैं कि क्या कंटेंट चलेगा और क्या नहीं। श्रीनेत ने बताया कि उन्हें स्वयं 11 ऐसे ईमेल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से आ चुके हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी सरकार आर्थिक, कूटनीतिक, राजनीतिक और सामाजिक समेत हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है। मोदी सरकार के नामी लोगों का नाम एपस्टीन फाइल में है और हर मोर्चे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी सरकार की काली करतूतों का पर्दाफाश हो रहा है। ऐसे में विपक्ष के साथ ही देश की आम जनता मोदी सरकार से सवाल पूछ रही है। सरकार ने मुख्यधारा की मीडिया को अपने अधीन ले लिया है। आम लोगों के लिए सवाल पूछने का साधन सोशल मीडिया बन गया है। ऐसे में सरकार चाहती है कि जो सवाल मुख्यधारा की मीडिया नहीं उठा रही है, वह सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स भी न उठाएं। उन्होंने उदाहरण दिया कि रुपये का मूल्य लगातार गिर रहा है, लेकिन मुख्यधारा की मीडिया में कोई चर्चा नहीं हो रही। सोशल मीडिया इस पर चर्चा कर रहा है, इसलिए उस पर भी कब्जे का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सदन में माइक बंद कर दिया जाता है और बाहर सोशल मीडिया अकाउंट। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहे कुछ भी कर लें, उनसे सवाल पूछे जाएंगे। प्रधानमंत्री से पूछा जाएगा कि कुख्यात यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन का दोस्त हरदीप पुरी उनकी कैबिनेट में क्यों है? प्रधानमंत्री एपस्टीन की सलाह पर अमेरिका के राष्ट्रपति से क्यों मिले, इजरायल क्यों गए? उन्होंने अमेरिका के सामने सरेंडर होकर व्यापार समझौता क्यों किया और भारतीय किसानों के हितों की बलि क्यों दी? अमेरिका के पास ऐसा कौन सा राज है, जिसके कारण वह ब्लैकमेल हो रहे हैं? पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने से पहले वह इजरायल में क्या कर रहे थे? एलपीजी किल्लत पर वह चुप क्यों हैं? ईरान जैसे पुराने मित्र से संबंध इतने खट्टे क्यों हो गए कि बड़ी मुश्किल से भारत के सिर्फ दो जहाज ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज निकलकर आए हैं? रुपये का मूल्य क्यों गिरता जा रहा है? जब चीन के टैंक सामने खड़े थे, तो उन्होंने जिम्मेदारी से पल्ला क्यों झाड़ लिया?

### धर्म स्वातंत्र्य विधेयक ...

समीक्षा की जानी चाहिए, इसलिए इसे विधानसभा की प्रवर समिति के पास भेजा जाना चाहिए। हालांकि, आसंदी द्वारा विपक्ष की इस आपत्ति को खारिज कर दिया गया। आसंदी के इस फैसले से नाराज होकर विपक्ष ने एकजुट होकर सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करने का निर्णय लिया और सदन से बाहर चले गए।

**धर्मांतरण की अनिवार्य प्रक्रिया और पूर्व घोषणाः** नए नियमों के अनुसार, अब धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया काफी सख्त होगी। कोई भी व्यक्ति जो अपना धर्म बदलना चाहता है, उसे निर्धारित प्रारूप में उस क्षेत्र के जिला मजिस्ट्रेट या अधिकृत अधिकारी को एक घोषणा पत्र सौंपना होगा। धर्मांतरण का अनुष्ठान कराने वाले व्यक्ति (जैसे पुजारी, मौलवी या फादर) को भी प्रस्तावित तिथि से पहले इसकी सूचना देनी होगी। सक्षम प्राधिकारी इस सूचना को अपनी वेबसाइट और स्थानीय कार्यालयों में 7 दिनों के भीतर सार्वजनिक करेंगे, जिसके बाद 30 दिनों तक किसी भी व्यक्ति को लिखित आपत्ति दर्ज कराने का अधिकार होगा।

**जल्दबाजी में पास नहीं किया जाना चाहिए- महंत** : धर्म स्वातंत्र्य विधेयक पेश होते ही नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कानून देश के कई राज्यों में पहले से हैं और मामला सुप्रीम कोर्ट में भी चल रहा है, इसलिए इस विधेयक को जल्दबाजी में पास नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, इसमें सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों के साथ सभी दलों के विधायकों की राय ली जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ऐसा कोई फैसला नहीं होना चाहिए, जिससे समाज में विभाजन बढ़े।

**विवाह और धर्मांतरण पर विशेष प्रावधानः** विधेयक में केवल धर्मांतरण के उद्देश्य से किए जाने वाले विवाहों पर कड़ा रुख अपनाया गया है। यदि अलग-अलग धर्मों के व्यक्ति विवाह करना चाहते हैं, तो उन्हें प्रस्तावित विवाह से 60 दिन पहले सक्षम प्राधिकारी को सूचित करना अनिवार्य होगा। प्राधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि क्या विवाह का मुख्य उद्देश्य अवैध धर्मांतरण है। कानून स्पष्ट करता है कि केवल विवाह करना किसी भी धार्मिक धर्मांतरण को वैध बनाने के लिए पर्याप्त नहीं होगा और इसके लिए निर्धारित कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करना ही होगा।

**सख्त सजा और जुर्माने का प्रावधान** : अवैध धर्मांतरण के दोषियों के लिए दंड के बेहद कड़े प्रावधान किए गए हैं। धारा 3 के उल्लंघन पर सामान्यतः 7 से 10 वर्ष तक के कारावास और कम से कम 5 लाख रुपये के जुर्माने की व्यवस्था है। हालांकि, यदि पीड़ित नाबालिग, महिला, या अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित है, तो कारावास की अवधि 10 से 20 वर्ष तक हो सकती है और जुर्माना 10 लाख रुपये से कम नहीं होगा। सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में सजा और भी गंभीर है, जिसमें दोषी को आजीवन कारावास और कम से कम 25 लाख रुपये के जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है।

**पारदर्शिता और जवाबदेही के नए मानकः** कानून के क्रियान्वयन के लिए विशेष न्यायालयों और विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति की जाएगी ताकि मामलों का त्वरित निस्तारण हो सके। धर्मांतरण में सहायता करने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं को अपना पंजीकरण कराना होगा और प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अपनी गतिविधियों और प्राप्त निधियों (घरेलू या विदेशी) की वार्षिक रिपोर्ट सक्षम प्राधिकारी को सौंपनी होगी। साक्ष्य का भार उस व्यक्ति पर होगा जिसने धर्मांतरण कराया है, यानी उसे सिद्ध करना होगा कि धर्मांतरण बल या प्रलोभन से नहीं हुआ है।

### साय बोले- कानून बनने ...

अज्ञानता का लाभ उठाकर प्रलोभन, दबाव और भय के माध्यम से धर्मांतरण की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिससे सामाजिक संतुलन और समरसता प्रभावित होती है। इस विधेयक के माध्यम से ऐसी अवैध और अनैतिक गतिविधियों पर अब प्रभावी रोक लगेगी। नए कानून के तहत धर्मांतरण कराने वाले और धर्मांतरण करने वाले दोनों को निर्धारित प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा। आवेदन की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी और निर्धारित प्रक्रिया के तहत उसका परीक्षण किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी प्रकार का प्रलोभन, दबाव या छल इसमें शामिल न हो। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एक माह के भीतर जांच कर अनुमति दी जाएगी, तभी धर्मांतरण वैध माना जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में वर्ष 1968 का कानून अपेक्षाकृत कमजोर था, जिसका लाभ उठाकर अवैध धर्मांतरण की घटनाएं सामने आती थीं। लेकिन अब यह नया कानून अधिक सख्त और प्रभावी है, जिसमें कड़े दंड और कारावास का भी प्रावधान किया गया है। इससे इस प्रकार की गतिविधियों पर निश्चित रूप से अंकुश लगेगा।

**विपक्ष पर सवाल** : मुख्यमंत्री श्री साय ने इस विषय पर विधानसभा में विपक्ष के रुख पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इतने महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय पर चर्चा में भाग लेना चाहिए था और समाजहित में अपने सुझाव देने चाहिए थे। इस तरह के मुद्दों पर मौन रहना या दूरी बनाना गलत प्रवृत्तियों को अप्रत्यक्ष समर्थन देने जैसा है।

### विधेयक कानूनी प्रक्रिया ..

जिस कानून को कांग्रेस ने स्वयं बनाया उसे आज की स्थिति में स्पष्ट करते हुए जब चर्चा करने की बात आई तो उन्होंने बहिर्गमन नहीं पलायन किया क्योंकि इस पर चर्चा करने से उनका वोट बैंक बिगड़ता है। माओवादी पूरी ताकत लगाकर वर्ग संघर्ष नहीं खड़ा कर सके, परंतु वर्तमान परिस्थितियों में धर्मांतरण ने वर्ग संघर्ष की स्थिति उत्पन्न कर दी है। वर्ष 2004 से लेकर 2021 के बीच कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, सुकमा इन सभी जिलों में एक भी धर्मांतरण के संदर्भ में सूचना प्रशासन के पास नहीं है।

## चिंतन

# आर्थिक और खाद्य संकट की ओर बढ़ रही दुनिया

दुनिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की चिंगारी केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और आम जनजीवन को अपनी चपेट में ले रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने इस आशंका को और गहरा कर दिया है कि आने वाले समय में दुनिया आर्थिक और खाद्य संकट की ओर तेजी से बढ़ सकती है। सप्लाई चेन बाधित होने का खतरा मंडरा रहा है। सबसे पहला असर ऊर्जा बाजार पर दिख रहा है। खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता और तनाव के चलते कच्चे तेल की कीमतें 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी हैं। यूरोप में गैस की कीमतों में 30-35 प्रतिशत तक उछाल दर्ज किया गया है। ऊर्जा महंगी होने का सीधा मतलब है हर चीज महंगी होना। परिवहन, उत्पादन, बिजली और रोजमर्रा की वस्तुओं की लागत बढ़ती है, जिसका बोझ अंततः आम आदमी पर ही पड़ता है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह स्थिति और चुनौतीपूर्ण है। भारतीय रुपया लगातार दबाव में है और आयात महंगा हो रहा है। जब कच्चा तेल महंगा होता है तो पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ते हैं, जिससे महंगाई की पूरी श्रृंखला शुरू हो जाती है। यही कारण है कि जियोपॉलिटिकल तनाव का असर केवल शेयर बाजार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि रसोई तक पहुंच जाता है। खाद्य संकट की आशंका भी उतनी ही गंभीर है। खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव के कारण फास्फेट, यूरिया और अन्य उर्वरकों की आपूर्ति बाधित हो सकती है। भारत, चीन और ब्राजील जैसे बड़े कृषि उत्पादक देशों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। उर्वरकों की कमी से फसल उत्पादन घटेगा, जिससे खाद्यान्न की कीमतें बढ़ेंगी और गरीब वर्ग पर सबसे ज्यादा मार पड़ेगी। युद्ध का एक और बड़ा प्रभाव सप्लाई चेन पर पड़ता है। पहले ही कोविड-19 के दौरान वैश्विक आपूर्ति प्रणाली कमजोर हो चुकी है, और अब नए संघर्ष ने इसे और अस्थिर बना दिया है। समुद्री मार्गों में बाधा, ऊर्जा सुविधाओं पर हमले और व्यापारिक अनिश्चितता ये सभी कारक मिलकर वैश्विक व्यापार को धीमा कर रहे हैं। यदि यह स्थिति लंबी चली, तो दुनिया को खाद्य वस्तुओं की कमी और महंगाई के दोहरे संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसका ताजा उदाहरण शेयर बाजार में आई भारी गिरावट है। 19 मार्च को सेंसेक्स में 2497 अंकों की गिरावट और निफ्टी में 776 अंकों की गिरावट ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। एक ही दिन में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान इस बात का संकेत है कि बाजार में भय का माहौल है। जब निवेशक जोखिम से बचने के लिए शेयर बेचने लगते हैं, तो पूंजी सुरक्षित ठिकानों की ओर भागती है, जिससे आर्थिक गतिविधियां और धीमी पड़ती हैं। हालांकि, इस संकट के बीच कूटनीतिक प्रयास भी जारी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ओमान के सुल्तान और मलेशिया के प्रधानमंत्री से बातचीत कर तनाव कम करने की कोशिश की है, लेकिन सवाल यह है कि क्या ये प्रयास पर्याप्त होंगे? इतिहास गवाह है कि जब तक वैश्विक शक्तियां एकजुट होकर निर्णायक हस्तक्षेप नहीं करतीं, तब तक ऐसे संघर्ष लंबे खिंचते हैं। यदि समय रहते इस आग को नहीं बुझाया गया, तो इसके दुष्परिणाम भयावह हो सकते हैं। महंगाई, बेरोजगारी, खाद्य संकट और आर्थिक मंदी ये सभी मिलकर वैश्विक अस्थिरता को जन्म देंगे। अंततः सबसे ज्यादा नुकसान उन गरीब और विकासशील देशों को होगा, जो पहले से ही संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं।



सहकारिता
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# महिलाओं के सहकारी नेतृत्व से बदलता देश

> भारत सरकार ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के साथ इतने उपक्रम को अपनाया है कि उससे भारतीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं कभी पीछे मुड़कर नहीं देखेंगी। भारत आज नेतृत्व, आर्थिक भागीदारी, सरकारी सहयोग, क्षेत्रीय सक्रियता, सामाजिक प्रभाव के अध्ययन व सशक्तिकरण की निति व नीतिगत बदलाव के लिए कार्य कर रहा है। इसमें अभिरुचि एवं अवसर दोनों बहुत मायने रखते हैं। यदि इनका समन्वय हो सका तो निःसंदेह आने वाला सहकारिता इतिहास स्त्रियों के नेतृत्व से परिपूर्ण दिखेगा और भारत तेजी से बदलता हुआ दिखेगा भी। आवश्यकता इस बात की है कि हम समय की पहचान करके सही दिशा में अपनी ऊर्जा को लगाएं।

अधिकार, न्याय व कार्रवाई थीम पर केंद्रित इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सुर्खियों में रहा है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र दस दिन तक विश्व की महिलाओं के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में खूब बातें कर रहा है। यूएन महासभा अध्यक्ष ऐनालेना बेयरबॉक का मानना है कि जब लड़कियां शिक्षा प्राप्त करती हैं तो अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ती है, जब महिलाएं कार्यबल में शामिल होती हैं तो उत्पादकता बढ़ती है और जब शान्ति वार्ताओं में महिलाएं शामिल होती हैं तो शान्ति समझौते अधिक समय तक टिकाऊ साबित होते हैं। भारत में महिलाओं के शैक्षणिक बदलाव हो रहे हैं लेकिन जो कम पढ़ी-लिखी महिलाएं हैं, उन्होंने भी सहकारिता से जुड़कर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का कार्य किया है। सहकार से समृद्धि की मिसाल पेश करतीं हमारे देश की महिलाओं का आत्मबल व आत्मविश्वास दोनों बहुत ही मजबूत है। राष्ट्रीय नई सहकारिता नीति एक विज़न, एक मिशन के साथ आगे बढ़ चुकी है।

भारत सरकार ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के साथ इतने उपक्रम को अपनाया है कि उससे भारतीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं कभी पीछे मुड़कर नहीं देखेंगी। छः रणनीतिक मिशन जिसमें नींव का सशक्तिकरण करने का संकल्प है, इसके अंतर्गत सहकारी आंदोलन की नींव को और भी मजबूत करने की कोशिश है। जीवंतता को प्रोत्साहित करने का संकल्प है जिसके अंतर्गत जीवंत और आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र का सृजन होगा। तीसरा, सहकारी समितियों को भविष्य के लिए तैयार करने की कोशिश, जिसमें सहकारी समितियों को पेशेवर और सतत आर्थिक इकाइयों में रूपांतरित किया जाएगा। चौथा समावेशिता को बढ़ावा देकर पहुंच का विस्तार प्रदान करने के लिए सहकार आधारित समावेशी विकास और सहकारी समितियों को जन आंदोलन के रूप में प्रोत्साहित करने पर बल है। साथ ही नए और उभरते क्षेत्रों में विस्तार हो, इसके लिए ऐसी योजना है कि सहकारी समितियों के नए और उभरते क्षेत्रों में विस्तार को प्रोत्साहित किया जाए। सबसे अहम संकल्प यह है कि सहकारी विकास के लिए युवा पीढ़ी को तैयार करने को प्रोत्साहन मिले, जिसका उद्देश्य है कि युवा पीढ़ी को प्रेरित कर उन्हें अनुभवजन्य सहकारी ज्ञान प्रदान करके भारत निर्माण में उन्हें जोड़ा जाए। यह न केवल ग्रामीण सहकारी परिवेश से उनके जुड़ाव को विकसित करेगा बल्कि गांव की संस्कृति से भागते युवाओं को पुनः गांव से जोड़ने का कार्य करेगा। स्त्री युवा शक्ति इसमें सबसे ज्यादा लाभान्वित होने वाली हैं, यह तो तय है। । इसका उल्लेख अब पूरे विश्व में हो रहा है। एनडीडीबी से जुड़ी स्त्रियों की सफलता की कहानियां अब शोध और अध्ययन का हिस्सा बनने जा रही हैं। भारतीय सहकारिता आन्दोलन को देखकर आज कुछ ऐसा ही स्पष्ट हो रहा है कि भारत सरकार कितनी जागरूकता के साथ सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी व्यवस्था, लोग और खासकर स्त्री-शक्ति-सशक्तिकरण पर कार्य कर रही है।

यह इसलिए कहा जा सकता है क्योंकि अगर बहुत संजीदगी से देखा जाए तो विभिन्न विश्लेषण बताते हैं कि सरकार डेयरी, कृषि, हस्तशिल्प और ग्रामीण उद्यमों जैसे क्षेत्रों में महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों के गठन और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित कर अन्य मंत्रालयों के साथ मिलकर विभिन्न संस्थानों और



योजनाओं के माध्यम से क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करने की कोशिश कर रही है। श्वेत क्रांति 2.0 ने तो मानों देश में एक नई आर्थिक समृद्धि की ओर बढ़ने को तत्पर है। ऐसा सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 46,422 मौजूदा डेयरी सहकारी समितियों के सशक्तिकरण के अलावा, 75,000 नई डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया। डेयरी सहकारी समितियां महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और ग्रामीण आजीविका बढ़ाने की दिशा में इससे बढ़ चुकी हैं। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम-एनसीडीसी ने भी महिला केंद्रित योजनाएं शुरू की हैं जिसमें स्वयं शक्ति सहकार योजना, नंदिनी सहकार योजना एवं युवा सहकार योजनाओं ने तो आमूलचूल परिवर्तन करने का बीड़ा उठाया है।

स्वयं शक्ति सहकार योजना से एक तरफ आय सृजन कार्यकलापों, उद्यमिता विकास और महिला एसएचजी की क्षमता निर्माण होगा, वहीं दूसरी तरफ वित्तीय सहायता प्रदान करके महिला सहकारी समितियों को बढ़ावा मिलेगा और स्त्रियां सशक्त होंगी। नंदिनी सहकार योजना से डेयरी, पशु पालन, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य संबद्ध क्षेत्रों जैसे कार्यकलापों में लगी महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों को वित्तीय सहायता मिलेगी तो इससे सहकारी उद्यमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने वाली है। युवा महिला उद्यमियों को एनसीडीसी के माध्यम से वित्तीय सहायता और समर्थन मिलेगा। उभरते और अभिनव क्षेत्रों में सहकारी उद्यमों की स्थापना होने से प्रबंधन में प्रोत्साहित होंगी। चीन की राजधानी बीजिंग में वर्ष 1995 में दुनिया के देशों ने एक साथ आकर एक घोषणापत्र बीजिंग प्लेटफ़ॉर्म को पारित किया था, जिसे महिला अधिकारों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ माना जाता है। इस पड़ाव के 30 वर्ष पूरे हो चुके हैं। आर्थिक उन्नति, समावेशिता और उन्नत स्वास्थ्य के साथ पूर्णतया प्रतिभागिता को यह सम्मेलन संबोधित करता है. भारत में सहकारिता क्षेत्र में कार्य कर रही स्त्रियों को देखा जाए तो यह कहा जा सकता है कि यह सहकारिता आन्दोलन बीजिंग घोषणापत्र का भी सम्मान क्षेत्र है. भारत में सशक्तिकरण अब एक नारा नहीं है अपितु सशक्तिकरण की मिसाल है सहकारिता।

भारतीय स्त्रियां जो सहकारिता क्षेत्र अब पढ़-लिखकर व शोध करके आने वाले समय में भारत के लिए कार्य करने वाली हैं, उसकी गाथा आने वाले वर्षों में शोध का विषय होंगी। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है जिसे भारत सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ अमित शाह के नेतृत्व में अर्जित कर रही है क्योंकि उनकी इच्छाशक्ति और कार्य को मूर्तरूप प्रदान करने की निराने शक्ति दोनों स्पष्ट है। भारतीय सामाजिक ताने-बाने के बीच अपनी जिंदगी संवारतीं महिलाओं के सशक्तिकरण की यह सहकारिता यात्रा भारत के बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। भारत की महिलाओं के बहुत से ऐतिहासिक उपलब्धियों की कहानियां प्रचलित हैं लेकिन विगत कुछेक वर्षों में सहकारिता से सशक्त स्त्री का इतिहास आने वाले समय में प्रेरणा का विषय बनने जा रहा है। भारत आज नेतृत्व, आर्थिक भागीदारी, सरकारी सहयोग, क्षेत्रीय सक्रियता, सामाजिक प्रभाव के अध्ययन व सशक्तिकरण की निति व नीतिगत बदलाव के लिए कार्य कर रहा है। इसमें अभिरुचि एवं अवसर दोनों बहुत मायने रखते हैं। यदि इनका समन्वय हो सका तो निःसंदेह आने वाला सहकारिता इतिहास स्त्रियों के नेतृत्व से परिपूर्ण दिखेगा और भारत तेजी से बदलता हुआ दिखेगा भी। आवश्यकता इस बात की है कि हम समय की पहचान करके सही दिशा में अपनी ऊर्जा को लगाएं।

*(लेखक केंद्रीय विवि पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## गौरैया दिवस

सुनील कुमार महला




# चिरैया का संरक्षण मानवता के सुरक्षित भविष्य की गारंटी

प्रतिवर्ष 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य गौरैया तथा अन्य छोटे पक्षियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, उनकी निरंतर घटती संख्या के कारणों को समझाना, जैव-विविधता (बायो-डायवर्सिटी) के महत्व को रेखांकित करना तथा लोगों को पेड़-पौधे लगाने, कृत्रिम घोंसले बनाने और पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने जैसे व्यावहारिक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में भारत की संस्था नेचर फोरएवर सोसायटी द्वारा की गई थी। एक समय था जब घर-आंगन में गौरैया की चहचहाहट हमारे सामान्य जीवन का हिस्सा हुआ करती थी, किंतु बदलती जीवनशैली, पक्के मकानों के बढ़ते चलन और घटते हरित क्षेत्र के कारण आज इनकी संख्या में भारी गिरावट देखी जा रही है और इसका सीधा व प्रत्यक्ष प्रभाव हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र (इको सिस्टम) पर पड़ रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज बढ़ती आबादी, तीव्र शहरीकरण, औद्योगीकरण, कंक्रीट के जंगलों का विस्तार, ध्वनि, जल तथा वायु प्रदूषण, मोबाइल टावरों से निकलने वाला विकिरण, वनों की अंधाधुंध कटाई, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, कीटनाशकों और रसायनों का अत्यधिक उपयोग तथा कृषि में तकनीकी बदलाव जैसे अनेक कारण गौरैया के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। वास्तव में, छोटे पक्षी विशेष रूप से ध्वनि प्रदूषण को सहन नहीं कर पाते, वहीं टावरों से निकलने वाली तरंगें उनकी प्रजनन क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। इतना ही नहीं, आधुनिक ईंधनों में प्रयुक्त रसायन जैसे बेंजीन और मिथाइल तृतीयक ब्यूटाइल ईथर उन कीटों को नष्ट कर देते हैं, जिन पर गौरैया के बच्चे निर्भर रहते हैं। उद्यानों में कीटनाशकों और शाकनाशियों के अत्यधिक उपयोग से भी कीटों की संख्या में कमी आई है, जिससे इनके भोजन का संकट उत्पन्न हो गया है। शहरी क्षेत्रों में पारंपरिक घोंसला स्थलों की कमी, कांच से बनी बंद इमारतों का बढ़ता प्रचलन तथा उपयुक्त भोजन की अनुपलब्धता इनके प्रजनन को लगातार प्रभावित कर रही है। बदलती वास्तुशैली और सांस्कृतिक परिवर्तनों ने इनके आवास और खाद्य स्त्रोतों को लगभग समाप्त कर दिया है। बहरहाल, यदि हम यहां पर आंकड़ों की बात करें तो विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार भारत में घरेलू गौरैया की संख्या में लगभग 60 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। पक्षियों के संरक्षण के लिए रॉयल सोसाइटी (रॉयल सोसाइटी फोर दि प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स) ने इसे अपनी रेड-लिस्ट में शामिल किया है। गौरतलब है कि विश्व में गौरैया की लगभग 26 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 5 भारत में मिलती हैं। यह बिहार का राज्य पक्षी है तथा वर्ष 2012 में इसे दिल्ली का राज्य पक्षी घोषित किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) के अनुसार आंध्र प्रदेश में इसकी संख्या में 80 प्रतिशत तक कमी आई है, जबकि केरल, गुजरात और राजस्थान में लगभग 20 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई है। 'स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स' रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी संख्या अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई है, जबकि महानगरों में 70 से 80 प्रतिशत तक गिरावट देखी गई है। गौरैया पासेरीडे परिवार की एक सामाजिक और सर्वाहारी पक्षी है, जो झुंड में रहना पसंद करती है। यह मुख्यतः बीज, कीड़े, जामुन और फल खाती है। इसकी सामान्य उड़ान गति लगभग 24 मील प्रति घंटा होती है, जो खतरे की स्थिति में 31 मील प्रति घंटा (लगभग 45 किलोमीटर प्रति घंटा) तक पहुंच सकती है। इसकी औसत आयु 4 से 5 वर्ष होती है। यह दीवारों, पेड़ों के कोटरों, झाड़ियों, पुराने घरों, रोशनदानों और खिड़कियों में घोंसला बनाती है। नर गौरैया अपने घोंसले की रक्षा आक्रामक रूप से करता है और यह पक्षी सामान्यतः जीवनभर एक ही साथी के साथ रहने की प्रवृत्ति रखता है, जो इसकी वफादारी को दर्शाता है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में गौरैया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अल्फा और कटवर्म जैसे हानिकारक कीटों को खाकर फसलों की रक्षा करती है, इसलिए इसे किसानों का मित्र कहा जाता है। अंततः, गौरैया संरक्षण के लिए किसी बड़े निवेश की आवश्यकता नहीं है, बल्कि छोटे-छोटे प्रयास ही पर्याप्त सिद्ध हो सकते हैं-जैसे घरों में दाना-पानी रखना, मिट्टी के बर्तनों (परिंडे) का उपयोग करना, पौधे लगाना, कृत्रिम घोंसले बनाना तथा पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना। निष्कर्षतः, गौरैया केवल एक साधारण पक्षी नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन की आधारशिला है; इसका संरक्षण मानवता के सुरक्षित और संतुलित भविष्य की गारंटी है।

*(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
**दर्शन**

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

# अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा



संकलित
**प्रेरणा**

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### वनों को काटने से रोका जाए

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए गए। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन, बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है।भारत में बहुत पहले से ही वनों और वृक्षों को काटने से रोकने के प्रयास सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा आरंभ कर दिए गए थे। फिर भी परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर जंगल काटे जा रहे हैं। हमें इसे रोकना होगा। - *महेश कुमार यद्दु, रायपुर*

## ट्रेंड

### आत्मनिर्भर बने देश



भारत की रक्षा तैयारियों और सामरिक स्वायत्तता के लिए यह आवश्यक है कि देश ड्रोन निर्माण में पूरी तरह आत्मनिर्भर बने और आने वाले वर्षों में ड्रोन निर्माण का ग्लोबल हब बने।
**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### 207 नई बसें रवाना



राजस्थान दिवस पर प्रदेशवासियों के लिए यातायात सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित और आधुनिक बनाने हेतु 207 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये बसें न केवल शहरों और गांवों के बीच की दूरी को कम करेंगी, बल्कि प्रदेश के विकास को भी नई दिशा प्रदान करेंगी।
**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### गहरी संवेदना



मध्य प्रदेश के इंदौर में शार्ट सर्किट से घर में लगी आग से बिहार के 6 लोगों की मृत्यु दुःखद। शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना है। मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान दिया जाएगा।
**- नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**


### चुनाव आयोग बना हथियार



बीजेपी ने बेईमानी से चुनाव जीतने के लिए चुनाव आयोग को अपना हथियार बना लिया है। जो आज पश्चिम बंगाल में हो रहा है, यही दिल्ली के चुनाव में भी हुआ था। लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ायी गईं। आज ममता भी लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ रही हैं। इस संघर्ष में हम उनके साथ हैं।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

## करंट अफेयर

# तुलसी गबार्ड ने खोल दी ट्रंप के दावे की पोल?



अमेरिका की इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड के एक बयान ने वॉशिंगटन की सियासत में हलचल मचा दी है। उनके इस खुलासे के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे पर सवाल उठने लगे हैं, जिसमें ईरान के न्यूक्लियर खतरे को जंग की बड़ी वजह बताया गया था। गाबार्ड ने सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के सामने अपने लिखित बयान में कहा कि 2025 में अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद ईरान ने अपने परमाणु संवर्धन (न्यूक्लियर एनरिचमेंट) कार्यक्रम को दोबारा शुरू करने की कोई कोशिश नहीं की है। तुलसी गबार्ड ने बताया कि ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के बाद ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम पूरी तरह तबाह हो गया था और तब से उसे फिर से खड़ा करने की कोई गतिविधि सामने नहीं आई। यह बयान सीधे तौर पर ट्रंप प्रशासन के उस तर्क को कमजोर करता है, जिसमें बार-बार कहा गया कि ईरान का न्यूक्लियर कार्यक्रम अमेरिका के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। ट्रंप और उनके अधिकारी लगातार यह कहते रहे हैं कि ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा को रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई जरूरी थी लेकिन गबार्ड के बयान के बाद बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि अगर ईरान ने अपना प्रोग्राम दोबारा शुरू ही नहीं किया, तो फिर जंग की जरूरत क्यों पड़ी?

## ऑफ बीट

# सप्ताह में 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि जरूरी



व्यायाम आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और विशेष रूप से आपके हृदय के लिए अच्छा है। विशेषज्ञों की राय है कि हमें सप्ताह में 150 मिनट की मध्यम-से-जोरदार शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। शोधकर्ताओं ने पाया कि एक्सेलेरोमीटर मूल्यांकन के बाद छह वर्षों में, जो लोग नियमित रूप से मध्यम से जोरदार गतिविधि करते थे, उनमें गतिहीन लोगों की तुलना में स्ट्रोक, दिल का दौरा, दिल की विफलता और एट्रियल फाइब्रिलेशन कम था। इस अध्ययन का अनोखा निष्कर्ष यह था कि जिन लोगों ने अपनी आधी से अधिक गतिविधि सप्ताहांत में की, उनकी तुलना में उन लोगों के परिणामों में कोई अंतर नहीं था, जिन्होंने इसे पूरे सप्ताह में फैलाकर किया। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कब किया गया था, मध्यम-जोरदार शारीरिक गतिविधि बेहतर हृदय स्वास्थ्य से जुड़ी थी। अध्ययन में, लेखकों ने उन लोगों को 'सप्ताहांत योद्धा' कहा, जिन्होंने सप्ताह में 150 मिनट से अधिक की मध्यम-से-जोरदार गतिविधि की। यह लाइक्रा पहने पहाड़ी रास्तों पर साइकिल की सवारी करते हुए या मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों को 90 मिनट की कठिन फुटबॉल खेलने जैसा है।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# राजा वुंडरू को परिवहन विभाग,मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग का एसीएस बनाया

## हरियाणा में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल 23 आईएएस अधिकारियों के तबादले


हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से 23 आईएएस अधिकारियों के तबादला एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा आदेशों के अनुसार डॉ. राजा शेखर वुंडरू को परिवहन विभाग तथा मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव लगाया गया है। जी. अनुपमा को सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग के साथ-साथ नागरिक उड्डयन विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव लगाया गया है।

अपूर्व कुमार सिंह को उच्चतर शिक्षा विभाग और लोक निर्माण (भवन एवं सड़क) तथा वास्तुकला विभाग का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। अनुराग अग्रवाल को नगर एवं ग्राम आयोजना तथा शहरी संपदा विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव लगाया है। विजयेंद्र कुमार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, नियुक्तियां, कार्मिक विभाग तथासैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव

*विजय सिंह दहिया पशुपालन एवं खेल विभाग के प्रधान सचिव नियुक्त*

*आशिमा बराड़ को ऊर्जा विभाग के आयुक्त एवं सचिव का दायित्व दिया गया*



और प्रस्तावित हरियाणा आय संवर्धन बोर्ड अधिकारी का ओएसडी लगाया गया है। पंकज अग्रवाल को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा खान एवं भूविज्ञान विभाग में प्रधान सचिव और हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड में सलाहकार नियुक्त किया गया है।

विजय सिंह दहिया को स्कूल शिक्षा विभाग के साथ-साथ पशुपालन एवं खेल विभाग का प्रधान सचिव लगाया गया है। आशिमा बराड़ को आबकारी एवं कराधान तथा वित्त विभाग के साथ-साथ ऊर्जा विभाग के आयुक्त एवं सचिव का दायित्व भी दिया गया है। फूलचंद मीणा को मानव संसाधन विभाग, सामान्य प्रशासन के आयुक्त एवं सचिव तथा गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ-साथ फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण का मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी नियुक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव साकेत कुमार को विकास एवं पंचायत विभाग और सहकारिता विभाग के आयुक्त एवं सचिव के साथ-साथ हरियाणा पावर जेनरेशन कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक का कार्यभार भी सौंपा गया है। ए. मोना श्रीनिवास को रेजिडेंट कमिश्नर, हरियाणा भवन, नई दिल्ली तथा सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जे. गणेशन को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, नागरिक संसाधन सूचना विभाग का आयुक्त एवं सचिव, सभी के लिए आवास विभाग का महानिदेशक एवं सचिव लगाया गया है।

इसके अलावा उन्हें हरियाणा एआई विकास परियोजना और हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट और अन्य बाहरी सहयता प्राप्त परियोजनाओं का सीईओ और हरट्रॉन का प्रबंध निदेशक लगाया गया है। अशोक कुमार मीणा को शहरी स्थानीय निकाय विभाग का आयुक्त एवं सचिव तथा विदेशी सहयोग विभाग के महानिदेशक का कार्यभार दिया गया है। मनी राम शर्मा को रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां नियुक्त किया गया है। मुकुल कुमार को निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय, मिशन निदेशक, राज्य शहरी आजीविका मिशन एवं राज्य शहरी विकास प्राधिकरण तथा निदेशक, हॉस्पिटैलिटी का कार्यभार सौंपा गया है। डॉ. आदित्य दहिया को प्रबंध निदेशक, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड तथा निदेशक, डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर नियुक्त किया गया है।

विजय कुमार सिद्धप्पा भावीकट्टी को प्रबंध निदेशक, हैफेड तथा हरियाणा इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केटिंग कॉर्पोरेशन, गनौर का दायित्व दिया गया है। सुशील सारवन को प्रबंध निदेशक, हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम तथा हरियाणा वित्त निगम का कार्यभार सौंपा गया है। दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम को उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड का प्रबंध निदेशक भी लगाया गया है। नेहा सिंह को उपायुक्त, सोनीपत नियुक्त किया गया है। सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग की अतिरिक्त निदेशक और विजिलेंस विभाग की अतिरिक्त सचिव वर्षा खांगवाल को राज्य परियोजना निदेशक, हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। मनीता मलिक को निदेशक, मौलिक शिक्षा हरियाणा एवं अतिरिक्त सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग नियुक्त किया गया है। वंदना दिसोदिया को कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण हरियाणा का निदेशक तथा अतिरिक्त सचिव लगाया गया है।

## बवाना में 30 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या, बच्चे समेत तीन घायल

**नई दिल्ली।** आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के बवाना थाना अंतर्गत गुरुवार शाम एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोलीबारी में बच्चे समेत तीन लोग घायल भी हुए है। मरने वाले व्यक्ति का नाम रवि भारद्वाज बताया गया है।

पुलिस के अनुसार शाम लगभग 5:26 बजे, बवाना के हरेवली गांव में गोलीबारी की घटना के संबंध में दो पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। कॉल करने वालों ने बताया कि कुछ बाइक सवारों ने उनके परिवार के सदस्य पर गोली चलाई और वे उसे पूठ खुर्द के अस्पताल ले जा रहे थे। पुलिस टीम वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तुरंत घटनास्थल और अस्पताल पहुंची। प्रारंभिक जांच में पता चला कि तीन आरोपी मोटरसाइकिल पर आए और उन्होंने विशेष रूप से रवि भारद्वाज को निशाना बनाकर गोलीबारी की। घटनास्थल से खाली कारतूस बरामद किए गए। लगभग 30 वर्षीय रवि भारद्वाज को पूठ खुर्द के एमवी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। शव को बीएसए अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है। घायल तीन लोगों में अनिल भारद्वाज (55) पुत्र राम प्रसाद, राज कुमार (46) पुत्र देवी दयाल और एक नाबालिग लड़का उम्र लगभग 8 वर्ष शामिल है। पुलिस स्टेशन बवाना में शस्त्र अधिनियम की धारा 103(1), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

## दुलारचंद हत्याकांड में अनंत को मिली बेल

**मोकामा।** यहां के विधायक अनंत सिंह को पटना हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उन्हें चर्चित दुलारचंद यादव हत्या मामले में जमानत दे दी गई है। अदालत ने सुनवाई के दौरान प्रस्तुत तथ्यों और साक्ष्यों पर विचार करते हुए यह निर्णय सुनाया।

कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद संभावना है कि अनंत सिंह शुक्रवार या शनिवार तक जेल से रिहा हो सकते हैं। उनके समर्थकों में खुशी है।

## कन्नूर सांसद ने कांग्रेस को दिया अल्टीमेटम

**नई दिल्ली।** असम से लेकर केरल तक चुनाव से पहले कांग्रेस के लिए चुनौतियां बढ़ रही हैं। केरल के कन्नूर से लोकसभा सांसद के सुधाकरन ने पार्टी नेतृत्व को अल्टीमेटम दिया है कि उन्हें विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया गया तो भी वो निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। सुधाकरन यहां चुनाव लड़ना चाह रहे हैं।

### भाजपा ने असम की पहली सूची में 88 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा

# अभयपुरी से भूपेन, बिजनी से अरूप, भवानीपुर सोरभोग से रंजीत कुमार दास को मिला टिकट

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने असम विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट बृहस्पतिवार को घोषित की। लिस्ट में 88 उम्मीदवारों का ऐलान किया है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन प्रत्याशियों के नाम पर मुहर लगी थी और अब इसकी घोषणा कर दी गई है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल थे। भाजपा ने जिन उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतरा है, उनमें प्रमुख तौर पर अभयपुरी से भूपेन रॉय, बिजनी से अरूप कुमार डे, भवानीपुर-सोरभोग से रंजीत कुमार दास, मंडिया से बादल चंद्र आर्य, चमरिया से ज्योत्स्ना कलिता और बोको-चायगांव से राजू मेच का नाम शामिल है। गोलकगंज से अश्विनी राय सरकार, धुबरी से उत्तम प्रसाद, बिरसिंग जरूआ से माधवी दास, गोलपारा पश्चिम से पबित्र राभा और दुधनई से टंकेश्वर राभा को टिकट दिया है। पार्टी ने पलासबारी से हिमांशु शेखर बैश्य, रंगिया से भबेश कलिता, कमलपुर से दिगंत कलिता, दिसपुर से प्रद्युत बोरदोलोई, नई गुवाहाटी से दिप्लु रंजन सरमा, गुवाहाटी सेंट्रल से विजय कुमार गुप्ता और जालुकबारी से डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा को मौका दिया है। वहीं, बरखेत्री से नारायण डेका, नलबाड़ी से जयंत मल्ल बरुआ, तिहू से चंद्रमोहन पाटोवारी, तामुलपुर से बिस्वजीत देइमारी, गोरेस्वर से विक्टर कुमार दास, टांगला से बिकन चंद्र डेका, सिपाझार से डॉ. परमानंद राजबंशी को उम्मीदवार बनाया है।

### पशिचम बंगाल की दूसरी लिस्ट में 111 नाम, रूपा गांगुली और दिब्येंदु अधिकारी को टिकट

भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर बृहस्पतिवार को 111 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी उम्मीदवार सूची जारी कर दी। भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के भाई दिब्येंदु अधिकारी को भी टिकट दिया है। रेखा पात्रा को हिंगलगंज, अभिनेत्री रूपा गांगुली को सोनारपुर दक्षिण, प्रियंका टिबरेवाल को एंटली और तपस रॉय को मानिकतला से उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा ने दूसरी सूची में 111 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। इससे पहले पार्टी 144 सीटों पर उम्मीदवार उतार चुकी थी। अब तक कुल 255 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है, जबकि 39 सीटों पर अभी भी फैसला बाकी है। सूची में निसिथ प्रमाणिक को मथाभांगा, शंकर अधिकारी को चोपड़ा, कौस्तव बागची को बैरकपुर और अरूप चौधरी को कामरहाटी से टिकट मिला है। इस सूची में कुछ बड़े बदलाव भी देखने को मिले हैं। हिरण चटर्जी को खड़गपुर सदर से हटाकर श्यामपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। पहले उनके टिकट को लेकर सस्पेंस बना हुआ था, लेकिन पार्टी ने उन्हें नई सीट से मौका देकर चौंका दिया है। साथ ही, पहली सूची में कुछ बदलाव भी किए गए हैं। बिष्णुपुर (एससी) विधानसभा सीट पर भाजपा ने बदलाव करते हुए अब विस्वजीत खान को उतारा है। वहीं, जॉयपुर विधानसभा में बिस्वजीत महतो को भाजपा ने समर्थन दिया है। बता दें, कि पश्चिम बंगाल में दो चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे। 23 अप्रैल को पहले चरण के चुनाव में 152 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा, जबकि 29 अप्रैल को दूसरे चरण के चुनाव में 142 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। इसके साथ ही, चार मई को चुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### केरल में भाजपा ने 39 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

केरल विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने आज 39 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। भाजपा ने अब तक 86 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इस लिस्ट में भाजपा ने कुल छह महिलाओं को मैदान में उतारा है। दोनों लिस्ट को मिला दें तो अब तक भाजपा ने कुल 13 महिलाओं को टिकट दिया है। भाजपा ने पूर्व भाजपा अध्यक्ष और मिजोरम को पूर्व राज्यपाल कुम्मनम राजशेखरन को टिकट दिया है। राजशेखरन ने इससे पहले 2021 में नेमोम से चुनाव लड़ा था, जहाँ मौजूदा शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी विजयी हुए थे। वरिष्ठ भाजपा नेता बी. गोपालकृष्णन गुरुवायूर से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने धर्मडोम से के. रंजीत को भी मैदान में उतारा है, जहाँ मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन चुनाव लड़ रहे हैं। पार्टी ने त्रिशूर में एससी आरक्षित सीट नट्टिका निर्वाचन क्षेत्र से भाकपा के पूर्व विधायक सी.सी. मुकुंदन को मैदान में उतारा है, मुकुंदन ने हाल ही में सीट न दिए जाने के कारण भाकपा छोड़ दी थी, क्योंकि पार्टी ने पूर्व विधायक गीता गोपी को प्राथमिकता दी थी। भाजपा ने इस बीर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को भी टिकट दिया है। इस लिस्ट में बिग बॉस के प्रतियोगी रहे रॉबिन राधाकृष्णन को कोल्लम के कुंदारा से मैदान में उतारा गया है।

**पशिचम बंगाल चुनाव:** भाजपा ने दूसरी सूची में 111 उम्मीदवारों का किया ऐलान

### रूपा को सोनपुर दक्षिण, प्रमाणिक को माथाभांगा तो छेत्री को कलिम्पोंग से उतारा



निशीथ प्रमाणिक



रूपा गांगुली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/ कगोलकाता

भाजपा ने पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए दूसरी लिस्ट में 111 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। इसमें 19 महिलाओं का नाम है। इससे पहले पहली लिस्ट में 144 प्रत्याशियों की घोषणा की थी। पूर्व सांसद रूपा गांगुली को सोनपुर दक्षिण विधानसभा सीट, पूर्व केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक को माथाभांगा विधानसभा सीट, हॉकी के पूर्व खिलाड़ी भरत छेत्री को कलिम्पोंग विधानसभा से उम्मीदवार बनाया है। इनके अलावा भाजपा ने दार्जिलिंग से नोमन राय को पार्टी ने से उम्मीदवार बनाया है। इसी सूची में पहली लिस्ट में घोषित किए गए बिष्णुपुर (एससी) सीट के प्रत्याशी में बदलाव की जानकारी भी दी है। अब बिष्णुपुर विधानसभा सीट पर भाजपा ने विस्वजीत खान को उतारा है। भाजपा ने जॉयपुर सीट पर बिस्वजीत महतो के नाम का ऐलान किया।

**ममता ने अफसरों के तबादले को बताया राजनैतिक हस्तक्षेप**

## टीएमसी सुप्रीमो ने चुनाव आयोग के दखल को प्रशासन को पंगु बनाने का प्रयास बताया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि चुनाव अधिसूचना जारी होने से पहले ही शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों सहित 50 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को मनमाने ढंग से हटा दिया गया है। बनर्जी ने इस कदम को राजनीतिक हस्तक्षेप करार दिया और चेतावनी दी कि इस तरह की कार्रवाइयां संस्थागत निष्पक्षता को कमजोर करती हैं और राज्य में चुनावों के संचालन को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा करती हैं। विधानसभा चुनावों से पहले बंगाल को अनुचित रूप से निशाना बनाए जाने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग की कड़ी आलोचना की है। बनर्जी ने आगे आरोप लगाया कि सूचना एवं संचार ब्यूरो (आईबी), एसटीएफ और सीआईडी जैसी प्रमुख एजेंसियों को चुनिंदा तबादलों के जरिए कमजोर किया जा रहा है, जिसे उन्होंने राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था को पंगु बनाने का जानबूझकर किया गया प्रयास बताया। उन्होंने पारदर्शिता को लेकर चिंता जताते हुए पूरक मतदाता सूचियों के प्रकाशन में देरी पर भी सवाल उठाए। स्थिति को "अघोषित आपातकाल" बताते हुए उन्होंने भाजपा पर संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि बंगाल लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगा।

पश्चिम बंगाल में चुनाव संचालन और प्रशासनिक निर्णयों को लेकर चल रही राजनीतिक खींचतान के बीच आई हैं।

## टीएमसी सरकार के असहयोग के कारण चुनाव तैयारियों में बाधा आईः भाजपा

भाजपा नेता पॉल ने टीएमसी और वामपंथियों पर तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया। उधर, भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया के लिए डेटा प्रबंधन अधिकारियों की मांग की थी, लेकिन ममता सरकार ने सहयोग करने से इनकार कर दिया। इससे राज्य में चुनावी तैयारियों में बाधा उत्पन्न हुई। पॉल ने टीएमसी और वामपंथियों दोनों की आलोचना करते हुए उन पर तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन प्रयासों के बावजूद, अल्पसंख्यक समुदायों को कोई वास्तविक विकास नहीं मिला, बल्कि उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया। ये टिप्पणियां चुनावों से पहले पार्टियों के बीच बढ़ते जुबानी जंग को और हवा देती हैं।पॉल ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया के लिए डेटा प्रबंधन अधिकारियों की मांग की थी, लेकिन ममता बनर्जी सरकार ने सहयोग करने से इनकार कर दिया। उन्होंने दावा किया कि इस कदम से राज्य में चुनावी तैयारियों में बाधा उत्पन्न हुई।

## 'ग्रेट निकोबार' का आदिवासी प्रमुखों ने किया विरोध, राहुल से की मुलाकात

### आदिवासियों ने कहा- इससे आजीविका प्रभावित होगी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



ग्रेट निकोबार द्वीप के आदिवासी प्रमुखों का एक प्रतिनिधिमंडल, आदिवासी कांग्रेस के नेताओं के साथ, आज लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने प्रस्तावित 'ग्रेट निकोबार परियोजना' का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि यह परियोजना उनके पारंपरिक जीवन, संस्कृति और द्वीप के नाजुक पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। आदिवासी नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि परियोजना को मंजूरी देने की प्रक्रिया के दौरान उनकी सहमति सही तरीके से नहीं ली गई।

मुलाकात के दौरान आदिवासी प्रमुखों ने अपनी चिंताओं को विस्तार से रखते हुए कहा कि इस परियोजना से उनके आजीविका के साधनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और पर्यावरणीय संतुलन भी बिगड़ सकता है। इस पर राहुल गांधी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और उनके अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए उनकी आवाज को हर मंच पर उठाएगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदायों के अधिकारों और पर्यावरण संरक्षण से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

**गुजरात में यूसीसी लागू होगा**

### हलाला से मिली आजादी... दूसरी शादी पर 7 साल जेल!

**अहमदाबाद।** उत्तराखंड के बाद अब गुजरात भी यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसूसू) लागू करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। राज्य कैबिनेट ने 'गुजरात समान नागरिक संहिता , 2026' के मसौदे को मंजूरी दे दी है और इसे विधानसभा सचिवालय भेज दिया गया है। सरकार की कोशिश है कि मौजूदा बजट सत्र में ही इस विधेयक को पास करा लिया जाए। अब गुजरात देश का दूसरा राज्य बन जाएगा जहां सभी धर्मों के लिए एक समान नागरिक कानून लागू होगा। मसौदे में हलाला प्रथा पर रोक लगाने का प्रावधान किया गया है। यूसीसी लागू होने के बाद राज्य में शादी, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े नियम सभी समुदायों के लिए समान हो जाएंगे। अलग कानून खत्म हो जाएंगे।

### सीडीएससीओ ने दिए नए दिशा-निर्देश

**सुनिश्चित होगी गुणवत्ता**

## अब दवाओं के लाइसेंस के लिए डोजियर प्रणाली का पालन जरूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने दवा निर्माण लाइसेंस जारी करने और नवीनीकरण के लिए दस्तावेज आधारित प्रणाली (डोजियर) लागू करने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए। इसका मकसद देशभर में दवाओं की गुणवत्ता और लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में एकरूपता सुनिश्चित करना है। इस दस्तावेज में दवा निर्माताओं के लिए आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक व्यवस्थित सूची दी गई, जिसमें




प्रशासनिक और तकनीकी दोनों तरह की आवश्यकताएं शामिल हैं। यह नियम दवा बनाने वाली कंपनियों पर लागू होगा, लेकिन आयुष दवाओं, प्रसाधन सामग्री और चिकित्सा उपकरणों को इससे बाहर रखा गया है।

### अब आवेदन का मूल्यांकन होगा

दस्तावेज-आधारित प्रक्रिया के तहत नियामक अब आवेदन का व्यापक और व्यवस्थित तरीके से मूल्यांकन कर सकेंगे, जिसमें परीक्षण रिपोर्ट, प्रमाणपत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज शामिल होंगे, न कि अलग आधार पर जांच होगी। यह प्रक्रिया पारदर्शिता बढ़ाती है और फैसले लेने में निष्पक्षता लाती है। डोजियर आधारित प्रणाली व्यक्तिगत मूल्यांकन की तुलना में ज्यादा प्रभावी है।

**रेलवे की सुरक्षा मुहिम का असर, 10 वर्षों में हादसे 60 फीसदी घट गए**

# यात्रा बनी सुरक्षित, हादसों में भारी कमी, मौतों में भी आई गिरावट

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

**परिणाम दिखे**

भारतीय रेल में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के परिणाम अब साफ नजर आने लगे हैं। बीते एक दशक में रेल हादसों और उनसे होने वाली मौतों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता जानकारी देते हुए बताया कि 10 वर्षों में 60 फीसदी हादसे कम हुए हैं, जाहिर इससे असामयिक मौतों में 17 फीसदी गिरावट दर्ज की गई है। सरकार के लिए जहां ये राहत भरी खबर है वहीं रेल यात्रियों के लिए भी खुशी का पैगाम है।

आंकड़े साझा करते हुए आधिकारिक प्रवक्ता के बताया कि 2014-15 में जहां 135 ट्रेन हादसे हुए थे, वहीं 2025-26 (फरवरी तक) यह संख्या घटकर 14 रह गई, यानी करीब 90 फीसदी की कमी। वहीं, पिछले दशक (2014-15 से 2023-24) में, कुल 678 हादसे हुए। उसमें 748 लोगों की मौत हुई थी और 2 हजार 87 यात्री घायल हुए थे। वर्ष 2004-05 से 2013-14 के बीच कुल 1 हजार 711 रेल हादसे हुए उनमें मौतों की संख्या 904 दर्ज की गई थी। जबकि 3 हजार 155 यात्री घायल हुए थे। उक्त अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024-25 में सुरक्षित रेल यात्रा के लिए रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव द्वारा लगातार उठाए गए कदमों का परिणाम है कि रेल हादसों की संख्या 31 पर सिमट गई। जबकि केवल 18 मौतें दर्ज की गई और 92 यात्री घायल हुए। उन्होंने कहा, दुर्घटनाएं न हों। यात्री हताहत न हों इसकी लगातार कोशिशें जारी हैं। उन्होंने कहा यही वजह है कि वर्ष 2025-26 (फरवरी तक) महज14 रेल हादसे हुए। उनमें 16 मौतें, 28 घायल के आंकड़े हैं।

रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव द्वारा लगातार उठाए गए कदमों का परिणाम अब दिखने लगा

### ऐसे हो रही है रेल सुरक्षा पर खर्च में लगातार बढ़ोतरी :

2013-14: 39,200 करोड़
2022-23: 87,336 करोड़
2023-24: 1,01,662 करोड़
2024-25: 1,14,022 करोड़
2025-26: 1,17,693 करोड़
2026-27: 1,20,389 करोड़

### रेलवे ने इस संबंध में कई तकनीकी उपाय लागू किए हैं:

6,665 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम
10,153 लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर इंटरलॉकिंग
6,669 स्टेशनों पर ट्रैक सर्किटिंग

### 'कवच' प्रणाली का विस्तार

रेलवे ने स्वदेशी ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम "कवच" को राष्ट्रीय स्तर पर अपनाया है। जुलाई 2020 में इसे लागू किया गया। 2024 में इसका उन्नत संस्करण 4.0 मंजूर हुआ। अब तक 1,452 रूट किलोमीटर पर इसे लागू किया जा चुका है। यह सिस्टम खासतौर पर हाई-डेंसिटी रूट पर लागू हुआ है। उनमें दिल्ली-मुंबई, दिल्ली-हावड़ा जैसे रूट शामिल हैं। इससे कोशिश है कि ट्रेन टकराव जैसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके। सरकार का कहना है कि बढ़ते निवेश और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से रेलवे सुरक्षा में लगातार सुधार हो रहा है। आने वाले वर्षों में हादसों को और कम करने के लिए इन उपायों को और व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा।

**कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को यह पुरस्कार प्रदान किया गया**

## प्रोजेक्ट अजा को मिला द इकोनॉमिक टाइम्स गवटेक अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जिला प्रशासन द्वारा संचालित अभिनव पहल प्रोजेक्ट अजा को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। राष्ट्रीय समाचार पत्रिका द इकॉनमिक्स टाइम्स द्वारा इस पहल को प्रतिष्ठित इकोनॉमिक टाइम्स गवटेक अवार्ड 2026 में एग्रीटेक फॉर फार्मर एम्पावरमेंट श्रेणी के अंतर्गत सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान जिले में किसानों को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे नवाचारों



और प्रभावी कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना का प्रतीक है। प्रोजेक्ट अजा के माध्यम से जिले में किसानों, विशेषकर ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना के तहत महिला समूह को बकरी पालन के लिए प्रेरित कर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं।

# सरकार ने निर्यातकों के लिए 497 करोड़ रुपये की 'रिलीफ' योजना पेश की

## मकसद मिडिल ईस्ट संकट से आ रही चुनौतियों को कम करना

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण व्यवधान झेल रहे देश के निर्यातकों को राहत देने के लिए 497 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली 'रेजिलिएंस एंड लॉजिस्टिक्स इंटरवेंशन फॉर एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन' (रिलीफ) योजना बृहस्पतिवार को शुरू की।

■ योजना 17-18 भौगोलिक क्षेत्रों में काम करने वाले निर्यातकों पर केंद्रित

वाणिज्य मंत्रालय में सचिव राजेश अग्रवाल ने सम्मेलन में कहा, '' हम निर्यात प्रोत्साहन मिशन के तहत एक नई योजना की घोषणा कर रहे हैं। यह विशेष रूप से उन 17-18 भौगोलिक क्षेत्रों में काम करने वाले निर्यातकों पर केंद्रित है जो इस संघर्ष से प्रभावित हुए हैं। इसका मकसद उनके सामने आ रही चुनौतियों को कम करना है। ''

### योजना मुख्य रूप से खेप पर लागू होगी

यह योजना मुख्य रूप से उन खेप पर लागू होती है जिनकी आपूर्ति संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, कुवैत, कतर, ओमान, बहरीन, इराक, ईरान, इजराइल और यमन जैसे देशों से होती है या जो वहां से होकर गुजरते हैं। इस योजना के तीन प्रमुख हिस्से हैं। पहले हिस्से के तहत निर्यात दायित्व विस्तार शामिल है।



### आईएमजी का गठन किया गया

सचिव ने बताया कि विभिन्न सरकारी विभागों जैसे वाणिज्य मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, बंदरगाह एवं नौवहन, वित्तीय सेवा विभाग, विदेश मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), सीबीआईसी आदि को शामिल करते हुए एक अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) का गठन किया गया है। यह माल ढुलाई की स्थिति के आधार पर विकसित हो रहे हालात का आकलन करने के लिए प्रतिदिन बैठक करेगा।

### वित्तीय उपाय शामिल किए गए

ईसीजीसी (भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम) को कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नियुक्त करते हुए, राहत योजना के तहत पैकेज में निर्यात दायित्वों का स्वचालित विस्तार, लॉजिस्टिक संबंधी सहायता एवं खेप में देरी को प्रबंधित करने के लिए संभावित वित्तीय उपाय शामिल किए गए हैं।

### ईपीसीजी अनुमति का विस्तार 31 अगस्त 2026 तक

अग्रिम अनुमति और ईपीसीजी अनुमति (जो एक मार्च से 31 मई, 2026 के बीच देय हैं) का स्वतः विस्तार 31 अगस्त, 2026 तक बिना किसी जुर्माने के किया जाएगा। यह 14 फरवरी से 15 मार्च तक की तत्काल एक महीने की अवधि में ईसीजीसी द्वारा पहले से बीमित खेपों की सुरक्षा करता है। दूसरे हिस्से का उद्देश्य 16 मार्च से 15 जून तक की तीन महीने की अवधि में आगामी निर्यात खेपों के लिए ईसीजीसी 'कवरेज' को प्रोत्साहित करना और सुगम बनाना है।

### एमएसएमई को अधिभार के झटके से बचाने

तीसरी घटक विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) को अधिभार के झटकों से बचाने के लिए बनाया गया है। यह 2014 फरवरी से 2015 मार्च तक एक महीने की अवधि में असाधारण माल ढुलाई और बीमा लागत की आंशिक प्रतिपूर्ति करता है। यह उन एमएसएमई निर्यातकों पर लागू होता है जिन्होंने ईसीजीसी 'कवरेज' नहीं लिया है।

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी रिन्यूएबल की खावड़ा परियोजना शुरू

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी की इकाई एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने गुजरात में 1,200 मेगावाट की खावड़ा-दो सौर परियोजना से 165 मेगावाट बिजली की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है। एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित क्षमता 88,709 मेगावाट और वाणिज्यिक क्षमता 87,629 मेगावाट हो गई है।

### पीएनबी ने रोल्टा के एनपीए को बिक्री के लिए रखा

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने रोल्टा प्राइवेट लिमिटेड की 450.85 करोड़ रुपये की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) को बेचने के लिए बोलियां आमंत्रित कीं। समाचार पत्रों में जारी एक नोटिस के अनुसार, इन एनपीए में हरियाणा के गुरुग्राम स्थित करीब 7,800 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की जमीन और इमारत शामिल है।

## मंत्रालय ने 18 मार्च को एक अधिसूचना जारी कर कहा

# ऊर्जा से जुड़ी जानकारी अब राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला, कंपनियों के लिए खुलासा अनिवार्य

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार ने ऊर्जा से जुड़ी जानकारी को राष्ट्रीय सुरक्षा मामले के रूप में वर्गीकृत किया है। इससे तेल एवं गैस क्षेत्र से जुड़ी सभी इकाइयों के लिए विस्तृत परिचालन जानकारी प्रदान करना अनिवार्य हो गया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस (सूचना प्रदान करना) आदेश, 2026 के तहत सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की रिफाइनरी कंपनियों, एलएनजी आयातकों, पाइपलाइन संचालकों, शहरी गैस वितरकों और पेट्रोरसायन कंपनियों को पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) को नियमित रूप से (कुछ मामलों में दैनिक आधार पर) विस्तृत जानकारी देनी होगी।

### गोपनीय प्रावधानों को निरस्त किया गया

मंत्रालय की 18 मार्च को जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, इस आदेश में उत्पादन, आयात, भंडार स्तर और खपत के प्रतिरूप से संबंधित आंकड़े और जानकारी शामिल है। यह मौजूदा गोपनीयता प्रावधानों को निरस्त करता है। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण गैस और एलपीजी आपूर्ति बाधित होने के बाद ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताओं में वृद्धि के बीच यह कदम उठाया गया है।

### इन विषयों संबंधी देनी होगी सूचना

*आदेश में कहा गया, ''पेट्रोलियम उत्पादों या प्राकृतिक गैस के उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन, आयात, निर्यात, विपणन, वितरण या उपभोग में शामिल प्रत्येक इकाई को पीपीएसी को पेट्रोलियम उत्पादों या प्राकृतिक गैस के उत्पादन, आयात, निर्यात, भंडार, आवंटन, परिवहन, आपूर्ति, उपभोग और उपयोग से संबंधित जानकारी... आदि सूचना देनी होगी।''*



*आपूर्ति में कमी के कारण उठाया गया कदम : खाड़ी देशों से आपूर्ति में कमी के कारण औद्योगिक और वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं को गैस और एलपीजी की आपूर्ति सीमित हुई है। मंत्रालय के इस आदेश का मकसद आपूर्ति में आने वाली रुकावटों पर त्वरित कदम उठाने, बिजली, उर्वरक और घरेलू एलपीजी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता देने और खरीद संबंधी बेहतर निर्णय लेने के लिए एक केंद्रीकृत, वास्तविक समय पर उपलब्ध आंकड़ा रूपरेखा तैयार करना है।*

- इकाईयों को परिचालन की जानकारियां देना अनिवार्य होगा
- सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के लिए लागू
- उत्पादन, आयात, भंडार स्तर और खपत की जानकारी देनी होगी

### आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आदेश जारी

*मंत्रालय ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत शक्ति का उपयोग करते हुए आदेश जारी किया। यह अधिनियम केंद्र सरकार को किसी भी आवश्यक वस्तु का भंडार रखने, उत्पादन करने, आयात करने, निर्यात करने या व्यापार करने वाले किसी भी व्यक्ति से उत्पादन, आपूर्ति, वितरण, स्टॉक या उपयोग से संबंधित ऐसी जानकारी प्रस्तुत करने की मांग करने का अधिकार देता है।*

### भारत कच्चे तेल का 88 फीसदी आयात करता है

*भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 88 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस का 50 प्रतिशत और एलपीजी का 60 प्रतिशत आयात करता है। युद्ध शुरू होने से पहले, भारत द्वारा आयात किए जाने वाले कच्चे तेल का आधे से अधिक हिस्सा सऊदी अरब, इराक और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता था।*

### एलपीजी का 95 फीसदी हिस्सा जलडमरूमध्य से आता है

*एलपीजी का 85 से 95 प्रतिशत और गैस का 30 प्रतिशत हिस्सा भी इसी जलडमरूमध्य से आता था। युद्ध के कारण यह जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद हो गया है। इससे भारत की ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है। हालांकि, कच्चे तेल की आपूर्ति में आई रुकावट की भरपाई रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका और लातिनी अमेरिका जैसे वैकल्पिक स्रोतों से आंशिक रूप से की गई है।*

### एचडीएफसी बैंक 'मजबूत बुनियाद वाला संस्थान'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्तीय सेवा सचिव एम. नागराजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि एचडीएफसी बैंक 'मजबूत बुनियाद वाला मजबूत संस्थान' है। एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए इस्तीफा देने के बाद नागराजू ने यह बात कही। वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस संबंध में पहले ही बयान जारी कर चुका है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, '' एचडीएफसी बैंक मजबूत बुनियाद वाला मजबूत संस्थान है।''



**देश का दूसरा सबसे बड़ा ऋणदाता बैंक :** यह टिप्पणी देश के दूसरे सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के 18 मार्च, 2026 से प्रभावी अचानक इस्तीफे के बाद आई है। इस्तीफे में उन्होंने नैतिक चिंताओं का हवाला दिया था। यह पहली बार है जब एचडीएफसी बैंक के किसी अंशकालिक चेयरमैन ने कार्यकाल के बीच में पद छोड़ा है ।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तोसिफ अली पुत्र** वाहिद अली, **निवासः** F-18/03, जोगा बाई एक्सटेंशन, जामिया नगर, नई दिल्ली एवं 161/11, SS एवेन्यू, जोगा बाई एक्सटेंशन, बटला हाउस, जामिया नगर, नई दिल्ली ने **FIR No. 173/2016 U/s 302 IPC थानाः जामिया नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **तोसिफ अली** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **तोसिफ अली** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 173/2016 U/s 302 IPC थानाः जामिया नगर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **तोसिफ अली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शिवानी चौहान
एलडी. एएसजे, कमरा नं. 613
फास्ट ट्रेक कोर्ट, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/3591/SE/2026
(Court Notice)



ऊपर वाले से मिला वरदान
मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
गुरू कबीर जी रजि.
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसेः- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पांच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# मोदी ने वैश्विक निवेशकों को बिजली क्षेत्रों में निवेश के लिए किया आमंत्रित

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक निवेशकों को बिजली क्षेत्र में निवेश करने के लिए बृहस्पतिवार को आमंत्रित किया और उनसे भारत में ''निर्माण, निवेश, नवाचार एवं विस्तार'' करने का आग्रह किया। भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट' 2026 में केंद्रीय ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल ने मोदी का लिखित संदेश पढ़ा जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत अपनी ऊर्जा यात्रा के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। मोदी ने कहा, '' मैं वैश्विक समुदाय को भारत में निर्माण करने, भारत में नवाचार करने, भारत में निवेश करने और भारत के साथ विस्तार करने के लिए आमंत्रित करता हूं। मुझे विश्वास है कि यह शिखर सम्मेलन सार्थक संवाद एवं स्थायी साझेदारियों को बढ़ावा देगा जो भारत की वृद्धि को ऊर्जा प्रदान करेंगी। पीएम ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य पूरे बिजली व ऊर्जा तंत्र को एक मंच पर लाना है, ताकि विचारों का आदान-प्रदान हो, सहयोग को बढ़ावा मिले और विकास व जीवन स्तर सुधार के लिए साझा मार्ग तैयार किया जा सके।



■ भारत में निर्माण, निवेश, नवाचार एवं विस्तार करने का किया आग्रह

### एडीबी 2026-30 रणनीति के तहत पाकिस्तान को देगा 10 अरब डॉलर

**इस्लामाबाद।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अगले पांच वर्ष में पाकिस्तान को करीब 10 अरब अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण प्रदान करने का अनुमान है। बृहस्पतिवार को जारी एक खबर में यह जानकारी दी गई। मनीला स्थित इस ऋणदाता संस्था ने कहा कि यह सुविधा उसकी 2026-30 देश साझेदारी रणनीति (सीपीएस 2026-30) का हिस्सा है जिसे बुधवार को शुरू किया गया। समाचारपत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, बैंक ने कहा कि सीपीएस '' निजी क्षेत्र-नेतृत्व वाले विकास के माध्यम से देश को टिकाऊ एवं समावेशी वृद्धि की ओर ले जाने के लिए एक खाका प्रस्तुत करता है।

■ यह सुविधा 2026-30 साझेदारी रणनीति का हिस्सा है

### डीटीएल के सीएसआर सहयोग से पीएमडी-वीके केन्द्र का उद्घाटन

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** पीडीयूएनआईपीपीडी, नई दिल्ली में आज दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड के निगमित सामाजिक दायित्व की पहल के अंतर्गत समर्थित प्रधानमंत्री दिव्याशा-वयोश्री केन्द्र का उद्घाटन संपन्न हुआ। यह केन्द्र सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की एक प्रमुख समावेशी पहल है, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को एकीकृत मंच पर सहायक उपकरणों की वैज्ञानिक जांच, विशेषज्ञ मूल्यांकन, निःशुल्क वितरण तथा व्यवस्थित अनुवर्ती सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस केन्द्र का उद्घाटन श्री प्रवीण कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एलिम्को द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री अनीस गर्ग, महाप्रबंधक, दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड श्रीमती सुषमा त्रिपाठी, सहायक महाप्रबंधक, , दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड , साथ ही डॉ. जितेन्द्र शर्मा, निदेशक, पीडीयूएनआईपीपीडी; तथा श्री पंकज द्विवेदी, प्रभारी, एलिम्को नई दिल्ली सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।





**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग,रायपुर, (छ.ग.)**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main portal:- http://cgeprocurement.gov.in
WRD portal:- http://wrd.cgeprocurement.gov.in
-: शुद्धि पत्र :-

रायपुर, दिनांक 02.03.2026

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 10/वलेलि/2025.26, रायपुर,, दिनांक 02.03.2026 एवं सिस्टम निविदा क्रमांक 186191 द्वारा आमंत्रित रायपुर जिले के विकासखण्ड धरसींवा की बरडीह जलाशय का शीर्ष कार्य एवं मुख्य नहर के दायें तट के आर.डी 0 मी. से आर.डी. 1140 मी. तक बांये तट के आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 1260 मी. तक सी.सी. लाईनिंग के साथ 06 नग व्ही.आर.बी., 01 नग फॉल, 03 नग ड्रेनेज क्रासिंग, 20 नग डायरेक्ट आउटलेट का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) की ऑनलाईन निविदा में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|
| ATTRIBUTE(S) Work completion time (in months) | माह 11 | माह 12 |

( निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी )
विज्ञापन क्रमांक - 252607006,
दिनांक 03.03.2026
252607261/6

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, रायपुर कृते,
मुख्य अभियंता,
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर, (छ.ग.)



**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं.
SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T31
Date: 18.03.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1.; कार्य का नामः** इज्जतनगर मण्डल के विभिन्न खंडों में इंजीनियरिंग विभाग के टीटीआर, सीटीआर, टीआरआर कार्य हेतु विद्युत टीआरडी से संबंधित कार्य।; **टेंडर रिफरेंश नं.:** SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T31; **कार्य की अनुमानित लागत (₹ में):** ₹81,29,321.72; **अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी(₹ में):** ₹1,62,600/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य(₹ में):** 00; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 13.04.2026 को 11:00 बजे; **कार्य पूरा करने की अवधिः** 12 माह। • खुली ई-निविदा दिनांक 13.04.2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-310 इज्जतनगर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | वार्ड नं. 35, ओल्ड फरीदाबाद के सीवर ओवर फ्लो से सम्बन्धित किन्हीं आपातकालीन शिकायतों को निपटाने के लिए सीवर सक्शन डीजल इंजन की मरम्मत करना और 2 अदद 7.5 एचपी सीवरेज सबमर्सिबल मोटर की आपूर्ति व स्थापना के लिए आकलन (पुनः आमंत्रण) + 14 कार्य। | 18.03.2026 25.03.2026 | रु. 4,16,36,504/- | https://etenders.hry.nic.in | 7982056107 sanjugupta3001@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/44015/I/88/7 दि. 19.03.26


## राशिफल

**मेष:** भवन की साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष:** आय के स्रोत बनेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी।

**मिथुन:** खर्च बढ़ेंगे। शैक्षिक कार्यों में व्यवस्तता बढ़ सकती है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। तनाव में कमी आएगी।

**कर्क:** कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। कारोबार के विस्तार में भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**कन्या:** बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का सानिध्य मिलेगा।

**तुला:** नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक:** पिता का सानिध्य मिलेगा। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यात्रा के योग हैं।


**धनु:** शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**मकर:** मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मानसिक तनाव रहेगा।

**कुंभ:** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। यात्रा पर भी जा सकते हैं। बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साधन बन सकते हैं। परिश्रम की आवश्यकता रहेगी।

**मीन:** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की स्थिति मन में रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। आय की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

## शब्द पहेली - 6170




**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली- 6169 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | | ब | स | | धा | गा | | ह | रा |
| व | ह | म | | ब | म | | ना | ला | | ह |
| | न | म | न | | जा | न | | र | मा | |
| ना | | ता | क | त | | शा | न | | ता | त |
| क | मी | | ल | ल | ना | | म | न | | न |
| | न | ख | | वा | च | क | | ल | क्ष | |
| स | | र | वा | | ना | म | क | | मा | दा |
| खा | द | | त | र | | र | ह | न | | म |
| | म | स्त | | मा | न | | वा | ह | क | |
| दा | | र | स | | या | र | | र | च | ना |
| स | दा | | च | क्षु | | न | भ | | रा | ल |



चौथी यूथ पुरुष एवं महिला हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता

# जिया, निष्ठा, सिमरन और गुंजन ने जीते मुकाबले

## मेजर सत्यपाल सिंधु बोले, युवाओं में अनुशासन और आत्मविश्वास भी पैदा करती हैं खेल प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महम बॉक्सिंग क्लब में आयोजित चौथी यूथ पुरुष व महिला हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन रिंग में जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। वीरवार को हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में प्रदेश भर के युवा मुक्केबाजों ने अपनी ताकत और तकनीकी कौशल का लोहा मनवाया। खिलाड़ियों के सटीक मुक्कों और दर्शकों के उत्साह ने पूरे माहौल को जोश से भर दिया। इस मौके पर हरियाणा बॉक्सिंग के संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हरियाणा के मुक्केबाज लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल खेल भावना को मजबूत करती हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन और आत्मविश्वास भी पैदा करती हैं।





### 2036 ओलंपिक में भारतीय दल में सबसे ज्यादा खिलाड़ी हरियाणा के हों: मेजर सत्यपाल सिंधु



*हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि संघ खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं देने के लिए पूरी तरह प्रयासरत है। अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने एक बड़ा लक्ष्य साझा करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य 2036 ओलंपिक खेलों के लिए तैयार होना है। संघ का प्रयास है कि उस समय भारतीय दल में हरियाणा के अधिक से अधिक मुक्केबाज शामिल हों और देश के लिए पदक जीतकर लाएं। प्रतियोगिता के अगले चरण में शुक्रवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जहां मुक्केबाजों के बीच फाइनल में जगह बनाने के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।*

### महिला वर्ग के मुकाबले

⏭ 45-48 किलोग्राम भार वर्ग में हिसार की जिया ने झज्जर की अंकिता को, कैथल की निष्ठा ने कुरुक्षेत्र की अंशुल को, जींद की सिमरन ने रोहतक की वंशिका को और साई हिसार की गुंजन ने भिवानी की निधि को हराया।

⏭ 48-51 किलोग्राम वर्ग में गुरुग्राम की कशिश मलिक ने कैथल की पायल को, पलवल की ज्योति ने कुरुक्षेत्र की स्नेहा को, सोनीपत की रिधिमा ने करनाल की निशु को और रोहतक की सिमरन ने जींद की जन्नत को मात दी।

⏭ 51-54 किलोग्राम श्रेणी में कैथल की जन्नत ने मेवात की शिक्षा को, जींद की ज्योति ने रोहतक की निशु को, कुरुक्षेत्र की महक ने यमुनानगर की वंशिका को हराया।

⏭ 54-57 किलोग्राम भार वर्ग में झज्जर की तनीषा जांगड़ा ने महेंद्रगढ़ की दीप्ति को, गुरुग्राम की कंचन ने जींद की इशु को और भिवानी की चेष्टा ने पानीपत की मोनिया को हराया।

⏭ 57-60 किलोग्राम वर्ग में गुरुग्राम की कंचन ने साई हिसार की माही को, सिरसा की समायरा ने करनाल की कोमल को, फरीदाबाद की चाहत ने सोनीपत की प्राची को और रोहतक की श्रुति ने कैथल की नैन्सी को पराजित किया।

⏭ 60-65 किलोग्राम वर्ग में गुरुग्राम की वंशिका ने पलवल की निधि को और यमुनानगर की यशिका ने सोनीपत की राखी को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

### पुरुष वर्ग के मुकाबले

⏭ 47-50 किलोग्राम भार वर्ग में साई हिसार के विनीत कुमार ने साई भिवानी के अमन को, चरखी दादरी के दीपांशु ने रोहतक-बी के सुमित को, जींद के साहिल ने पलवल के विशाल को और रोहतक के अर्णव दहिया ने यमुनानगर के आदित्य को हराया।

⏭ 50-55 किलोग्राम श्रेणी में पानीपत के शुभम ने पलवल के कृष्णा को, रोहतक के समीर ने जींद के अभिनव को, रेवाड़ी के जतिन ने झज्जर के निशांत को और रोहतक-बी के आदित्य ने चरखी दादरी के मयंक को मात दी।

⏭ 55-60 किलोग्राम वर्ग में साई भिवानी के सिकंदर ने करनाल के मयंक नरवाल को, सोनीपत के करण मलिक ने पानीपत के जय को, साई हिसार के साहिल मोर ने भिवानी के जतिन को और गुरुग्राम के मोहित ने रेवाड़ी के ध्रुव को हराया।

⏭ 60-65 किलोग्राम भार वर्ग में भिवानी के अभी ने मेवात के दीपांशु को, कैथल के योगेश ने पानीपत के दिव्यम दलाल को, रोहतक के गौरव ने जींद के आर्यन को और सोनीपत के ध्रुव ने पलवल के कुणाल को पराजित किया।

## खबर संक्षेप



### तेंदुलकर के समर्थन से खुलेगी क्रिकेट अकादमी

**अहमदाबाद।** सचिन तेंदुलकर के समर्थन से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्रिकेट अकादमी 10 अप्रैल से यहां शुरू होगी, जिसमें पूर्व भारतीय खिलाड़ियों की एक टीम मार्गदर्शक के रूप में पांच वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण देगी। एसआरटी10 अल्टेवोल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्रिकेट अकादमी को पिछले साल लॉन्च किया जाना था, लेकिन अब वह संचालन के लिए तैयार है। एसजी रोड पर वैष्णोदेवी सर्कल के पास शंकुस फार्म में स्थित इस अकादमी के बुनियादी ढांचे में पेशेवर क्रिकेट नेट, मैचों के आयोजन के लिए मैदान, आधुनिक साजो समान से सजा जिम और एक रनिंग ट्रैक शामिल हैं। एसआरटी10 ग्लोबल अकादमी पहले से ही नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में संचालित की जा रही है।

### विश्व इंडोर एथलेटिक्स की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत को बृहस्पतिवार को पोलैंड में हुई विश्व एथलेटिक्स परिषद की बैठक में प्रतिष्ठित विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार सौंपे गए जिसका आयोजन भुवनेश्वर में किया जाएगा। यह फैसला पोलैंड के तोरून में 2025 विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू होने से ठीक एक दिन पहले अंतरराष्ट्रीय संस्था की बैठक में लिया गया। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने पोलैंड से पीटीआई को बताया, ''भारत को साल 2028 के लिए विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है। 'भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने इस साल की शुरुआत में विश्व इंडोर चैंपियनशिप के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी। जनवरी में विश्व एथलेटिक्स की दो सदस्यीय टीम ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम परिसर में बनी अत्याधुनिक इंडोर सुविधा का दौरा किया था।

### राष्ट्रीय टेटे में तमिलनाडु ने बंगाल को हराया



**इंदौर।** तमिलनाडु ने 87वीं यूटीटी सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष युगल मुकाबले में उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीय पश्चिम बंगाल को बाहर कर दिया। तमिलनाडु के एम आर बालमुरुगन और सिद्धेश पांडे की जोड़ी पश्चिम बंगाल की शीर्ष वरीय जोड़ी अंकुर भट्टाचार्जी और शंखादीप दास को 3-2 से हराकर उलटफेर किया। रेलवे खेल प्रोत्साहन बोर्ड की दो जोड़ियों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहुँचाया। जीत चंद्र और अनिर्बान घोष ने एक कड़े मुकाबले में हरियाणा के वेस्ली डो रोसारियो और निकुंज अत्री को 3-1 से हराया। वहीं उनके साथी रोनित भंजा और प्रयेष राज सुरेश की जोड़ी भी सेमीफाइनल में पहुंच गई।

### हजारों खिलाड़ियों के साथ की धोखाधड़ी

# खिलाड़ी ने 'युवा खेलो इंडिया महासंघ' का फोड़ा भांडा, प्राथमिकी दर्ज करेगा मंत्रालय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ताइक्वांडो की एक 16 वर्षीय खिलाड़ी की जिज्ञासा ने सरकारी संबद्धता का दावा करने वाली एक संस्था का हजारों खिलाड़ियों के साथ धोखाधड़ी करने का भंडाफोड़ किया और इस घटना से स्तब्ध खेल मंत्रालय अब इस मामले में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने जा रहा है।

नाम गुप्त रखने की इच्छुक किशोरी ने मंत्रालय से संपर्क कर पूछा था कि क्या 'युवा खेलो इंडिया महासंघ (वाईकेआईएफ)' को मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से मान्यता हासिल है, जैसा कि इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर दावा किया गया है। इस खिलाड़ी ने बताया कि उसने पिछले साल नवंबर में उदयपुर में आयोजित तथाकथित राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 7,000 रुपये का भुगतान किया था।

### अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भागीदारी के लिए 77 हजार मांगे गए

उस घटना के बाद मामला और भी गंभीर हो गया क्योंकि उसी संस्था ने अप्रैल में थाईलैंड में होने वाले एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 825 अमेरिकी डॉलर (लगभग 77,000 रुपये) की मांग की थी।







### उदयपुर में आयोजित किया जा रहा था

कक्षा 12 में पढ़ रही इस खिलाड़ी ने टेलीफोन पर बताया, ''मैंने ताइक्वांडो का प्रशिक्षण पिछले साल ही शुरू किया था और मेरे एक कोच ने मुझे बताया कि उदयपुर में युवा खेलो इंडिया महासंघ एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। मैंने उसमें भाग लिया और जीत भी हासिल की। मुझे तब कुछ भी असामान्य नहीं लगा और यह एक अन्य प्रतियोगिता की ही तरह थी।''

### प्रतियोगिता में ताइक्वांडो, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, वुशु सहित अन्य खेल थे

उदयपुर में एक से तीन नवंबर तक आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में ताइक्वांडो, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, किकबॉक्सिंग और वुशु सहित अन्य खेलों के उभरते हुए खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस खिलाड़ी ने कहा, ''मैंने वहां प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 7,000 रुपये का भुगतान किया और उसके बाद मुझे बताया गया कि विजेताओं को अप्रैल में एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए थाईलैंड ले जाया जाएगा, जिसके लिए हमें एक अप्रैल तक अपने सभी दस्तावेज पूरे करने होंगे और शुल्क जमा करना होगा।''

### भाग लेने वाले खिलाड़ियों के बारे में नहीं बताया गया था

भुगतान की जाने वाली राशि काफी अधिक थी और इच्छुक प्रतिभागी टूर्नामेंट के लिए तैयार किए गए ब्रोशर से संतुष्ट नहीं थी। टूर्नामेंट के शुभंकर की शक्ल खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के शुभंकर शान से मिलती-जुलती थी, जो एक हिम तेंदुआ है। हालांकि ब्रोशर में पाकिस्तान और बांग्लादेश सहित अन्य प्रतिभागी देशों के झंडे दिखाए गए थे, लेकिन इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों के बारे में नहीं बताया गया था जो जरूरी होता है।

### मंत्रालय को समझ आया युवाओं को नाम से गुमराह किया जा रहा

मंत्रालय को यह समझने में देर नहीं लगी कि युवाओं को इसके नाम पर गुमराह किया जा रहा है और उसने तुरंत प्रेस सूचना ब्यूरो के माध्यम से जांच की जिससे पता चला कि 'यह संस्था न तो इससे मान्यता प्राप्त है और न ही इससे संबद्ध है।' अगला कदम इस संस्था के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना है।

### साइ के लोगो का किया था इस्तेमाल

मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा, ''हम वेबसाइट को देखकर दंग रह गए, इसमें न केवल खेल मंत्रालय और साइ के 'लोगो' का इस्तेमाल किया गया था, बल्कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से संबद्ध होने का भी दावा किया गया था।'' वाईकेआईएफ की वेबसाइट का दावा है कि इसमें 200 से अधिक जिलों से 22,000 से अधिक खिलाड़ी पंजीकृत हैं।

### संस्था का मुख्यालय शालीमार बाग में


संस्था का मुख्यालय दिल्ली के शालीमार बाग में है और इसकी प्रमुख शिल्पी अरोड़ा हैं जिनसे संपर्क नहीं हो पाया लेकिन कुछ अन्य पदाधिकारियों ने जवाब दिया। पीटीआई ने वाईकेआईएफ के राज्य समन्वयक लविश सोनी से बात की, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संस्था को मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है।

### सरकार से कोई मंजूरी नहीं मिली: अत्री

संस्था के राष्ट्रीय समन्वयक दीपक अत्री ने भी यही बात कही, लेकिन स्वीकार किया कि वाईकेआईएफ को राष्ट्रीय या जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए सरकार से कोई मंजूरी नहीं मिली है। अत्री ने कहा, ''हम युवा खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट आयोजित करते हैं। हमने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए मंत्रालय से संबद्धता का दावा कभी नहीं किया।''

चैंपियंस लीग

# बार्सिलोना, लिवरपूल और बायर्न क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ⏭ लंदन

बार्सिलोना ने सात गोल किए और लिवरपूल ने चार गोल करके बुधवार को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बड़ी जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

एटलेटिको मैड्रिड ने टोटेनहम के पलटवार का अच्छी तरह से सामना करते दूसरे चरण में 2-3 से हार के बावजूद 7-5 से जीत दर्ज करके अंतिम आठ में अपनी जगह सुरक्षित की। बायर्न म्यूनिख के लिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचना सबसे आसान रहा। उसने बुधवार को अटलांटा को 4-1 से और कुल मिलाकर 10-2 से हराकर रियाल मैड्रिड के खिलाफ रोमांचक क्वार्टर फाइनल की नींव रखी। चैंपियंस लीग में एक बार फिर गोल की बरसात हुई। बार्सिलोना ने रोमांचक मुकाबले में न्यूकैसल को दूसरे हाफ में बुरी तरह से हरा दिया और 7-2 से जीत हासिल की। न्यूकैसल में खेले गए पहले चरण में 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद बार्सिलोना ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में लामिन यामल के पेनल्टी किक पर किए गए गोल से 3-2 से बढ़त हासिल की।

इसके बाद रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो गोल किए, फर्मिन लोपेज़ ने एक शानदार मूव को गोल में बदला जबकि राफिन्हा ने अपना दूसरा गोल किया। लिवरपूल ने एनफील्ड में गैलाटासराय पर 4-0 से आसान जीत हासिल की। वह इस्तांबुल में पहले चरण में एक गोल से हार गया था। मोहम्मद सलाह हालांकि पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए जब कुल स्कोर 1-0 था। सलाह ने दूसरे हाफ में इसकी भरपायी कर दी। उन्होंने ह्यूगो एकिटिके और रयान ग्रेवेनबर्च को गोल करने में मदद की और फिर एक शानदार गोल किया।

### इंग्लैंड की रिकॉर्ड छह टीमें शामिल थी

इस प्रतियोगिता में इंग्लैंड की रिकॉर्ड छह टीमें शामिल थीं और सभी टीमें राउंड ऑफ़ 16 तक पहुंचीं, लेकिन केवल आर्सेनल और लिवरपूल ही आगे बढ़ पाईं। चेल्सी को मंगलवार को मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

आईपीएल

# दिल्ली कैपिटल्स के लिए फिनिशर बनेंगे आशुतोष



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आशुतोष शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसे बड़े मंच पर खेलने का दबाव महसूस नहीं करते और 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पिछले सत्र के मुकाबले ज्यादा से ज्यादा मैच खत्म करने (फिनिश) पर फोकस कर रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए अपने पहले सत्र में 'इम्पैक्ट प्लेयर' आशुतोष ने टूर्नामेंट की शुरुआत जोरदार तरीके से की थी।

आशुतोष ने 31 गेंद में 66 रन बनाकर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक रोमांचक जीत दिलाई थी। हालांकि वह और उनकी टीम टूर्नामेंट में मिली शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा सकी। टीम प्ले-ऑफ में जगह बनाने से भी चूक गई। आशुतोष ने 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल सत्र की तैयारियों के बारे में बात करते हुए कहा, ''तैयारियां बहुत अच्छी चल रही हैं। हमने सत्र पूर्व तीन-चार शिविर में हिस्सा लिया है। मेरी भूमिका पिछले साल जैसी ही रहेगी, टीम के लिए छठे या सातवें नंबर पर आकर मैच फिनिश करना। मैं ज्यादा से ज्यादा मैच जीतना चाहता हूं। मध्य प्रदेश के रहने वाले 27 वर्षीय आशुतोष 2024 में पंजाब किंग्स के लिए अपने शानदार प्रदर्शन से सुर्खियों में आए थे और यह उनका तीसरा आईपीएल सत्र होगा। वह घरेलू क्रिकेट में रेलवे के लिए खेलते हैं।

### बटलर को उम्मीद, आराम से आईपीएल में मिलेगी मदद

**लंदन।** इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा है कि टी20 विश्व कप के निराशाजनक अभियान के बाद कुछ दिन तक क्रिकेट से दूर रहने से उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मदद मिलेगी जिसमें वह गुजरात टाइटन्स के साथ एक नई शुरुआत करना चाहते हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बटलर को टीम का समर्थन मिलता रहा, भले ही भारत और श्रीलंका में खेले गए टी20 विश्व कप के दौरान वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे थे। विश्व कप में इंग्लैंड की ओर से पारी की शुरुआत करते हुए बटलर ने आठ मैचों में केवल 87 रन बनाए। उनका औसत 10.87 और स्ट्राइक रेट 116 रहा। इंग्लैंड की टीम मुंबई में सेमीफाइनल में भारत से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी।

# विश्व कप के लिए विस्तृत रणनीति तैयार करनी होगी : कोच फुल्टन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने इस साल के आखिर में होने वाले विश्व कप में कड़े प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ विशेष और विस्तृत रणनीति तैयार करने की बात कही। उन्होंने साथ ही मौजूदा समय में संघर्ष कर रही टीम का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे सही समय पर अच्छी फॉर्म में आ जाएंगे। भारत ने इस सत्र में अब तक सिर्फ एक मैच जीता है जो होबार्ट में खेला गया एफआईएच प्रो लीग मैच था जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की थी। नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 अगस्त से शुरू होने वाले विश्व कप के पूल डी में भारत का सामना शीर्ष वरीय इंग्लैंड, अपने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और मजबूत वेल्स से होगा। ग्रुप चरण के सभी मैच नीदरलैंड के एमस्टेलवीन में स्थित वैगेनर हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में फुल्टन के हवाले से कहा गया, ''हम अपनी रणनीति, दबाव बनाने की रणनीति और अपनी 'फिनिशिंग' (गोल करने की क्षमता) पर कड़ी मेहनत करेंगे। ये वे छोटी-छोटी बातें हैं जो इस स्तर पर मैचों का नतीजा तय करती हैं।

विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 तक पहुंचने वाले भारत के एकमात्र खिलाड़ी

# घोषाल वर्ल्ड प्रीमियर स्क्वाश के खेल आयुक्त नियुक्त

### दो दशक तक प्रमुख प्रतियोगिताओं में खेलने का अनुभव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारत के दिग्गज स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल को इस साल के आखिर में होने वाली वर्ल्ड प्रीमियर स्क्वाश (डब्ल्यूपीएस) लीग का खेल आयुक्त नियुक्त किया गया है। पीएसए विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचने वाले भारत के एकमात्र पुरुष खिलाड़ी घोषाल के नाम 11 खिताब और एशियाई खेलों के नौ पदक के अलावा दो दशक तक प्रमुख प्रतियोगिताओं में खेलने का अनुभव है। उन्होंने प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन (पीएसए) के पुरुष अध्यक्ष तथा पीएसए और वर्ल्ड स्क्वाश (खेल की वैश्विक शासी निकाय) के संयुक्त खिलाड़ी आयोग के सह अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया है। डब्ल्यूपीएस ने बयान में कहा, ''घोषाल वर्ल्ड प्रीमियर स्क्वाश (डब्ल्यूपीएस) के खेल आयुक्त के रूप में लीग के संपूर्ण खेल ढांचे की जिम्मेदारी संभालेंगे, जिसमें प्रतियोगिता का प्रारूप, खिलाड़ियों की योग्यता और रेफरी के लिए मानक तय करना शामिल है।''

### कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ा

# मेस्सी ने 900वां गोल किया, रोनाल्डो के क्लब में शामिल

एजेंसी ⏭ फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने अपने करियर का 900वां गोल करके अपनी कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया। मेस्सी ने इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए बुधवार की रात को नैशविले के खिलाफ कॉनकाफ चैंपियंस कप राउंड ऑफ़ 16 मैच के शुरुआती मिनटों में गोल करके यह उपलब्धि हासिल की।

लगातार दो बार मेजर लीग सॉकर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, आठ बार बैलोन डीओर विजेता और विश्व कप चैंपियन मेस्सी ने हमेशा की तरह अपने बाएं पैर से यह गोल किया। उन्हें खेल के सातवें मिनट में बॉक्स के बीच में पास मिला, उन्होंने गेंद को नियंत्रित किया और डिफेंडरों के बीच से उसे गोल पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया।



### मेस्सी ने देश के लिए 47 ट्रॉफियां जीती

मेस्सी ने क्लब और देश के लिए 47 ट्रॉफियां जीती हैं, जिनमें अर्जेंटीना के लिए 2022 विश्व कप और इंटर मियामी के साथ पिछले सत्र का एमएलएस खिताब शामिल है। इस तरह वह पुरुष फुटबॉल के इतिहास में सबसे अधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मेस्सी लगभग दो दशक तक बार्सिलोना की तरफ से खेलते रहे और उन्होंने अपने आधे से अधिक गोल स्पेन के इस क्लब की तरफ से ही किए हैं।

### रोनाल्डो एक मात्र खिलाड़ी जिन्होने 900 गोल किए

आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार क्रिस्टियानो रोनाल्डो एकमात्र ऐसे पुरुष खिलाड़ी हैं जिन्होंने 900 से अधिक गोल किए हैं। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि हासिल करने में मेस्सी से लगभग 100 मैच अधिक खेले। रोनाल्डो ने सितंबर 2024 में अपने करियर के 900 गोल पूरे किए। उस समय उनकी उम्र 39 वर्ष थी, जबकि मेस्सी जून में 39 वर्ष के होंगे।

### जानसन ने अविश्वसनीय उपलब्ध बताया

इस ऐतिहासिक गोल ने फुटबॉल जगत से बाहर के सितारों का भी ध्यान आकर्षित किया। बास्केटबॉल हॉल ऑफ फेमर मैजिक जॉनसन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि मेस्सी का 900 गोल तक पहुंचना ''अविश्वसनीय उपलब्धि है।'' कुछ लोगों का मानना है कि ब्राजील के दिग्गज पेले ने अपने करियर में 1,000 गोल का आंकड़ा पार कर लिया था, हालांकि आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार उन्होंने लगभग 800 गोल किए थे।




ट्रंप की चेतावनी के बीच ईरान का इजराइल पर बड़ा हमला

# हाइफा में तेल रिफाइनरी पर मिसाइल से किया हमला

## इजराइल का दावा- बुनियादी ढांचे को कई बड़ा नुकसान नहीं, बिजली आपूर्ति बहाल की गई

## ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर टैक्स लगाने पर विचार कर रहा




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल की राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा मैगन डेविड एडोम ने बताया हाइफा की बाजान समूह तेल रिफाइनरी पर मिसाइल हमला किया गया है। एक व्यक्ति मामूली चोटों के साथ घायल हुआ है। वहीं, इजराइली उर्जा मंत्री एली कोहेन ने कहा कि बुनियादी ढांचे को कई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में बिजली को बहाल कर दिया गया है और बाकी प्रभावित क्षेत्रों में भी जल्द बहाल कर दी जाएगी। ईरान ने खाड़ी के आसपास तेल और प्राकृतिक गैस सुविधाओं पर अपने हमले तेज कर दिए हैं।



### अमेरिकी लड़ाकू विमान को नुकसान पहुंचायाः ईरान

ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने गुरुवार को दावा किया कि उसने एक अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमान पर हमला किया और उसे 'नुकसान' पहुंचाया। वहीं, अमेरिकी सेना की मध्य कमान (सेंटकॉम) के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिंस ने कहा कि विमान युद्ध मिशन के तहत ईरान के ऊपर उड़ रहा था। उसे आपात लैंडिंग करनी पड़ी। हॉकिंस ने बताया कि विमान को सुरक्षित रूप से लैंड कराया गया और पायलट की हालत स्थिर है।

वहीं, ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर टैक्स लगाने पर विचार कर रहा है। एक ईरानी सांसद ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संसद में एक ऐसा बिल लाने पर विचार हो रहा है, जिसके तहत इस रास्ते से व्यापार, ऊर्जा सप्लाई या खाद्य सामान ले जाने वाले देशों से टैक्स या शुल्क लिया जाएगा

### ईरान का यूएई के गैस फैसिलिटी फील्ड पर हमला


ईरान के हमले में आग के गोले में बदला संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का हबशान गैस प्लांट

**हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन**


*विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं। यूएई अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का पूरा अधिकार रखता है। मंत्रालय ने कहा कि यह महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर और तेल फैसिलिटी को निशाना बनाने वाला हमला क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के साथ-साथ वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है।*

### हबशान गैस प्लांट ऑपरेशन अस्थायी रूप से बंद

ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के गैस फैसिलिटी फील्ड पर हमला किया है। ईरान की इस कार्रवाई की यूएई के अधिकारियों ने कड़ी आलोचना की है। यूएई के अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि मिसाइलों के इंटरसेप्शन से गिरते मलबे के कारण हबशान गैस फैसिलिटी में ऑपरेशन कुछ समय के लिए रोक दिया गया है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने हबशान गैस फैसिलिटी और बाब फील्ड को निशाना बनाकर किए गए ईरान के हमले की कड़ी निंदा की है। यूएई के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि इन हमलों से भरोसा पूरी तरह खत्म हो गया है। सऊदी अरब ने रियाद और पूर्वी प्रांत में छह ड्रोन मार गिराए। लेकिन सैमरेफ रिफाइनरी को नुकसान पहुंचा। यह रिफाइनरी सऊदी अरामको और एक्सॉनमोबिल की साझेदारी है।

ईरान की धमकी

### गैस फील्ड पर हमला हुआ तो करारा जवाब देंगे



ईरान की सेना 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) ने क्षेत्र में अमेरिका से जुड़े तेल ठिकानों पर हमलों की जिम्मेदारी ली है। आईआरजीसी ने बताया कि ये हमले 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के 63वें चरण का हिस्सा थे। ईरान ने कहा कि यह हमला ईरान के खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब और अन्य साथियों की शहादत का बदला लेने के लिए भी थी। ईरान ने साफ किया कि उसका शुरुआती इरादा तेल ठिकानों पर हमला करने या पड़ोसी देशों की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का नहीं था। लेकिन जब दुश्मन ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाया, तो ईरान को भी जवाबी हमला करना पड़ा। आईआरजीसी का कहना है कि अब यह युद्ध एक नए और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है।

### इजराइल के भीतर 80 सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

ईरान की आईआरजीसी ने दावा किया है कि उसने इजराइल के भीतर लगभग 80 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इनमें रिशोन लेजियन, रामला, लोद, ईलात और तेल अवीव के पास के कई महत्वपूर्ण इलाके शामिल हैं। इन हमलों में कई वारहेड वाली मिसाइलों और घातक ड्रोनों का इस्तेमाल किया गया। ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके ऊर्जा ठिकानों पर फिर से हमला हुआ, तो वह दुश्मन के ठिकानों को पूरी तरह तबाह कर देगा और अगला हमला इससे भी ज्यादा भयानक होगा।

## होर्मुज में अमेरिकी कार्रवाईः ईरानी नौसैनिक ठिकानों को बनाया निशाना




होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका की ओर से एक वीडियो जारी किया गया है, जिसमें ईरान के नौसैनिक ठिकानों पर हमले का दावा किया गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) द्वारा जारी इस वीडियो में कहा गया है कि अमेरिकी बलों ने उन ईरानी नौसैनिक लक्ष्यों को नष्ट किया, जो अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा बन रहे थे। ये हमले होर्मुज जलडमरूमध्य और उसके आसपास के इलाकों में किए जाने का दावा किया गया है, जो दुनिया के लिए सबसे अहम तेल आपूर्ति मार्गों में से एक है।

### पेंटागन ने मांगे 200 अरब डॉलर

ईरान ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर जल्द ही एक ट्रिलियन डॉलर के 'इजराइल फर्स्ट टैक्स' का बोझ पड़ने वाला है। ईरान की यह टिप्पणी अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) की ओर से युद्ध के वित्तपोषण के लिए संसद से 200 अरब डॉलर के भारी-भरकम बजट की मांग के बाद आई है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पेंटागन द्वारा मांगे गए 200 अरब डॉलर केवल 'हिमशैल का सिरा' हैं। उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस और बेंजामिन नेतन्याहू पर निशाना साधा और कहा कि आम अमेरिकी नागरिकों को इस ट्रिलियन-डॉलर के 'इजराइल फर्स्ट टैक्स' के लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहिए, जो जल्द ही अमेरिकी अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाला है।



ओमान का यूएस पर आरोप

### ईरान से जंग ट्रंप सरकार की सबसे बड़ी गलतीः बुसैदी

ओमान के विदेश मंत्री ने ईरान के साथ चल रही जंग को ट्रंप सरकार की सबसे बड़ी गलती बताया है। विदेश मंत्री बद्र अल बुसैदी ने कहा है कि इस युद्ध का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय सुरक्षा पर साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने इस संघर्ष को 'गैरकानूनी युद्ध' बताया और अमेरिका के सहयोगी देशों से इसे खत्म कराने में मदद करने की अपील की। अलबुसैदी युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत कराने में अहम भूमिका निभा रहे थे। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी को जब बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी थी और शांति की उम्मीद नजर आ रही थी, तभी कुछ घंटों बाद ही इजराइल और अमेरिका ने फिर से सैन्य हमला कर दिया। यह चौंकाने वाली बात थी।



### एमआई-17 हेलीकॉप्टर को बनाया निशानाः इजराइल

इजराइली सेना ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि वायु सेना ने हमदान प्रांत के सन्नाज एयरपोर्ट पर एमआई-17 हेलीकॉप्टर को निशाना बनाकर तबाह कर दिया। इससे पता चलता है कि ईरान का एयर डिफेंस और वायु सेना की क्षमताएं तबाह हो चुकी हैं। यह हमला खुफिया जानकारी के आधार पर पूरी सटीकता से रियल टाइम पर किया गया। आईडीएफ लगातार इस्लामिक गार्ड कॉर्प्स की वायु सेना की क्षमताओं पर हमले कर रही है और

### ऑस्ट्रेलिया के पीएम ने बनाई 'फ्यूल सप्लाई टास्क फोर्स'



*ऑस्ट्रेलिया ने संभावित ईंधन संकट को देखते हुए 'ओवर-प्रिपेयर्ड' यानी अत्यधिक तैयार रहने की रणनीति अपनाई है, ताकि आपूर्ति में किसी भी तरह की बाधा से निपटा जा सके। पीएम एंथनी अल्बनीज ने राष्ट्रीय कैबिनेट की एक आपातकालीन वर्चुअल बैठक बुलाई, जिसमें ईंधन की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति संकट पर चर्चा की गई। पीएम अल्बनीज ने कहा कि देश में फिलहाल ईंधन आपूर्ति सुरक्षित है, लेकिन सरकार किसी भी संभावित संकट से पहले पूरी तैयारी करना चाहती है। आने वाले दिनों और हफ्तों में सरकार सप्लाई चेन को मजबूत करने और संकट से निपटने के लिए और कदमों की घोषणा करेगी।*

### ईरान में तीन को फांसी दी गई

ईरान ने जनवरी में हुए प्रदर्शनों के दौरान गिरफ्तार किए गए तीन लोगों को फांसी दी। उन पर दो पुलिसकर्मियों की हत्या का आरोप था। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि ईरान में जबरन कबूलनामे कराए जाते हैं और आरोपियों को उचित बचाव का मौका नहीं मिलता।

### ईरान में 1,300 से ज्यादा लोगों की मौत

युद्ध के तीसरे हफ्ते में मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। ईरान में 1,300 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इजराइली हमलों के कारण लेबनान में 10 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं और वहां 968 लोगों की मौत हुई है। इजराइल में ईरानी मिसाइल हमलों से 15 लोगों की मौत हुई है, जिनमें एक थाई कृषि मजदूर भी शामिल है। वेस्ट बैंक में भी तीन लोगों की मौत हुई है।

राजधानी में आयोजित किए गए राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच भारत को बनना पड़ेगा ड्रोन विनिर्माण का वैश्विक केंद्रः राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में जारी युद्ध के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राजधानी में आयोजित किए गए राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन-2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच भारत को ड्रोन के मामले में विनिमार्ण का वैश्विक केंद्र बनना पड़ेगा। जिसके लिए मिशन मोड में काम करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने सूक्ष्म और लघु उद्योगों (एमएसएमई), स्टार्टअप, इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस के विजेताओं, डीपीएसयू, निजी रक्षा कंपनियों सहित अन्य भागीदारों को देश के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र को नई दिशा देने वाला बताया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि रूस-यूक्रेन से लेकर अमेरिका-ईरान युद्ध जैसे अंतरराष्ट्रीय संघर्षों ने यह साबित कर दिया है कि ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीक ही भविष्य के युद्धों में निर्णायक भूमिका निभाएंगी। ड्रोन निर्माण में आत्मनिर्भरता केवल अंतिम उत्पाद तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए। बल्कि इसके प्रत्येक घटक (इंजन, बैटरी, सॉफ्टवेयर, सांचे) का निर्माण भी देश के अंदर ही होना आवश्यक है। ये एक दो दिवसीय (19 से 20 मार्च तक) सम्मेलन है। जिसमें सीडीएस, सेनाप्रमुख, नौसेनाप्रमुख, रक्षा सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष भी शामिल हुए।

### आर्थिक विकास को गति देते एमएसएमई



उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक विकास को गति देने में एमएसएमई अहम भूमिका निभा रही हैं। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नई तकनीक को अपनाना आवश्यक है। डीआईएससी 14 और अदिति चैलेंज 4.0 के तहत रक्षा बलों, आईसीजी, डीपीएसयू के 200 से अधिक समस्या विवरण जारी किए गए हैं। आईडेक्स के माध्यम से 676 स्टार्टअप, एमएसएमई, इनोवेटर रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में शामिल हुए हैं। इसके अलावा 3 हजार 853 करोड़ रुपए मूल्य के 58 प्रोटोटाइप को मंजूरी दी गई है। 2 हजार 326 करोड़ के 45 रक्षा अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

### चीन पर बनी हुई है निर्भरता

रक्षा मंत्री ने हालांकि ये भी स्पष्ट किया कि यह एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है। क्योंकि वर्तमान समय में अधिकांश ड्रोन का निर्माण करने वाले देश अपने महत्वपूर्ण घटकों के लिए बड़ी मात्रा में आयात और उसमें भी खासतौर पर चीन पर निर्भर हैं। इसलिए इस संदर्भ में राजनाथ सिंह ने स्वदेशीकरण को राष्ट्रीय सुरक्षा, तकनीकी संप्रभुता और दीर्घकालिक रणनीतिक मजबूती के लिए अनिवार्य बताया है।

### निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी की दरकार

उन्होंने कहा कि किसी भी देश का सशक्त रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र बड़े उद्योगों, एमएसएमई, स्टार्टअप और नवप्रर्वतकों के सामूहिक योगदान पर निर्भर करता है। जबकि इसका संचालन सरकार की स्पष्ट और दूरदर्शी नीतिगत पहलों के माध्यम से किया जाता है। रक्षा मंत्री ने निजी क्षेत्र से सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार भारत को स्वदेशी ड्रोन निर्माण के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।




# बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में 'अमोघ ज्वाला' युद्धाभ्यास संपन्न

एजेंसी ▶▶ झांसी

बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में 'अमोघ ज्वाला' अभ्यास बुधवार को संपन्न हो गया। इस अभ्यास के दौरान भारतीय सेना ने अपनी मशीनीकृत युद्ध क्षमताओं का आकलन किया, जिसमें तकनीक से लैस टैंकों को दौड़ाया गया और हेलिकॉप्टरों ने हमलावर होने की स्थिति में प्रदर्शन किया। सेना के अधिकारियों ने इसे मशीनीकृत युद्ध क्षमताओं के सत्यापन का अभ्यास बताया।



### प्रौद्योगिकी को आत्मसात करें: एलजी सेठ

लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी को आत्मसात करें। संयुक्तता और थल, वायु, साइबर, अंतरिक्ष, खुफिया निगरानी तथा इलेक्ट्रॉनिक युद्ध (ईडब्ल्यू) क्षमताओं का निर्बाध एकीकरण एक चुस्त, अनुकूलनीय और युद्ध के लिए तैयार बल के निर्माण के लिए मूलभूत हैं। उन्होंने कहा कि यह बल बहु-क्षेत्रीय अभियानों के संपूर्ण स्पेक्ट्रम में विकसित होते युद्धक्षेत्र पर प्रभुत्व स्थापित करने में सक्षम होगा।

### युद्ध तत्परता के लिए सैनिकों को दी बधाई

भारतीय सेना की दक्षिणी कमान ने 6 से 18 मार्च 2026 तक बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में इस 'अमोघ ज्वाला' अभ्यास का संचालन किया था। दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने अभ्यास के समापन का अवलोकन किया। उन्होंने भाग लेने वाले सैनिकों को उनकी व्यावसायिकता, उत्कृष्टता और युद्ध तत्परता के लिए बधाई दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109